तापमान
अधिकतम :33⁰C
न्यूनतम: 21⁰C

सेंसेक्स
80,242.24
निफ्टी
24,334.20

सोना
98,153
चांदी
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, गुरुवार 1 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 261 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 2 जिलकदा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को मिली जमानत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर




### आईपीएल के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# फिर मुसीबत में सिसोदिया व जैन

## क्लासरूम घोटाले में 'आप' नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ करप्शन का मामला दर्ज किया गया है। करप्शन का यह मामला क्लासरूम और स्कूल बिल्डिंग के निर्माण से जुड़ा है।

एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) की जांच में पता चला है कि आप के कार्यकाल के दौरान 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये का भारी घोटाला हुआ था। क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण की लागत बढ़ाकर दर्शाई गई थी। इसके अलावा निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ था। निर्माण कार्य के लिए कंसलटेंट और आर्किटेक्ट की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से की गई थी। इन्हीं के जरिए निर्माण की लागत बढ़ाई गई। एसीबी ने इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17-। के तहत अनुमति मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार का बड़ा फैसला

# राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायुसेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है।

बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी. वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।



■ रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को नियुक्त किया गया नया अध्यक्ष

### पाक समर्थित सोशल मीडिया खातों का ले. जनरल सुचिन्द्र के बारे में दावा गलत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने पाकिस्तान के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया खातों के इस दावे को गलत बताया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ले जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटा दिया गया है। पीआईबी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के समर्थन वाले सोशल मीडिया खातों से झूठा और भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है। पीआईबी ने कहा है कि ले. जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटाया नहीं गया है और वह 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे हैं तथा उनकी जगह ले. जनरल प्रतीक शर्मा को उत्तरी कमान का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।

# देश में होगी जातीय जनगणना

## कैबिनेट का अहम फैसला, देश में आजादी के बाद पहली बार होगी जाति जनगणना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गई। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डा. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमंडल समूह का भी गठन किया गया था, जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम -शेष पृष्ठ दो पर




■ बिहार विधानसभा चुनावों के पहले केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

### कांग्रेस ने फैसले का किया स्वागत, पूछा तारीख बताएं

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार शाम दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संसद में हमने कहा था कि हम जाति जनगणना करवाकर रहेंगे। साथ ही कहा था कि 50 फीसदी की जो दीवार (आरक्षण) है उसे भी तोड़ेंगे। न जाने अचानक क्या हुआ कि पीएम मोदी ने जाति जनगणना का आज ऐलान किया।

अब हम सरकार से जानना चाहते हैं कि ये कब तक होगा। तेलंगाना इस मामले में ब्लूप्रिंट बन सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि पता नहीं क्या हुआ लेकिन अचानक 11 साल बाद बुधवार को सरकार की ओर से जाति जनगणना की घोषणा कर दी गई। हम इसका पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन हम एक समयसीमा चाहते हैं। ये पहला कदम है। तेलंगाना जाति जनगणना में एक मॉडल बन गया है। हम जाति जनगणना की रूपरेखा तैयार करने में सरकार को अपना समर्थन देते हैं। बिहार और तेलंगाना इसके दो उदाहरण भी हैं। हालांकि, दोनों में बहुत अंतर है।



### गन्ने का एमएसपी 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 15 रुपये बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया है। बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना उचित एवं लाभकारी मूल्य (एमएसपी) 340 रुपये प्रति कुंतल से बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल तय कर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा गन्ना खेती के आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को लाभ मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए 3.46 रुपये प्रति कुंतल का प्रीमियम किसानों को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी निर्णय लिया है कि जिन चीनी मिलों की रिकवरी 9.5 प्रतिशत से कम है, उनके मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी। चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति कुंतल है। चीनी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर, 2025 से आरंभ होगा और मूल्य किसानों से गन्ना खरीदने के लिए लागू होंगे।

# आतंकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दे सरकार: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भाजपा तय नहीं कर पा रही है निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को इस समय भ्रमित होने की बजाय आतंकवादियों को निशाना बना कर पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया कि भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए।

सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की। फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे, लेकिन हमने अपनी बात रखी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने सीडब्ल्यूसी बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया। पार्टी ने कहा कि देश के सामने ये संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए। कांग्रेस ने इस हमले के संबंध में विशेष संसद सत्र की मांग की गई है, लेकिन उसका जवाब प्रधानमंत्री की तरफ से अभी तक नहीं आया है। पर आज जो लोग कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उन्हें 26/11 हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद करना चाहिए, जो उन्होंने मुंबई हमले के दो दिन बाद ओबरॉय होटल के सामने की थी। ऐसा कभी नहीं हुआ था, जबकि इस मामले में खुद महाराष्ट्र सरकार ने मना किया था कि आप यहां मत आइए, ये सही समय नहीं है।

### भारत ने LOC पर फायरिंग के प्रति पाक को किया आगाह

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में उपजी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों की मंगलवार रात हॉटलाइन पर बातचीत हुई, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को नियंत्रण रेखा पर अकारण फायरिंग के प्रति आगाह किया।पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवें दिन मंगलवार रात को भी जम्मू- कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। सूत्रों के अनुसार दोनों देशों की सेनाओं के संचालन महानिदेशक हर सप्ताह मंगलवार को नियमित रूप से बात करते हैं।

### गुटेरेस ने की जयशंकर व शहबाज शरीफ से बात

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है। महासचिव कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्री गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इन हमलों के लिए कानूनी तरीकों से न्याय और जवाबदेही तय करने के महत्व पर जोर दिया है। महासचिव ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और ऐसे टकराव से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके परिणाम दुखद हो सकते हैं।

### सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं। रेल भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

### रूस नहीं जाएंगे मोदी, राजनाथ होंगे 'विक्ट्री डे परेड' में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में आगामी नौ मई को होने वाले 'विक्ट्री डे परेड' समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### मणिपुर के राज्यपाल ने की स्थिति की समीक्षा

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, जीओसी, 57 माउंटेन डिवीजन मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) आशुतोष कुमार सिन्हा, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) लुफेंग कैलुन, संयुक्त निदेशक, एसआईबी, नवदीप सिंह ग्रेवाल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारी में शामिल हुए।

# कोलकाता में ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत

**कोलकाता।** मध्य कोलकाता के बड़ा बाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है। मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई। छत से कूदकर भागने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है।

### आंध्र प्रदेश में दीवार गिरने से सात की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम जिले के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर के पास बुधवार तड़के दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना कथित तौर पर तड़के करीब तीन बजे घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारी बारिश और तेज हवा के कारण दीवार गिर गई। हादसे के समय काफी संख्या में श्रद्धालु वार्षिक 'चंदनोत्सवम' उत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के 'निजरूपा दर्शन' के लिए 300 रुपये की टिकट खरीदने के लिए लाइन में इंतजार कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर एमएन हरेंधीरा प्रसाद, विशाखापत्तनम के सांसद एम. श्रीभारत और पुलिस आयुक्त शंकरब्रत बागची घटनास्थल पर पहुंचे।

### चंद्रयान-3 एपीएक्सएस ने दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में वाष्पशील तत्वों को मापा

**चेन्नई।** भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन के प्रज्ञान रोवर पर लगे अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) का उपयोग करके दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के पास शिव शक्ति स्टेशन पर मापे गए वाष्पशील तत्वों की सांद्रता का विश्लेषण किया है। एपीएक्सएस द्वारा मापी गई प्रचुर मात्रा का अन्य उपलब्ध डेटा के साथ तुलना करने पर सोडियम और पोटेशियम में असामान्य कमी का पता चला लेकिन हाइलैंड लैंडिंग साइट पर मिट्टी में सल्फर की मात्रा में वृद्धि हुई।

# गंगोत्री के साथ यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

■ दोनों धामों में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना

चिरंजीव सेमवाल

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बुधवार सुबह 10:30 बजे गंगोत्री धाम के कपाट विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस शुभ अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रथम पूजा अर्चना कर मां गंगा से देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंडवासियों के लिए यह पर्व किसी उत्सव से कम नहीं है। उन्होंने देशभर के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण देते हुए बताया कि यात्रा को सुगम बनाने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

# सिंधु जल संधि के निलंबन पर हम कितने तैयार

## सिंधु नदी क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना होगी बड़ी चुनौती

अबूबकर शिब्ली

**सहारनपुर।** बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के बाद पूरा देश प्रतिशोध की आग में जल रहा है।

इसी बीच भारत सरकार ने भी कड़ा कदम उठाते हुए लगभग 65 साल पुरानी 'अप्रासंगिक' हो चुकी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। जो भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश की वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए जरूरी भी था, लेकिन यहां एक बड़ा सवाल बार-बार विशेषज्ञों को परेशान कर रहा है कि क्या भारत वास्तव में इसके लिए तैयार है? वर्ष 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि अब भारत के लिए हितकारी नहीं रह गई थी। भारत अब 65 वर्ष पुरानी परिस्थितियों में नहीं रह गया है। तब से लेकर अब तक यहां की आबादी कई गुना तक बढ़ चुकी है। जिनकी जल की मांग पूरी करना कठिन होने लगा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि वर्तमान में लगभग 600 मिलियन भारतीय मध्यम से उच्च 'जल गरीबी' का सामना कर रहे हैं। आने वाले समय में यह संख्या और भी बढ़ सकती है। सिंधु जल संधि का निलंबन और अधिशेष जल का प्रबंधित उपयोग भारत में आसन्न गंभीर जल संकट को कम करने में मदद कर सकता है। लेकिन इसके लिए एक दीर्घकालीन एवं तार्किक रोडमैप की जरूरत होगी, क्योंकि -शेष पृष्ठ दो पर




### भारत क्या-क्या कर सकता है...

भारत राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के विशेषज्ञों की देख-रेख में इस नदी के जलाधिक्य के सदुपयोग के लिए कृत्रिम जलग्रहण उपायों का विकास करने के साथ ही सिंधु नदी क्षेत्र का पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन कराकर नवीन जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कर सकता है। इसके अलावा हिमालय नदियों के नहरीकरण की लंबित पड़ी प्रक्रिया में तेजी लाकर अतिरिक्त जल को सूखा प्रभावित क्षेत्रों या जल की कमी वाली अन्य नदियों में पहुंचाने,सिंधु नदी के जल को उत्तर भारत के अन्य राज्यों में सिंचाई तथा पेयजल हेतु आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन नेटवर्क बनाने तथा विश्व बैंक पर इस संधि की पुनर्समीक्षा के लिए दबाव बनाकर पाकिस्तान के लिए पूर्व में निर्धारित हिस्से की मात्रा घटाने की दिशा में काम कर सकता है।

# सुलह कानून के फैसलों को संशोधित कर सकती हैं अदालतें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने यह तय करने के लिए बुधवार को फैसला सुनाया कि क्या अदालतें 1996 के मध्यस्थता और सुलह कानून के तहत मध्यस्थ फैसलों में संशोधन कर सकती हैं या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने 4:1 बहुमत से फैसला सुनाया कि अदालतें मध्यस्थता और सुलह पर 1996 के कानून के तहत मध्यस्थता फैसलों को संशोधित कर सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से बहुमत से लिए गए फैसले में कहा गया है कि ऐसे फैसलों को संशोधित करने की शक्ति का प्रयोग अदालतों की ओर से सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। पीठ में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति संजय कुमार, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



## एक नजर

### भगवान परशुराम की जयंती मनाई



**हल्दौर।** नगर के मोहल्ला रईसान में स्थित डॉक्टर दुबे के क्लीनिक पर भगवान परशुराम जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। अध्यक्षता मास्टर जितेन्द्र शर्मा व संचालन अतुल शर्मा गांधी ने किया। मुख्य वक्ता पंडित चंचल वशिष्ठ ने भगवान परशुराम के जीवन, आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उन्होंने भगवान परशुराम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। भगवान परशुराम के चित्र के संमुख पूजा अर्चना की गई। श्रृद्धालुओं को प्रसाद वित. रित किया गया। ब्राह्मण सभा अध्यक्ष श्रीश शर्मा, कोषाध्यक्ष संजीव मिश्रा, नरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, संदीप दूबे, पुनीत शर्मा, अवनीश शर्मा, विशाल महंत, दीप कौशिक, संतोष भारद्वाज, अजय मोहन, संजय वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

### हल्दौर का बाजार रहा बंद



**हल्दौर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। देश भर के लोग आतंकवाद के खिलाफ जोर-शोर से आवाज उठा रहे हैं। आतंकवाद और आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने और उन्हें खत्म करने के लिए सरकार से मांग भी उठ रहीं है। व्यापार मंडल के आह्वान पर नगर के व्यापारियों व दुकानदारों ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। नगर का बाजार में कर्फ्यू जैसा नजारा रहा। नगर का बाजार पूरी तरह से बंद रहा। उधर केमिस्ट एसोसिएशन ने भी बंद में साथ दिया। उन्होंने कहा कि क्योंकि दवाइयां अति आवश्यक सेवाओं में आती है इसलिए मेडिकल स्टोर दोपहर तीन बजे से रात्रि तक बंद रहेंगे। इस अवसर पर वरुण अग्रवाल, पवन रस्तोगी, संदीप रस्तोगी, महिपाल सिंह, योगेंद्र अग्रवाल, प्रमोद देवरा आदि मौजूद रहे।

### मधुर मेमोरियल में इंफिनिटी ओलंपियाड



**स्योहारा।** मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए इंफिनिटी ओलंपियाड का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय के सीनियर कोऑर्डिनेटर अवनीश कुमार के कुशल देखरेख में संपन्न हुआ। इस ओलंपियाड का उद्देश्य छात्रों में तार्किक सोच विश्लेषणात्मक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किया। परीक्षा का संचालन पूर्णत सुव्यवस्थित और अनुशासित वातावरण में किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने अवनीश कुमार एवं आयोजन समिति के सदस्यों को इस सफल आयोजन हेतु बधाई दी एवं छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। परीक्षा के आयोजन में शिक्षक लव प्रजापति, नीरज कुमार, दीपक कुमार आदि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### बच्चों ने निकाली जन जागरूकता रैली

**नजीबाबाद।** सैंट मैरिस इण्टर कॉलेज मंडावली के छात्र, छात्राओं के द्वारा नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण जन जागरूकता पैदा करने हेतु एक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने हरी झंडी दिखाकर प्रधानाचार्या सिस्टर शांति ग्रेस के कुशल नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर प्रबंधक फादर जोस आलूकल ने कहा कि नशा एक कोढ़ की तरह फैल रहा है, हमें नशे से दूर रहना होगा। उन्होंने नशे से होने वाले नुकसान को बताया। प्रधानाचार्या सिस्टर शांति ग्रेस ने कहा कि नशा एक अभिशाप है। नशे से कई परिवार बेकार हो गए है। उन्होंने नशे से दूर रहने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। रैली कॉलेज से शुरू की गई और मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी, मंडावली के मुख्य मार्गो से होते हुए कॉलेज पर जाकर संपन्न हुई। रैली में सभी छात्र-छात्राओं ने नारे लगाते हुए ग्रामीणों से नशे से दूर रहने व पर्यावरण संरक्षण करने की अपील की। रैली में कक्षा नौ से 12 तक के छात्र, छात्राएं शामिल रहे। अध्यापक आलोक त्यागी, गजे सिंह, महेश कुमार, शैलेश कुमार, द्विजेंद्र त्यागी, शिव ओम राजपूत, रचना, विशाखा, शीबा, रूबी आदि कॉलेज स्टॉफ का सहयोग रहा।

# दिनदहाड़े मोबाइल रिचार्ज की दुकान से 50 हजार की लूट

## दुकान स्वामी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंका




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मोहल्ला अंबेडकर चौक स्थित सुहेल टेलीकॉम मोबाइल रिचार्ज की दुकान से एक अज्ञात युवक ने प्रातः दुकान स्वामी की आँखों में मिर्च पाउडर झोंक कर उसके गल्ले मे रखे पचास हजार रूपये झपट कर भाग गया।

पुलिस चौकी के सामने मोबाइल रिचार्ज की दुकान से दिनदहाड़े हुई लूट से आसपास में हड़कंप मच गया। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मोबाइल की दुकान से नगदी लूट करने वाले की खोज शुरू कर दी। देर शाम तक पुलिस ने इस संबंध में कई युवाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की लेकिन अभी सफलता हासिल नहीं हुई है। पुलिस खोज में जुटी हुई है। इस बारे में सोहेल नूर पुत्र नूर आलम निवासी मोहल्ला कटकुई पठानों का इमामबाड़ा थाना चांदपुर ने बताया कि वह सुबह 11 बजे करीब जब अपनी दुकान पर बैठा मोबाइल पर रिचार्ज कर रहा था, तभी एक अज्ञात युवक उसकी दुकान पर मोबाइल रिचार्ज कराने आया जिसने उसकी आंखों में अचानक मिर्ची झोंक कर उसके गल्ले में झपट्टा मार कर 50 हजार रूपए की रकम लेकर भाग गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## इरफान कुरैशी नगर अध्यक्ष नियुक्त

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान संगठन एकता के मंडल प्रभारी मुरादाबाद मौहम्मद फुरकान खां ने नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी इरफान कुरैशी को भारतीय किसान संगठन एकता का नजीबाबाद नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है।

मौहम्मद फुरकान खां ने इरफान कुरैशी को मनोनयन पत्र भेंट करते हुए उनसे किसानों के हित में आवाज उठाने तथा उनकी समस्याओं के हल के लिए मजबूती से लड़ाई लड़ने का आह्वान किया।

नवनियुक्त नगर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने पूरी मजबूती के साथ किसानों के हित के लिए काम करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी मौहम्मद फुरकान खान, जिलाध्यक्ष जाहिद मकरानी, ताहिर मकरानी, फुरकान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# पंचम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री शिव कृष्ण मंदिर खारी कुआं मे दो दिवसीय पंचम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सामूहिक भजन उच्चारण कार्यक्रम एवं भजन संध्या में माता जग तारिणी भवन और दीप म्यूजिकल ग्रुप के संस्थापक कुलदीप कुमार शर्मा एवं आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने अपने भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में धूम मचा दी।

मोतीलाल शर्मा तथा सुधाकर शर्मा के भजनों को भी बेहद सराहा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल अन्य भजन गायको द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों और पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित सामूहिक पूजन एवं हवन यज्ञ कार्यक्रम मे मुख्य यजमान परिवारों तथा श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए सभी सनातन परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की प्रभु के चरणों से कामना की। इस मौके पर आयोजित विशाल भंडारे में भी नगर के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या मे पहुंचे श्रद्धालु परिवारों ने प्रसाद ग्रहण किया मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन एवं हवन यज्ञ से किया गया, जिसके मुख्य यजमान दिव्य आलोक शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी बीना शर्मा, धैर्य गौड़, रिमझिम शर्मा, जिया शर्मा, वैभव शर्मा एवं अपूर्वी शर्मा, आलोक कुमार शर्मा एवं श्रद्धा शर्मा, तन्मय शर्मा, कान्हा शर्मा, वंश शर्मा, लक्ष्य शर्मा, मुरादाबाद निवासी राजू शर्मा एवं पूनम शर्मा, प्रथम शर्मा, मान्या शर्मा, नैना शर्मा रहे। जिन्होंने पूर्ण भक्ति भाव के साथ पूजन कार्यक्रम में सहभागिता की।

## चाय बेचकर पढ़ाया, बेटा बना टॉपर



### रोहन प्रजापति ने हासिल किए 87.6 प्रतिशत अंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक गरीब परिवार के बेटे रोहन प्रजापति ने इंटर की परीक्षा में 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में टॉप किया। परिजनों ने लोगों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

नगर के मौहल्ला लाल सराय निवासी तहसील परिसर में कैंटीन चलाने वाले फूल सिंह प्रजापति के पुत्र रोहन कुमार प्रजापति ने हिन्दू इंटर कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर इंटरमीडिएट (पीसीएम) में 87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में टॉप किया, रोहन की माता ग्रहणी हैं। रोहन उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने मन में इंजीनियर बनने का सपना संजोए हैं।

उसने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया है। अच्छे अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप करने वाले रोहन के पिता, माता संतोष देवी आदि परिवार के लोगों ने मिठाई खिलाकर बेटे का मान बढ़ाते हुये उसके उज्वल भविष्य की कामना की।

## निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के गार्डर गिरने के बाद ग्रामीण चौकन्ने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** कस्बे में बन रहे निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के गार्डर गिरने के बाद ग्रामीण चौकन्ने रहे। बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। एनएचएआई के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

कोतवाली देहात में मंगलवार की रात बन रहे ओवर ब्रिज से दो गार्डर टूट कर क्रेन पर गिर गए। इसके चलते बड़ा हादसा टल गया। देर रात तक मामला चलता रहा। बुधवार को अधिकारियों ने कोतवाली देहात पहुंच कर मामले का जायजा लिया। अधिकारियों का कहना है कि क्रेन चालक की गलती से हादसा हुआ। उस समय ट्रैफिक बेहद कम था। यदि ट्रैफिक चलता होता तब बड़ा हादसा हो सकता था।

उधर पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अरविंद विश्नोई ने बताया कि ओवर ब्रिज निर्माण के चलते नाला निर्माण में बेहद लापरवाही बरती गई है। कई स्थानों पर जल भराव हो रहा है। नाले की लंबाई भी कई स्थानों पर कम और ज्यादा कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरब्रिज निर्माण में बेहद देरी की जा रही है। कुछ दिन काम चलने के बाद काम रोक दिया जाता है। कस्बे वासियों ने अति शीघ्र निर्माण करने की मांग की है।

### मानक अनुसार निर्माण सामग्री नहीं लगाने का आरोप

युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी का कहना है कि ओवर ब्रिज निर्माण में मानक के अनुरूप निर्माण सामग्री नहीं लगाई जा रही है। इसके चलते एक बार पहले भी एक गार्डर चटक चुका है। कोई बड़ी दुर्घटना ना हो इसके लिए अधिकारियों को निर्माण सामग्री की जांच करानी चाहिए। मानक के अनुसार ही निर्माण सामग्री का प्रयोग होना चाहिए।

## बारात में चढ़त के दौरान डांस करते समय मारपीट, दो घायल

**नहटौर।** नहटौर क्षेत्र के गांव हरपुर निवासी योगेश की बारात बुधवार को नहटौर क्षेत्र के गांव महमूदपुर बुजुर्ग में गई थी। बताया जाता कि बारात चढ़त के दौरान डांस करने को लेकर बाराती आपस में ही भिड़ गए और आपस में मारपीट शुरू होने से बारात में हड़कंप मच गया। मारपीट के दौरान अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। बारात चढ़त के दौरान बारातियों में आपस में मारपीट होने से लोग इधर उधर हो गए। मारपीट कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच बचाव कराया। मारपीट में धर्मेंद्र पुत्र रंजीत व एक अन्य अजय कुमार घायल हो गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि जांच की जा रही है।



## एक नजर

### प्रभात कुमार तहसील अध्यक्ष नियुक्त



**स्योहारा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन की एक बैठक गांव सत्तोनंगली में हुई। इस बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला सोशल मीडिया सचिव हिमांशु कुमार व ब्लॉक अध्यक्ष स्योहारा सुरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। विचार-विमर्श के पश्चात समर्पित कार्यकर्ता पूर्व प्रधान प्रभात कुमार को धामपुर तहसील अध्यक्ष नियुक्त करते हुए जिला महासचिव नईम मलिक द्वारा उन्हें नियुक्तिपत्र सौंपा गया। इस अवसर होरी सिंह, भगंवत सिंह, चंद्रपाल सिंह, अमर सिंह, धन सिंह, ग्रोवर सिंह, लाल सिंह, धर्मवीर सिंह, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, रामावतार सिंह, रामचंद्र सिंह, रणवीर सिंह, रमेश सिंह, घसीटा सिंह, रजनीश सिंह, कैलाश सिंह, जबर सिंह, सत्यपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह, विकास कुमार व हरीश सिंह बड़ी संख्या में भीम आर्मी भारत एकता मिशन कार्यकर्ता तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पालिका बोर्ड की बैठक रद्द



**हल्दौर।** पालिका कार्यालय में आज विकास कार्यों संबंधी बोर्ड की बैठक तय थी। करीब 11 बजे पालिका सभासद वरुण अग्रवाल, ऋषभ रस्तोगी, चंद्रपाल सिंह, रिंकी रानी, बालेश देवी, सरिता देवी, दयावती रानी, मोहम्मद राशिद, ललित कुमार, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह, हेमंत सिंह, यशोदा रानी, संगीता रानी आदि 24 सभासद निर्धारित समयानुसार बैठक में पहुंच गए। आरोप है कि करीब एक घंटा प्रतीक्षा करने के बावजूद भी चेयरपर्सन बैठक में नहीं पहुंची। चेयरपर्सन के बैठक में नहीं पहुंचने से बैठक रद्द कर दी गई। नाराज सभासदों ने पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार की तालाबंदी कर जमकर हंगामा किया। पालिका अधिशासी अधिकारी सीमा वर्मा ने सभासदों को समझा कर शांत करने का प्रयास किया। सभासद अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। सभासद मामले की शिकायत डीएम के समक्ष करने का निर्णय लेकर चले गए। पालिका चेयरपर्सन पति दीपक सैनी का कहना है कि उनकी पत्नी विमला देवी की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके कारण वह बोर्ड की बैठक में पहुंचने से असमर्थ रही।

### मिलेनियम में फ्रूट्स प्रतियोगिता




**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में आज फ्रूट्स प्रतियोगिता का आयोजन मां सरस्वती को पुष्प अर्जित करके किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह व प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवी तक के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कक्षा 2 की हदिया ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर कक्षा 4 की शिवन्या रही। तृतीय स्थान पर कक्षा 4 के अलमास रहे। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत सभी छात्र-छात्राओं ने चार्ट पेपर, पंक्तियों के द्वारा व फलों की चाट बनाकर कार्यक्रम में अपना प्रदर्शन दिखाया। इस अवसर पर विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान, नौशाद परवीन, संचिता वर्मा, शिवानी, सतेंद्र कुमार, सोनवीर सिंह, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### महिला को सांप ने डसा

**नहटौर।** गांव शेखुपुरा लाला निवासी 35 वर्षीय बेबी रानी पत्नी वीरेंद्र सिंह अपने घर की छत पर किसी काम से गई थी। इसी दौरान सांप ने डस लिया। बुधवार को महिला को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया है। महिला की हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि वैक्सीन अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सांप काटने जैसी स्थिति में झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़े।

### थानाध्यक्ष ने किया पैदल गश्त

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना प्रभारी योगेश मावी ने एसआई कर्मवीर सिंह तालान, एसआई जगत सिंह और दर्जन भर सिपाहियों के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त किया। पुलिस ने व्यापारियों को सुरक्षा का पूरा अहसास दिलाया। साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी निगरानी रखी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में ....**

संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यों में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है, वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव में न आए, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गो को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था, तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितम्बर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठाई गई जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनी. ति में उलटफेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

**गंगोत्री के साथ...**

राज्य सरकार की सभी तैयारियां पूर्ण हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी की भोग मूर्ति (चल विग्रह) को गर्भगृह में स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से धाम में पहली पूजा संपन्न कराई गई। कपाट खुलते ही गंगोत्री धाम 'हर-हर गंगे' के जयकारों से गूंज उठा और मंदिर प्रांगण में फूलों की वर्षा की गई। धाम में उपस्थित तीर्थ यात्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने मुख्यमंत्री धामी के समक्ष झांगला मोटर मार्ग निर्माण की मांग भी रखी। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किए तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। चारधाम यात्रा की परंपरा वामावर्ती क्रम में होती है, जिसमें यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ शामिल हैं।

गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, सचिव सुरेश सेमवाल, विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, मुख्यमंत्री के गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, अपर जिलाधिकारी पी.एल. शाह, डुंडा के उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, भटवाड़ी की उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी, पालिकाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, रावल रवीन्द्र सेमवाल व संजीव सेमवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी एस.एल सेमवाल, उप जिलाधिक. ारी बृजेश कुमार तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव उनियाल, सचिव सुनील उनियाल खंड विकास अधिकारी नौगांव प्रकाश पंवार भी मौजूद थे।

**सिंधु जल संधि...**

इस मामले में थोड़ी भी लापरवाही गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर सकती है। दरअसल, सिंधु महज एक नदी नहीं है। बल्कि एक प्रणाली है, जो अनेक छोटी बड़ी अंतराष्ट्रीय नदियों के अतिरिक्त चिनाब, झेलम, रावी, व्यास, सतलुज जैसी विशाल जल राशि वाली नदियों से मिलकर बनती है। इन पांचों नदियों को सम्मिलित रूप से 'पंचनद' कहा जाता है। साथ ही यह नदी प्रणाली लद्दाख व कश्मीर जैसे पारिस्थितिकी रूप से अति संवेदनशील क्षेत्र से होकर बहती है। यह क्षेत्र पहले से ही पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है। भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा ने पारिस्थितिकी विशेषज्ञों को एक बार फिर से चिंतित कर दिया है। उनका कहना है कि सिंधु नदी तंत्र प्रतिदिन भारी मात्रा में जलराशि का परिवहन करता है। जो प्राकृतिक रूप से तिब्बत से शुरू होकर भारत व पाकिस्तान के रास्ते बहते हुए अरब सागर में जाकर मिल जाता है।

ऐसे में यदि इसके मार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया गया तो यह पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भयंकर बाढ़ व भूकंप जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं को दावत देना होगा। जिससे भारी जन-धन की हानि होगी। साथ ही हिमालय के प्राकृतिक पर्यावरण के लिए भारी असंतुलन उत्पन्न होगा। यह नदी अनेक वितरिकाओं में बंटकर अन्य मार्गो का अनुसरण करने लगेगी। जिससे लद्दाख, कश्मीर से लेकर पंजाब व हरियाणा तक की मानव बस्तियां खतरे में आ जाएंगी।

इतना ही नहीं दीर्घकाल में यह पूर्वोत्तर भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी को भी प्रभावित कर सकती है। क्योंकि सिंधु, सतलुज और ब्रह्मपुत्र नदियों के उत्पत्ति बिंदु लगभग एक ही हैं। जो तिब्बत क्षेत्र की मानसरोवर रेंज में स्थित हैं। यह तो साफ है कि सिंधु जल संधि अब भारत की मौजूदा जरूरतों से मेल नहीं खा रही थी। साथ ही पाकिस्तान की 'नापाक हरकतों' पर लगाम लगाने और उसे यह संदेश कि 'पानी और खून साथ साथ नहीं बह सकते', देने के लिए इस संधि का निलंबन जरूरी भी था, लेकिन जरूरी यह भी है कि भारत सरकार जल्दबाजी से बचते हुए बहुत सोच समझ कर विशेषज्ञों की राय से साथ इस दिशा में आगे बढ़े। ताकि हिमालय के अति संवेदनशील क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले संभावित पारिस्थितिकी सरोकारों को न्यूनतम किया जा सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीनादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फारूख हत्याकांड में पत्नी अमरीन गिरफ्तार

## वारदात के बाद हिरासत में लिए गए मेहरबान व उमर का भी चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने बहुचर्चित फारूख हत्याकांड में उसकी पत्नी अमरीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व वारदात के बाद हिरासत में लिए गए अमरीन के प्रेमी मेहरबान व उमर का भी पुलिस ने चालान कर दिया है। अमरीन व मेहरबान के इश्क ने कई परिवारों को बर्बाद कर दिया है। यह मामला किरतपुर सहित जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 28 अप्रैल की शाम को किरतपुर पुलिस को ग्राम रामपुर आशा के जंगल में फायरिंग की सूचना प्राप्त हुई थी। यह सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। मौके पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। जिसके पीठ और हाथ पर गोली लगी थी। फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए थे। मौके पर मौजूद सूचनाकर्ता ने बताया कि लगभग पांच बजे उसने तीन व्यक्तियों को एक बाइक पर आते देखा था। फायरिंग की आवाज सुनकर उसने खेत मालिक को सूचना दी थी, जो लगभग आधे घंटे में मौके पर पहुंचे और दो लड़कों को एक मोटर





मृतक की पत्नी व दोनों हत्यारोपी

साइकिल से भागते देखा। मृतक की शिनाख्त फारूख पुत्र हसीनुद्दीन निवासी मौहम्मद ढोलकियान, कस्बा व थाना किरतपुर के रूप में हुई थी। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गई थी।

घटना के संबंध में मृतक के बड़े भाई नईम ने थाना किरतपुर पर तहरीर दी थी कि मेहरबान पुत्र अहसान व उमर पुत्र जुल्फुकार निवासीगण मौहल्ला अफगानान, कस्बा व थाना किरतपुर एक राय होकर वादी के भाई को मोटर साइकिल पर अपने साथ ले गए थे। जिन्होंने वादी के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर मु.अ.सं. 94/2025 धारा 103(1)/3/(5) बीएनएस में पंजीकृत किया गया था। इस मामले में पुलिस ने मेहरबान पुत्र अहसान एवं उमर पुत्र जुल्फकार निवासीगण मौहल्ला अफगानान, कस्बा व थाना किरतपुर को मृतक की पत्नी अमरीन निवासी मौहल्ला ढोलकियान के साथ ही वारदात के अगले दिन हिरासत में ले लिया गया था। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही थी। लेकिन पुलिस ने बीती रात एक मुठभेड़ दिखाई। जिसमें मेहरबान व उमर को गिरफ्तार दिखाया। कथित मुठभेड़ में मेहरबान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया तथा इसके साथी उमर की भी गिरफ्तारी दिखाई गई। पुलिस के मुताबिक घायल अभियुक्त मेहरबान व आरक्षी राहुल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो तमंचे 315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक मिस कारतूस व चार जिन्दा कारतूस 315 बोर, अभियुक्त मेहरबान की मोटर साइकिल संख्या यूपी 20 सीक्यू 9046, पत्थर, मृतक फारूख की मोटर साइकिल संख्या यूपी 20 एएस 5788, मृतक का फोन वीवो रंग नीला, एक लेडीज अंगुठी बरामद की गई। मुठभेड़ के संबंध में थाना किरतपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 96/2025 धारा 109 (1)/3 (5) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त मेहरबान का मृतक फारूख की पत्नी अमरीन से पिछले लगभग पांच वर्ष से प्रेम-प्रसंग था। जिसकी जानकारी फारूख को थी। इसी बात को लेकर फारूख अपनी पत्नी अमरीन के साथ अक्सर मारपीट करता था। जिससे अमरीन अपने पति फारूख से परेशान रहती थी और वह अभियुक्त मेहरबान के साथ रहने की जिद करती थी। इसी बात को लेकर मेहरबान ने अपने दोस्त उमर व अमरीन के साथ मिलकर फारूख की हत्या करने की योजना बनायी। योजना के अनुसार 28 अप्रैल को मेहरबान व उमर, फारूख को बीयर पिलाने के बहाने जंगल में ले गए तथा फारूख की मोटर साइकिल को घटनास्थल से आधा किलो मीटर पहले खड़ा करवा कर तीनों मेहरबान की मोटर साइकिल पर बैठकर जंगल में पहुंच गए। इसके बाद मेहरबान व उमर ने फारूख की पीठ पर पीछे से बारी-बारी से तमंचे से गोली मार दी, जिसमें से दो गोली मृतक फारूख की कमर में लगी तथा उसके बाद वहीं पड़े पत्थर से उसके हाथ व सिर पर वार किया तथा शव को खींचकर खेत किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने आज मृतक की पत्नी अमरीन की भी गिरफ्तारी दिखाई है।

दूसरी तरफ बहुचर्चित फारूक हत्याकांड को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। अमरीन को लेकर महिलाओं में भी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### अवैध संबंधों की वजह से हो रही जनपद में हत्याएं

**बिजनौर।** जनपद में ज्यादातर हत्याएं अवैध संबंधों की वजह से हो रही हैं। किसी की हत्या अवैध बनाने में रुकावट पैदा करने की वजह से होती है और किसी की हत्या अवैध संबंध न बनाने की वजह से होती है। चरित्रहीनता के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। विदेशों में रहने वाले पुरुषों की पत्नियों व बेटियों की आशिक मिजाजी के मामले ज्यादा बढ़ गए हैं। इसकी वजह से परिवारों में तनाव रहता है और आगे चल कर परिवार टूट जाते हैं। पराए मर्दों का घरों में प्रवेश एवं मोबाइल के माध्यम से सम्पर्क में आना खतरे से खाली नहीं होता है। शुरूआत मीठी-मीठी बातों से होती है और अंजाम बिस्तर गर्म करने तक पहुंच जाता है। संयुक्त परिवारों में तो अभी भी चरित्रहीनता के मामले कम है। लेकिन जो परिवार अलग रहता है, उसमें इस तरह के मामले ज्यादा देखे जा रहे हैं।

# स्योहारा के थाना प्रभारी अमित कुमार ने पत्रकारों को दी गंदी गालियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्योहारा के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरियों पर लगाम कसने में नाकाम रहने के बाद पत्रकारों के द्वारा इसकी खबरें प्रकाशित करने पर आपा खो दिया। उन्होंने डीजीपी के द्वारा आम आदमी के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के आदेशों को लात मारते हुए पत्रकारों को गंदी गालियां दी। जिसकी आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

गौरतलब है कि स्योहारा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें लगातार हो रही हैं। साथ ही मिट्टी का अवैध खनन भी डीएम के द्वारा रोक लगाने के बावजूद खुलकर हो रहा है। स्योहारा थाने में आने वाले फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार भी नहीं किया जाता है और उल्टा फरियादियों को लौटा दिया जाता है। मीडिया में बढ़ती चोरियों की खबरें प्रकाशित होने से बौखलाएं प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने पत्रकारों को ही गालियां बकनी शुरू कर दी। उनकी ओडियो

### पत्रकारों में फैला जबरदस्त गुस्सा

सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जैसे ही पत्रकारों को प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के द्वारा उन्हें मां-बहन की गंदी गालियां देने के बारे में पता चला, तो उनमें गुस्सा फैल गया। बिजनौर से लेकर लखनऊ तक गालीबाज प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार की गंदी करतूत सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिससे पुलिस विभाग की किरकिरी हो रही है। कहा जा रहा है कि इस तरह के व्यक्ति को कैसे थाने का चार्ज दे दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में पूरा मामला आ गया है। वह अपने स्तर से जांच करा रहे हैं। उनकी जांच कब पूरी होगी और कर गालीबाज प्रभारी निरीक्षक को सस्पैंड किया जाएगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन स्योहारा के पत्रकारों को जिस तरह से गालियां बकी गई हैं, उससे पूरे जनपद के पत्रकारों में गुस्सा है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**नहटौर।** क्षेत्र के गांव नरगदी गंधु निवासी आकाश पुत्र जयपाल बाइक से आ रहा था। इसी दौरान बुधवार के सांय करीब 6:00 बजे आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास उसकी बाइक की भिड़ंत ट्रैक्टर से हो गई। जिसमें आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि जांच की जा रही है।

### बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**शेरकोट।** मंझोली, मुरादाबाद निवासी सचिन पुत्र ओमी, लोकेंद्र पुत्र सोहन और धर्मेंद्र पुत्र धर्मपाल बुधवार की देर रात एक विवाह समारोह से शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहे थे। जब वे हरेवली में पुलिस चौकी के निकट पहुँचे, तभी एक अन्य बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। एक युवक की हालत गम्भीर बताई जा रही है। घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया



**बिजनौर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा 22 अप्रैल को कशमीर राज्य के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों के बाद देश के हालात को दृष्टिगत रखते हुए आज प्रात: नौ बजे नई बस्ती बिजनौर में गणेश ठाकुर के आवास पर भगवान विष्णु के छठे आवेश अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अत्यंत सादगी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्प अर्पित किए गए। उपस्थित ब्राह्मण बंधुओं ने भगवान परशुराम से संपूर्ण विश्व में शांति बनाए रखने की कामना की। इस अवसर पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा एड., महामंत्री डॉ. सत्येंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, एड. श्याम स्वरूप शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, व्यापारी नेता राजेंद्र गौतम, राम मूर्ति गौतम, सूर्यकांत दुबे, अशोक कुमार शर्मा आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

# रेलवे के पोल पर चढ़ा बालक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** आजकल के मासूम बच्चे पतंग लूटने या पतंग बाजी के चक्कर में अपनी जान को खतरे में डाल रहे हैं। लेकिन आज की खबर दिल दहलाने वाली है। एक मासूम बच्चा कबूतर पकड़ने के चक्कर में रेलवे के पोल पर चढ़कर कबूतर के पकड़ने का प्रयास भारी पड़ गया।

सूत्रों के अनुसार बुधवार देर शाम भारतीय स्टेट बैंक के पास रसूलपुर सहसपुर देहात निवासी मुन्ना 11 वर्ष पुत्र इरशाद बुधवार देर शाम रेलवे स्टेशन मेवा नवादा रेलवे लाइन के पोल चढ़कर कबूतर पकड़ने का प्रयास कर रहा था।

### कबूतर पकड़ने के लिए जोखिम में डाली जान

44000 की हाइटेंशन की चपेट में आकर विद्युत धारा प्रवाहित (बिजली) ने तीव्रता के साथ धरा पर फेंका।

आनन - फानन में कुछ लोगों ने मुन्ना को उठाकर उसके आवास पर ले गए। वहां उसके परिजन तुरंत मुरादाबाद के निजी अस्पताल में ले गए। समाचार लिखे जाने तक बालक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# अनियंत्रित कार खाई में गिरी

## एक महिला की मौत, दो लोग गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम पुरैनी टोल प्लाजा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में जा गिरी जिससे दो लोग घायल हो गए और एक महिला की मृत्यु हो गई।

पुरैनी टोल प्लाजा के पास बुधवार को दोपहर दो बजे हल्द्वानी से देहरादून जा रहे एक परिवार की टाटा पंच कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। कार में सवार 65 वर्षीय सुरेंद्र मोहन जोशी, उनकी पत्नी विभा जोशी और बहन मीरा जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। रिटायर्ड वन



अधिकारी सुरेंद्र मोहन जोशी देहरादून के थाना बसंत विहार के अंकित पुरम कॉलोनी के निवासी हैं।


घटना की सूचना मिलते ही मंझेड़ा चौकी इंचार्ज एसआई श्रीपाल तेवतिया और थाना प्रभारी तेजपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को एंबुलेंस द्वारा तुरंत सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया। मीरा जोशी को गंभीर चोटें आई थीं। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने सुरेंद्र की पत्नी विभा जोशी को जिला चिकित्सालय बिजनौर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका मीरा जोशी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान आज से करेंगे साइकिल की सवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान कल (आज) से एक बार फिर साइकिल की सवारी करेंगे। कल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में लखनऊ में उन्हें समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल किया जाएगा।

गौरतलब है कि धामपुर के ग्राम नौरंगाबाद निवासी मूलचंद चौहान पूर्व में भी सपा में थे। वह सपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। इसके बाद उन्होंने बसपा के टिकट पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ा था। लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए थे। उनका धामपुर विधानसभा क्षेत्र में अच्छा खासा जनाधार है। बसपा की राजनीति में वह फिट नहीं बैठ पा रहे थे। समय-समय पर उनके सपा में शामिल होने की चर्चाएं होती रहती थी। लेकिन मामला टलता गया। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान एवं उनके पुत्र व जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन

### समर्थकों में दौड़ी खुशी की लहर

ठाकुर अमित चौहान सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लगातार सम्पर्क में थे। बताया जाता है कि कल (आज) लखनऊ स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक बार फिर उन्हें पार्टी में शामिल करेंगे। उनके समर्थकों को भी पार्टी में शामिल किया जाएगा। जिसके बाद बिजनौर में भी कार्यक्रम होगा। पार्टी अध्यक्ष के द्वारा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन को भी लखनऊ बुलाया गया है। वह अपनी टीम के साथ आज लखनऊ पहुंच गए है। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के समर्थक पार्टी में मौजूद नेता भी लखनऊ जा रहे हैं। जिसमें सबसे प्रमुख नाम पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन का है। उनके अन्य समर्थक भी बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंच रहे है। धामपुर विधानसभा क्षेत्र में मौजूद उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वह मान रहे है कि धामपुर के अगले विधायक मूलचंद चौहान बनेंगे।

# धामपुर में महाराष्ट्र पुलिस की दबिश

## दुष्कर्म के आरोपी लायन ग्रुप ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराष्ट्र की संस्था लायन ग्रुप राष्ट्रीय अध्यक्ष इन दिनों गंभीर आरोपों की जद में है। महाराष्ट्र निवासी एक युवती द्वारा लगाए गए दुष्कर्म के आरोप के बाद से आरोपी की तलाश में महाराष्ट्र पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के धामपुर तक पहुंच गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती ने महाराष्ट्र में संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने लायन ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी कोर कमेटी सदस्य जो कि धामपुर निवासी है तथा मौजूदा समय में पिछले काफी समय से महाराष्ट्र में रह रहा है उस पर विश्वास में लेकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। केस दर्ज होते ही महाराष्ट्र पुलिस हरकत में आई और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर आरोपी की लोकेशन उत्तर प्रदेश के धामपुर में पाई गई।

पुलिस की एक टीम पिछले कुछ दिनों से धामपुर में डेरा डाले हुए है और कई संभावित ठिकानों पर दबिश दे चुकी है, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस सूत्रों की मानें तो आरोपी राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय और प्रभावशाली है, जिस वजह से उसकी गिरफ्तारी में मुश्किलें आ रही हैं। आरोपी आजाद समाज पार्टी कोर कमेटी का भी पदाधिकारी है। फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। विपक्षी दलों ने जहां इसे 'राजनीतिक बदले की कार्रवाई' बताया है, वहीं पीड़िता की तरफ से इंसाफ की मांग को लेकर कई महिला संगठनों ने आवाज बुलंद की है।

उधर पुलिस का कहना है कि वह महाराष्ट्र पुलिस को सहयोग कर रही है, लेकिन आरोपी की लोकेशन फिलहाल ट्रेस नहीं हो पा रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम इस पूरे अभियान को गोपनीय ढंग से संचालित कर रही है। अब देखना यह है कि क्या आरोपी जल्द ही कानून की गिरफ्त में आएगा या फिर राजनीतिक ताकतें एक बार फिर न्याय की राह में दीवार बन जाएंगी।

### अक्षत तृतीया व परशुराम जयंती पर अवकाश की मांग

चांदपुर। सीनियर बार एसोसियेशन तहसील चांदपुर की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष सतीशचंद्र त्यागी एडवोकेट की अध्यक्षता एवं महासचिव महेन्द्र तोमर के संचालन में हुयी। बैठक में उपस्थित समस्त अधिवक्तागणों ने आज 30 अप्रैल को अक्षत तृतीय पावन पर्व व महर्षि परशुराम जयंती के पर्व के उपलक्ष्य में आज के दिन कोई न्यायिक कार्य न करने का निर्णय लिया तथा मांग की गई कि अक्षत तृतीय व महर्षि परशुराम जयंती के पावन पर्व पर अवकाश घोषित किया जाये। बैठक मे निर्णय लेते हुए आज 30 अप्रैल को समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। बैठक मे एसोसियेशन के समस्त पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# वृद्धा की हत्या के मामले में पुत्र, पुत्रवधू व रिश्तेदार बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सोमवार को दिए गए निर्णय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनुपम सिंह ने हत्या के एक मामले में वृद्ध के पुत्र, पुत्रवधू व पुत्र वधू के भाई को बरी किया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार 11 जनवरी 2024 को ग्राम अजूपुरा रानी थाना नगीना देहात में वृद्ध फिरोजा खातून की उसी के घर में धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई थी। इसके संबंध में मृतका की पुत्री अंजुम द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 12/2024 दर्ज कराई गई। विवेचना उपरांत मृतका की पुत्रवधु उजमा व पुत्र दानिश निवासीगण ग्राम अजुपुरा रानी तथा उजमा के सगे भाई नदीम निवासी गजरौला पेमार थाना नजीबाबाद के खिलाफ धारा 302/34 के तहत और आरोप पत्र प्रस्तुत हुआ। हत्या का मामला चश्मदीद साक्ष्य का नहीं था बल्कि परस्थिति जन्म साक्ष्य पर आधारित था। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य से अभियोजन पक्ष संतोष जनक हेतु अंतिम बार मृतका का व अभियुक्तगण का एक साथ देखा जाना घटना का पूर्ण क्रम साबित करने में असफल रहा। हत्या में प्रयुक्त हथियार मुलजिमान के कब्जे से बरामद न होना फिंगरप्रिंट न लिया जाना, मुलजिमान के खून आलूदा कपड़े बरामद न होना भी पाया गया। अभियुक्तगण द्वारा न्यायालय में साबित किया गया कि वे घटना से पूर्व उजमा का अल्ट्रासाउंड कराने बिजनौर गए हुए थे। अभियुक्तगण की ओर से पैरवी निशात अहमद एडवोकेट वह वीपी सिंह एडवोकेट ने की।

### बस की चपेट में आकर व्यक्ति घायल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा में थाने चौराहे पर एक रोडवेज बस की चपेट में आकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के ग्राम सिकरा औंधा निवासी नरेंद्र पुत्र वीर सिंह उम्र करीब 30 वर्ष हीमपुर दीपा थाना चौराहे पर सड़क पार करते समय अचानक रोडवेज बस यूपी 20 टी 7254 की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । थाना प्रभारी हीमपुर दीपा ने बताया कि घायल खतरे से बाहर है और रोडवेज बस चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए। तहरीर आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पालिका के तालाब पर कब्जे की कोशिश

### जेसीबी से मिट्टी उठाकर कब्जे में ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास तालाब के किनारे मिट्टी डालकर अवैध कब्जे की सूचना पर पालिका की टीम जेसीबी लेकर पहुंची और उसने डाली गई मिट्टी को वहां से उठाकर अपने कब्जे में ली है।

जानकारी के अनुसार नूरपुर मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल के पास पुलिया के निकट तालाब है। बताया जाता है कि उक्त तालाब नगर पालिका है। बुधवार की सांय करीब सात बजे तालाब किनारे दो ट्राली मिट्टी डाली गई थी। मिट्टी डालकर तालाब पर कब्जा की



कोशिश करने की सूचना पर नगर पालिका की टीम में वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार, शाहजेब, अतुल कुमार, दीपक कुमार आदि जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे।

नगर पालिका की टीम ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी से ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी भरकर अपने कब्जे में लिया। नगर पालिका की टीम को देखकर हड़कंप मच गया। पालिका ईओ ओम गिरी का कहना है कि जांच की जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# लापता ग्रामीण का शव मिला

## धारा नदी के पुल के पास मिला शव, गुलदार द्वारा मारकर खाने की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** थाना क्षेत्र के गांव कल्लूवाला में धारा नदी के पुल से कुछ दूरी पर सूखी पड़ी धारा नदी में एक व्यक्ति का क्षत विक्षत शव मिला। नदी के पास ही ग्रामीण दिलबाग सिंह बग्गा निवासी कल्लूवाला का खेत है। बुधवार सुबह वह अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान उन्होंने पास में शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पुलिस व अन्य ग्रामीण भी पहुंच गए, जिसमें कपड़ों और जूते के द्वारा परिजनों ने मृतक की पहचान लगभग 52 वर्षीय अमर सिंह सैनी पुत्र स्वर्गीय अनूप सिंह सैनी निवासी गांव कल्लूवाला के रूप में की। परिजनों के मुताबिक वह लगभग 15 दिन से लापता था। परिवार वालों ने काफी तलाश भी की परंतु उसका कोई पता नहीं चला। मृतक के परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी। बुधवार सुबह गांव



निवासी वीरवार सिंह अपने गन्ने के खेत पर गए तो उन्होंने सूखी पड़ी नदी के अंदर कंकाल पड़ा देखा। थाना प्रभारी किशन अवतार के मुताबिक शव बिल्कुल सड़ी गली अवस्था में है। पेट, पैरों और सिर आदि पर मांस भी नहीं है। आशंका है कि गुलदार या किसी वन्य जीव ने उसको मारकर खाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया गया है। मृतक के तीन विवाहित बच्चे हैं। इनमें राजू सैनी 28 वर्ष, ओमप्रकाश 25 वर्ष व पिंकी 23 वर्ष है जबकि मृतक की पत्नी उर्मिला देवी 4-5 वर्ष पूर्व घर छोड़कर कहीं चली गई।

## बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**किरतपुर।** समीपवर्ती ग्राम बरमपुर के पास रेलवे लाइन पर 72 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक बुजुर्ग का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार समीपवर्ती ग्राम बरमपुर में स्थित मालान नदी के पुल के पास रेलवे लाइन को पार करते समय एक 72 वर्षीय बुजुर्ग मालगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। आसपास में खेतों पर काम कर रहे लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने मृतक बुजुर्ग की शिनाख्त करने का प्रयास किया तो मृतक की पहचान विशंभर पुत्र मुसद्दी उम्र निवासी पूंडरी कला थाना नांगल के रूप में हुई। बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में कटने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कर दिया।

## उत्तराखंड की सीमा पर तार बाढ़ करने की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** उत्तराखंड की सीमा पर तारबाढ़ नहीं होने से उत्तराखंड कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन्यजीव सड़कों पर आते जाते देखे जा सकते हैं, जिससे कॉलोनी व आसपास के ग्रामीणों में खौफ का माहौल है। कई बार उत्तराखंड प्रशासन वन विभाग से सीमा पर कटीले तारबाढ़ करने के लिए गुहार लगाई लेकिन वन विभाग पर शिकायत का कोई असर नहीं हुआ।

आए दिन कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से निकलकर वन्य जीव सड़कों के बीचों-बीच देखे जाते हैं। कई बार आने जाने वाले व्यक्तियों की टक्कर वन्यजीवों से होते-होते बची। उसके बावजूद भी वन विभाग ने टाइगर, हाथी आदि जंगली जानवरों की रोकथाम के लिए कोई ठोस कारगार उपाय नहीं किया। कोई ठोस उपाय न होने से वन्य जीव की जान पर भी बनी रहती है। साथ ही मनुष्य को भी टक्कर लगने व हमले का भय सताता रहता है। लेकिन किसी भी कार्यवाही का वन प्रशासन पर कोई असर नहीं देखा गया है। लगातार टाइगर की चहल कदमी व टाइगर के हमलों से

### सड़कों पर आ जाते हैं वन्य जीव

ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल है। जैसे ही टाइगर सड़कों पर दिखाई देते हैं आने जाने वालों लोगों की भीड़ सड़कों पर एकत्र हो जाती है। वहीं टाइगर के बढ़ते हमलों से ग्रामीण भी डरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इन टाइगरों की चहल कदमी की सूचना वन विभाग को कई बार दी। लेकिन वन विभाग के कानों पर जूं तक नही रेंगी। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में टाइगर को देखने के लिए सैलानियों की भीड़ से लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। लेकिन इन टाइगरों की सुरक्षा के लिए दीवार व तार बाढ़ नहीं हो सकती हैं। इन टाइगरों को देखने के लिए बड़ी दूर-दूर से पर्यटक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व आते हैं। यही टाइगर लोगों के लिए घातक सिद्ध होते हैं, जिनको रोकने के लिए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व ने सीमाओं पर दीवार या तार बाढ़ नहीं की। जिससे इन वन्यजीवों को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंदर रोका जा सके। ग्रामीण भी अपनी सुरक्षा महसूस कर सकें।

# एपेक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एपेक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। हॉस्पिटल देख कर नूरपुर की जनता ने एपेक्स हॉस्पिटल को नूरपुर के लिए लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सौगात बताई।

इस मौके पर बिजनौर के वरिष्ठ डॉ. प्रकाश, डॉ. वीरेंद्र डॉ. उज्जवल पाल, डॉ. अतुल यादव, डॉ. हरिपाल, डॉ. इंदु मिश्रा, डॉ. अरुण चौधरी, डॉ. अभिमन्यु, डॉ. जुनैद, डॉ. दानिश आदि मौजूद रहे तथा नूरपुर के चेयरमैन डॉ एम.पी. सिंह, पूर्व मंत्री महावीर सिंह एवं पुष्पेंद्र शेखावत तथा सपा के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन, राजपूत करनी सेना अध्यक्ष प्रदीप राजपूत, व्यापार मंडल से तसलीम अहमद, रवीन्द्र, असलम मलिक इत्यादि मौजूद रहे तथा नूरपुर के डॉ. इमरान, डॉ. वाजिद, डॉ. मौहम्मद अली, डॉ. शिखा, संजय कुमार, अंकुर भारद्वाज, ललित कुमार, प्रिंस यादव तथा मुनेश कुमार त्यागी मौजूद रहे।

हॉस्पिटल के चेयरमैन नितिन गोयल तथा डॉक्टर गरिमा सिंह का लक्ष्य नूरपुर क्षेत्र की जनता को कम पैसे में अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देना है। अस्पताल में स्त्री रोग विभाग, जनरल सर्जरी, हड्डी रोग, जनरल मेडिसिन, त्वाचा रोग, यूरोलॉजी, नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग, नाक, कान, गला रोग विभाग तथा 24 घंटे आपातकालीन सुविधाएं उपलबध रहेंगी। एक्स रे एवं पैथोलॉजी की सुविधा भी दी जाएगी।

इस मौके पर कई मारिजों का डॉ. नितिन गोयल द्वारा नि:शुल्क परामर्श किया गया तथा नि:शुल्क दवा भी वितरित की गई।

# सेंट मैरी का परिणाम शत-प्रतिशत

## हाईस्कूल में भव्य चौहान व इंटर में निष्ठा भारद्वाज रही अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीआईएससीई बोर्ड का परीक्षा परिणाम बुधवार दोपहर घोषित कर दिया गया। नगर में सीआईएससीई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय सेंट मैरी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

सेंट मैरी स्कूल नगीना के परीक्षा परिणाम शानदार रहे, यहां हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में भव्य चौहान ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट में निष्ठा भारद्वाज ने 97 फीसदी अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में 12 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर शायजू राफेल ने बताया कि हाई स्कूल में 97.40 प्रतिशत अंकों के साथ भव्य चौहान ने पहले, 95.40 प्रतिशत अंकों के साथ नविका चौधरी ने दूसरे, 94.20 फीसदी अंकों के साथ वैष्णवी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। 12 वीं में विज्ञान वर्ग 97 प्रतिशत अंकों के साथ निष्ठा भारद्वाज पहले, 94 प्रतिशत अंको के साथ जोया खान द्वितीय, 90.75 प्रतिशत अंकों के साथ अब्दुल अहद तृतीय और 90 प्रतिशत अंकों के साथ अल्फिशा अंसारी चतुर्थ स्थान पर रहे। बारहवीं के कॉमर्स के छात्रों में 89.25



प्रतिशत अंकों के साथ सूर्यांशी चौहान प्रथम, 88.75 प्रतिशत अंकों के साथ वंशिका चौधरी द्वितीय और 85.25 प्रतिशत अंको के साथ पलक चौहान तृतीय स्थान पर रहे।

बारहवीं की टॉपर फ्रेंड्स कालोनी निवासी निष्ठा भारद्वाज के माता व पिता दोनों ही सेंट मेरी स्कूल में अध्यापक हैं। जहां पिता पुष्पेंद्र कुमार शर्मा इकोनॉमिक्स के टीचर हैं। वहीं माता हिंदी व संस्कृत पढ़ाती हैं। निष्ठा भारद्वाज अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व अध्यापकों को देती हैं।

रिजल्ट देखकर विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। शानदार अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बच्चों के माता-पिता ने कहा कि पढ़ाई को लेकर बच्चों पर कभी दबाव नहीं बनाना चाहिए। उन्हें स्वतंत्र वातावरण में पढ़ाई के लिए प्रेरित करना चाहिए। टॉप करने वाले छात्र-छात्राएं आगे चलकर इंजीनियरिंग और आईएएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में करियर बनाना चाहते हैं।

इस मौके पर छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक फादर अनूप, फादर नितिन, प्रधानाचार्य फादर शायजू व उप प्रधानाचार्य सिस्टर जिसमी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### गुलदार ने बकरी को बनाया निवाला

**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के गांव टांडा साहूवाला उर्फ गोसाईवाला निवासी रिंकू कुमार ने घर के आंगन में ही पशुपालन कर रखा है। मंगलवार की रात गुलदार दीवार फांदकर घर में घुस आया और बकरी पर हमला कर मार डाला। घटना की जानकारी सुबह होने पर हुई। पीड़ित ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। पीड़ित का कहना है कि पिछले कुछ समय से गुलदार गांव के आस-पास ही घूमता दिखाई दे रहा है। एक माह पूर्व भी गुलदार दीवार फांदकर घर में घुस आया था और सुकर को मार डाला था। वहीं आबादी में गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

### चढ़त के दौरान मारपीट, आधा दर्जन घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम शाहजहांपुर निवासी संजीव कुमार की पुत्री की बारात थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव सिपाहियोंवाला टांडा निवासी जसपाल सिंह के पुत्र से आई थी। बारात चढ़त के दौरान बाराती तथा ग्रामीण युवक शराब के नशे में मदमस्त होकर नाच रहे थे। इसी दौरान युवकों में धक्का मुक्की के कारण झगड़ा हो गया। देखते ही देखते बारातियों और घरातियों मैं जमकर मारपीट शुरू हो गई, जिसमें अरुण कुमार पुत्र छोटे सिंह, विमला देवी पत्नी खूब सिंह, सुमित कुमार पुत्र हुकम सिंह तथा सुरेंद्र सिंह आदि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल विमला देवी पत्नी खूब सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। उधर थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने जांच कर कार्रवाई करने की बात की है।

## विदेश भेजने के नाम पर एक लाख साठ हजार रुपए की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक महिला ने अपने बेटे को विदेश भिजवाने के नाम पर लगभग एक लाख साठ हजार रुपए ग्राम के एक व्यक्ति के कहने पर एजेंट इकबाल को दे दिए थे। लेकिन महिला ने अपने साथ धोखाधड़ी होता देख उससे रुपये वापस मांगे, तो उस एजेंट ने दोनों गरीब मां बेटे को जान से मारने की धमकियां देने लगा।

दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम नेनपुरा सराय उर्फ अलीपुर गंगा शहनाज पत्नी स्व.अकील अहमद निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह एक गरीब व बेसहारा महिला हैं। जिसने जैसे तैसे करके अपने बेटे शाहरूख को विदेश बेहरीन भेजने के नाम पर इकबाल पुत्र लियाकत निवासी ग्राम लुकादड़ी थाना नजीबाबाद को 22 फरवरी 2025 को समय करीब एक बजकर 6 मिनट पर महिला के गांव में ही रिश्तेदारी होने के कारण अपने घर पर ही दो बार में 50 - 50 हजार रुपये करके पूरे एक लाख रुपये इकबाल के हाथ में पीड़ित महिला ने खुद अपने हाथों से जेठ अतीक व बेटे शाहरुख सहित इकबाल के ही सगे संबन्धी भाई बाहजुद्दीन के सामने दिए थे और उसके कुछ दिन बाद आठ मार्च को फिर से 60 हजार रुपये महिला ने अपने ही हाथों से उसी के सगे सबंधी बाहजुद्दीन के सामने इकबाल को दिये। जिसकी महिला के बेटे ने इनको बिना बताएं एक बार के 50 हजार रुपए देते हुए एक छोटी सी वीडियो क्लिप भी बनाई हुई है तथा इन दोनों ने जाते समय महिला से कहा था कि तुमने हमें सिर्फ एक लाख 50 हजार रुपये ही देने हैं और हमारा खर्चा अलग देना होगा जिसमें महिला ने उनके द्वारा बताए गए डेढ़ लाख रुपये और उनके खर्चे के पूरे 10 हजार रुपये दे दिये लेकिन पूरे रुपये देने के बाद अब फिर से 90 हजार रुपए और मांग रहे हैं इस पर महिला ने उन दोनों से कहा कि हमारे पास आपको देने के लिए और रुपये नहीं हैं आप हमारे एक लाख साठ हजार रुपये हमें वापस दे दो मुझे अपने बेटे को विदेश नहीं भेजना हैं। इस पर इकबाल व बाहजुद्दीन ने कहा कि आपके रुपये आपको वापस मिल जाएंगे। हमें थोड़ा समय दे दो, लेकिन दो महीने बीत जाने के बाद भी इकबाल ने कई वादे करने के बाद भी आज तक महिला के रुपये वापस नहीं किये तथा बेटे द्वारा रुपए मांगने पर महिला के बेटे को ही फोन कॉल पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकियां दे रहा है। और साथ ही बोलता है कि बिजनौर पुलिस से लेकर नगीना या नजीबाबाद पुलिस भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। क्योंकि में पुलिस के सभी बड़े अधिकारियों में बैठता उठता हूं और मेरी सभी से अच्छी जान पहचान है। पीड़ित महिला ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने व इकबाल को दिये गए एक लाख साठ हजार रुपये वापस दिलवाये जाने की नगीना पुलिस से गुहार लगाई है।

# प्रशासनिक अधिकारी सतीश वर्मा का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह

## फूलमाला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी कार्यालय में स्थित श्री विदुर गुरु ग्रह सभागार में जिला अधिकारी कार्यालय में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार वर्मा द्वारा 38 वर्ष की लंबी विभागीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति होने पर सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ जोनल अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता एवं सलाहुद्दीन के संचालन में हुआ।

सम्मान समारोह में कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष बीना रानी अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, राज्य संयुक्त कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह, जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, ग्राम्य विकास अधिकारी विकास, जिला मंत्री संजय कुमार, मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शकील अहमद, आमोद दीक्षित, सुधीर भटनागर, उमेश बिष्ट, योगेश कुमार, राजीव कुमार, नरेंद्र कुमार, कपिल कुमार, रणवीर, उस्मान अहमद, इरफान अहमद, मनोज गोयल, पवन कुमार, मनीषा, संगीता, सर्वेश, मुकेश कुमार आदि ने फूल माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।



सभी ने सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी सतीश वर्मा के कार्यों की एवं संगठन के प्रति समर्पित रहने की प्रशंसा की और ईश्वर से हमेशा स्वस्थ वह उज्जवल भविष्य की कामना की।

## निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** डेढ़ माह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव महावतपुर जटपुरा में एक किसान के खेत से पड़ोसी व उसका रूटावेटर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने रिमांड पर लिए गए आरोपी की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद किया।

थानाध्यक्ष सुमित राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव जटपुरा महावतपुर निवासी अवनीश पुत्र चन्द्रभान सिंह ने 22 मार्च 2025 को एक रूटावेटर अपना व एक पड़ोसी नवनीत कुमार का चोरी हो जाने के मामले में अफजलगढ़ थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में हल्का इंचार्ज मनोज कुमार के नेतृत्व में एक टीम चोरी के खुलासे करने को लेकर गठित की गई थी। पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी इदरीश पुत्र अली मौहम्मद निवासी गांव मासूमपुर पोस्ट राजापुर केसरिया ठाकुरद्वारा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर रामगंगा नदी के किनारे खेत के पास झाड़ झाड़ियों से एक रूटावेटर बरामद किया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी इदरीश पुत्र अली मौहम्मद निवासी गांव मासूमपुर पोस्ट राजापुर केसरिया ठाकुरद्वारा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद ने बताया कि उसके साथी चोर जीशान पुत्र रिफाकत निवासी गांव चान्दखेड़ा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद में चोरी में शामिल था। चोरी किया हुआ एक रूटावेटर उसके पास होना बताया गया है। वही पुलिस ने रिमांड पर लिया गया आरोपी इदरीश पुत्र अली मोहम्मद निवासी गांव मासूमपुर पोस्ट राजापुर केसरिया ठाकुरद्वारा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया है। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा हल्का इंचार्ज मनोज कुमार, आकाश यादव, कांस्टेबल कृष्ण कुमार, कांस्टेबल प्रमोद कुमार तथा कांस्टेबल अरूण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** परशुराम जयंती के अवसर पर आदर्श नगर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापना की गई।

आदर्श नगर में भगवान परशुराम वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे पंडित कुलदीप शर्मा और दिनेश शर्मा ने संपन्न कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में एक शोभायात्रा आदर्श नगर क्षेत्र में निकाली गई जो कि विभिन्न क्षेत्र से होती हुई शिव मंदिर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर यज्ञ का भी आयोजन किया गया और पूजा अर्चना की गई।

मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में अमन त्यागी, महेश बोल शर्मा, बलराज त्यागी, पवन शर्मा, अतुल शर्मा, नितेश त्यागी, विपिन त्यागी, माया



देवी, निखिल तिवारी, नितिन त्यागी, वंदना शर्मा, सुषमा, कुसुम शर्मा, लकी शर्मा रक्षित, खुशी साक्षी, कृपांशी, तनु, अशोक राजपूत, सुशील चौहान, हरपाल सिंह आदि ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## कुंवर सत्यवीरा कॉलेज में खेल स्पर्धा 2025 का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज नगर के प्रतिष्थित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के विशाल प्रांगण में तीन दिवसीय खेल स्पर्धा का शुभारम्भ किया गया। स्पर्धा का शुभारम्भ संस्था निदेशक प्रो.(डॉ.)अमित कुमार बंसल व डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा ने खिलाड़ियों का परिचय जानकर संयुक्त रूप से किया।

क्रीड़ा इंचार्ज विनीत कुमार ने बताया कि क्रिकेट का प्रथम मैच एम.बी.ए. और सिविल के बीच खेला गया। जिसमें टीम एमबीए 85 रन से विजयी रही, तथा दीपू कुमार मैन ऑफ दा मैच रहे। इस मैच में ललित राठी व विपिन कुमार ने एंपायर के रूप में निर्णायक की भूमिका निभायी। इसी क्रम में दूसरा क्रिकेट टीम बीबीए एवं बीसीए के बीच खेला गया। जिसमें टीम बीबीए 10 विकेट से विजयी रही। जिसमें शानू कुमार मैन ऑफ दा मैच रहे। इस मैच



में विजेन्द्र कुमार व डॉ. फैसल अंसारी ने एंपायर के रूप में निर्णायक की भूमिका निभायी।

वालीबॉल में प्रथम मैच टीम एमबीए और बीसीए के बीच हुआ। जिसमें टीम बीसीए सेमी फाइनल में पहुंचे। इसी प्रकार दूसरा मैच बीबीए एवं मेकाट्रोनिक्स के बीच हुआ। जिसमें टीम मेकाट्रोनिक्स सेमी फाइनल में पहुंचे। बेडमिंटन में छात्र सिंगल टीम में एमबीए अे बी। टेक सेमी फाइनल में पहुंचा।

कबड्डी में टीम मेकाट्रोन व एमबीए के बीच मैच हुआ। जिसमें एमबीए 8 पॉइंट से विजयी रहे व सेमी फाइनल में पहुंचे। इस मैच में सुधीर लांबा व विमल चौधरी रैफरी रहे।

चेस में छात्रा सेमी फाइनल टीम एक में शिवांगी (सीएसई) टे प्रीति (एमबीए) रहा जिसमें शिवांगी विजयी रही। इसी प्रकार छात्रा सेमी फाइनल टीम 2 में गार्गी (ईसी) टे प्रेरणा (बीटी) रहा, जिसमें प्रेरणा विजयी रही।

कैरम इवेंट में फाइनल मे गर्ल्स टीम में ईसी (यशी-सलोनी), टीम सीएस (शिवांगी - नंदिनी), छात्र टीम में एमई (हर्ष - अभिनव) सेमी फाइनल में टीम बीसीए और टीम बीटी रही। केमेंटरी बॉक्स से गौरव गुप्ता, शुएब अली खान, शुभम राजपूत आदि ने अपने खूबसूरत अंदाज में मैच की केमेंटरी की।

अंत में कार्यक्रम में संस्था निदेशक प्रो.(डॉ.)अमित कुमार बंसल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जूनियर और सीनियर के बीच मैत्री भाव उत्पन्न करते है और सद्भाव को बढ़ावा देते है। उन्होंने क्रीड़ा इंचार्ज विनीत कुमार सहित स्टाफ के सभी सदस्यों को स्पर्धा के सफल कार्यक्रम हेतु बधाई दी। इस अवसर पर अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, अजय उपाध्याय, डॉ. अभिषेक चौधरी, विभोर राजवंशी, सुधीर लांबा, उज्ज्वल कुमार, नाइला नईम, श्रुति सिंह, सुनील भारद्वाज, अपूर वर्मा आदि समस्त स्टाफ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. फराज व पुत्रवधू जुवेरिया बेगम अत्यंत सरकश व मुंहजोर हैं और गलत संगत में पड़ गए है। आये दिन मेरे साथ गाली गलौच व अभद्र व्यवहार करते हैं और तरह-तरह की धमकी देते हैं। मेरी पुत्रवधू जुवेरिया बेगम भरपूर साथ देती है और मुझे व मेरे बच्चों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है और असामाजिक कार्यों में लिप्त रहते हैं। मैं इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं रखना चाहता हूं और उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से लादावा/बेदखल कर दिया है। अपने कार्यों के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **-माजिद अली पुत्र आबिद हसन निवासी मौहल्ला मौलवियान, कस्बा सहसपुर, थाना स्योहारा, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर, उ.प्र.।**

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मोहित कुमार व उसकी पत्नी सपना रानी मेरे कहने में नहीं है। यह मेरे व मेरे परिवार के अन्य लोगों के साथ गाली-गलौच व मारपीट करते है। इनके आचरण व अभद्र व्यवहार से दुखी व परेशान होकर मैंने अपने पुत्र मोहित कुमार व पुत्रवधू सपना रानी से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके इन दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **सुनील पुत्र घासीराम, निवासी मौहल्ला कस्बा, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

# पाकिस्तान का पुतला फूंका

## आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ द्वारा पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। संघ के कार्यकर्ताओं ने कालिया वाले मंदिर से जुलूस निकालकर नगीना चौराहा तक मार्च किया और वहां पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला।

नगीना चौराहे पर पाकिस्तान का झंडा पेंट के माध्यम से बनाया गया, जिस पर प्रदर्शनकारियों ने जूते-चप्पल बरसाकर अपना आक्रोश जताया। 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'आतंकवाद मुर्दाबाद' के नारों से इलाका गूंज उठा। प्रदर्शन के जरिए कार्यकर्ताओं ने देश विरोधी गतिविधियों और आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गुरजीत सिंह, अमित यादव, नितिन सैनी, सुधीर कुमार, कवेंद्र राव सैनी, रॉबिन चौधरी, गुरप्रीत सिंह गुलाटी, मनोज चौहान, अभिषेक त्यागी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। संगठन ने भविष्य में भी आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ इसी तरह प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

# मौलाना शेखुल हदीस के इंतकाल पर गहरे रंजोगम का इजहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सामाजिक संस्था अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी की बैठक समिति कार्यालय मौहल्ला चाहसंग पर हुई।

बैठक में हजरत मौलाना शेखुल हदीस आकिल सहारनपुरी के इंतकाल पर गहरे रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम की मगफिरत के लिये दुआयें मगफिरत की गई। बैठक में हाजी मौहम्मद इल्तिफात ने कहा कि हजरत शेख मौलाना जिकरिया (रह) कांधलवी के दामाद हजरत मौलाना शेखुल हदीस आकिल सहारनपुरी बहुत ही नेकदिल इंसान थे। उन्होंने अपना सारा जीवन सिर्फ दीन और इस्लाम के लिये जिया। उनके इंतकाल से उनके बड़ी संख्या में अनुयायियों में दुख की लहर है। बैठक में उपस्थित समिति पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व सदस्यगणों ने मरहूम की मगफिरत के लिये दुआयें मगफिरत की। बैठक मे हाजी मौहम्मद इल्तिफात, हाजी गुफरान अहमद, मौहम्मद शरीफ नाजिर, खुर्शीद अनवर, आबिद अहमद, मोमिन अली, मौहम्मद नादिर बेग एडवोकेट, समीरा परवीन, पुष्पेन्द्र कुमार, इशरत, उत्तम कुमार, संजय कुमार, नफीस जाकिर, डा. मौहम्मद शुऐब अहमद, डा. मौहम्मद फैजान, अब्दुर्रहमान, चंचल कुमार, मौहम्मद कामरान आदि ने शिरकत की।

## एक नजर

### अलससबा ने किया नाम रोशन



**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव अम्हेड़ा स्थित शबनम मॉडर्न पब्लिक गर्ल्स हाई स्कूल का 2025 का हाईस्कूल का परीक्षाफल 93.5% रहा। जिसमें अलससबा पुत्री फहीम अहमद 84% प्रथम, अक्सा 76% द्वितीय तथा मुबशशिर 75.5% अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार अलतिशा ने 74%, आरजू ने 73%, जवेरिया ने 73%, फायजा ने 72%, अल्फिजा ने 70%, आयत ने 65%, सना ने 62%, सोफिया ने 59%, कोहेनूर ने 55% अंक प्राप्त किये। प्रधानाचार्या शबनम मुख्तार, प्रबंधक उसमान मुख्तार तथा स्टाफ ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं उनके उज्ववल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दीं।

### कृष्णा कालेज में क्विज कम्पटीशन




**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के मध्य क्विज कम्पटीशन आयोजित कराया गया जिसमें तीन टीमें चरक, सुश्रुत एवं वाग्भट् बनायी गयी। चरक ने प्रथम, वाग्भट् ने द्वितीय एवं सुश्रुत टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में आषना, श्रुती, हरी ओम, मौहम्मद सज्जाद, कर्तव्य, इंजमाम, अर्श, साहिल, नेहा, अमरीन ,आलिया, समरीन, अलीशा, सलोनी, लुब्ना, कृती, कीर्ति एवं सूरज ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता को डॉ. प्रदीप जे.एम. (प्राचार्य), डॉ. सुनीता, डॉ. निशा रैना, डॉ. मुकुल, डॉ. गौरव, डॉ. शुभ्रागा द्वारा आयोजित किया गया।

### छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सहसपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में स्थानीय सहसपुर स्थित पब्लिक इंटर कॉलेज सहसपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने बताया कि उनके यहां इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की परीक्षा का परिणाम अच्छा रहा। हाईस्कूल में 82 प्रतिशत शमवील बाबू पुत्र शहनाज अली, जोहा परवीन पुत्री सज्जाद 80 प्रतिशत व फायजा अकील पुत्री अकील अहमद ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षा प्रभारी आलम खान व हर्ष कुमार ने कहा यह सफलता बच्चों के साथ-साथ उनको पढ़ाने वाले अध्यापकों का भी फल हैं परीक्षा बच्चों के साथ-साथ उनके अध्यापकों की भी परीक्षा होती हैं। उन्होंने पूरे साल बच्चों को क्या पढ़ाया व अपने स्कूल के अध्यापक, अध्यापकों से अपनी प्रसन्नता का इजहार किया।

# फायर ब्रिगेड ने कॉलेज दीवार के पास लगी आग बुझाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी कॉलेज के किनारे पर पीछे दीवार के पास कूड़ा करकट इकठ्ठा था। जिसमें किसी कारण आग लग गई। आग लगने पर तेज हवा चलने के कारण विकराल रूप धारण कर लिया। फायर ब्रिगेड वालों की गाड़ी आई और उन्होंने आग पर काबू पाकर बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया।

फायर ब्रिगेड अधिकारी सतवीर ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत आकर हमने आज पर काबू पाया और बड़ी घटना होने से बच गई। एसबीडी कॉलेज की प्रबंधिका रेनू गोयल एवं प्राचार्या पूनम चौहान ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड वालों को फोन किया और उन्होंने तुरंत आकर आग पर काबू पा लिया और बड़ी घटना होने से बच गई ओर कॉलेज में कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# ताजपुर व नूरपुर में बाजार रहा बंद

## स्कूल व मदरसे भी नहीं खुले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ताजपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में दहशतगर्दों ने पर्यटकों पर आतंकी हमला कर निहत्थे तीस लोगों को अपनी गोली का निशाना बना कर पूरी इंसानियत को शर्मशार कर दिया था। इस आतंकवादी घटना को लेकर देश में आतंकवादियों व पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा दिखाई दे रहा है।

इस आतंकवादी घटना के बाद पूरे देश में आतंकवादियों व पाकिस्तान के खिलाफ जगह-जगह धरना प्रदर्शन कर विरोध किया जा रहा है। इस दर्दनाक घटना को लेकर आतंकवादियों व पाकिस्तान के खिलाफ नूरपुर व ताजपुर में व्यापारियों ने दुकानें बंद रखी। वहीं सीबीएसई स्कूल के साथ मदरसे भी बंद रखे। मदरसों में पीड़ित परिवारों को खिराजे अकीदत पेश कर दुआं की गई। ताजपुर व नूरपुर में भी व्यापारियों ने अपने कारोबार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान आतंकवादियों व पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए व आतंकवादियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पहलगाम की घटना से देश की जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर देश की जनता पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई चाहती है। बस अब देश की जनता को सिर्फ इतंजार है, तो किसी बड़ी कार्रवाई का है। इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है। आम जनता का कहना है कि सभी धर्मों के लोग व राजनीतिक दलों को एकजुट सरकार के साथ मिलकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का वक्त आ गया है।

# दहेज न मिलने पर हत्या का प्रयास

## ससुरालियों पर गंभीर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** दहेज के लालची सुसराल वालों ने दहेज में कार व पैसे न मिलने पर अपनी बहू पर अत्याचार कर उसको धारदार चीज व चाकू से उसकी हत्या करने का प्रयास किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला खद्दर बाजार निवासी प्रार्थी सबीना पत्नी जहीर आलम की पुत्री की शादी एक साल पहले मुस्लिम रिती रिवाज से फरमान पुत्र नसीम निवासी ग्राम हिन्दूपुर कोतवाली देहात, जिला बिजनौर से हुई थी। उसने शादी से पहले धोखे से मुझे शादी का झांसा देकर व डरा-धमका कर कई बार मेरे साथ बलात्कार किया। उसकी उसने फोटो, वीडियो भी बनायी तथा मेरे फोटो व वीडियो भी वायरल कर दिए थे। जिसकी जानकारी होने पर बिरादरी की पंचायत में फरमान ने अपनी गलती मानकर तीन मार्च 2024 को मुझसे निकाह कर लिया था तथा मेरे मौहल्ले वालों ने आपस में पैसा इकट्ठा करके घर के इस्तेमाल का सभी सामान देकर मुझे रुखसत कर दिया था।

फरमान ने निकाह के कुछ दिन बाद से ही मेरा पति फरमान, ससुर नसीम व सास सलमा कम दहेज के बिना पर मेरे साथ मार-पीट, तंग-परेशान व प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं और दहेज में कार व बुलेट मोटर-साइकिल व नकद दो लाख पचास हजार की मांग करते हैं और कहते हैं कि अगर फरमान की शादी दूसरी जगह हो गयी होती, तो हमें कार मिलती, लेकिन तू बुलेट भी नहीं लायी है। मेरा जेठ फैजान मुझ पर गलत नजर रखता है। उसने 14 अप्रैल 2025 को करीब 11बजे जब मेरा शौहर काम पर गए थे, तो जबरन मेरे कमरे में आकर मेरे साथ बलात्कार किया। जब मैंने घर वालों को बताया, तो इन लोगों ने मुझे बुरी तरह से मेरे साथ मार-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद मैं गंभीर हालात में बेहोश हो गई। 26/27 अप्रैल 2025 को दो बजे रात को ग्राम में मेला लगा था। मेला देखकर आने के बाद मुझे जान से मारने के लिए सलमा व नसीम ने पकड़ लिया और फरमान ने मेरे ऊपर धारदार व चाकू से कई वार किए तथा मेरा गला दबाने व घोंटने की कोशिश की। बामुश्किल से इन लोगों से मेरी जान बची। उसी दिन मैंने सुबह को अपने परिवार वालों को बुलाया, तो इन लोगों ने उनके सामने भी मुझे मार-पीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे पति फरमान ने मुझे तलाक, तलाक, तलाक कहकर तीन तलाक देकर मुझे घर से निकाल दिया है। मेरे घर वाले मेरे पिता जहीर आलम, ताऊ खुर्शीद, पड़ौसी जाहिद आदि मुझे लेकर थाने गए, तो ये लोग थाने के बाहर खड़े मिले और इन्होंने थाने नहीं जाने दिया। मेरे शरीर पर जगह-जगह काफी चोटों के निशान हैं।

पीड़ित ने कप्तान साहब के दरबार में पहुंच कर अपनी आपबीती सुनाई, तो कप्तान साहब ने महिला की गंभीर हालात देखकर पुलिस को आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने के सख्त आदेश दिए। अब देखना यह है कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ कब तक कार्यवाही कर पाती है। वहीं पीड़ित महिला को अपनी सुसराल वालों से जान का खतरा बना हुआ है।

## आतंकी हमले के विरोध में स्कूल बंद रखकर सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद।** नगर के स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले नगर क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल संचालकों ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसके विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद मित्तल व महामंत्री सुनील चंदौला के नेतृत्व में शहर व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल संचालक तहसील परिसर पहुंचे। ज्ञापन में कहा कि यह कृत्य न केवल अमानवीय है, बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता व अखंडता पर एक कायरतापूर्ण हमला है। प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से दोषियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई करने, राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में विनोद मित्तल, सुनील चंदोला, विनय कौशिक, शमशुल इस्लाम उर्फ गुड्डू, वसीम बख्श, अवनीश अग्रवाल, रमाकांत वालिया, दीपक राजपूत, एसके जौहर, शकील राजा, मौहम्मद अजमल, खुर्शीद आलम आदि मौजूद रहे।

# उपायुक्त गन्ना ने किया वार्षिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उपायुक्त गन्ना मुरादाबाद परिक्षेत्र सरदार हरपाल सिंह आज चांदपुर पहुंचे जहां उन्होंने सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में स्थित गन्ना परिषद कार्यालय एवं गन्ना समिति परिषद में वार्षिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति 44 एवं परिषद 26 के निर्धारित बिन्दुओं के अनुसार लेखा, कैश बुक, कैश चेस्ट, एफ.डी.आर., आकस्मिक अवकाश, नाबार्ड वितरण एवं वसूली, ऋण लेखा, स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर, समिति ऋण वसूली, कृषकों को 4 प्रतिशत लाभ, समिति निर्माण पत्रावली, जिला योजना, एन.एफ.एस.एम., आर.के.वाई., डब्ल्यू.एस.एच.जी. आदि की जांच की। समिति स्टाफ को किराया एवं साफ-सफाई रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए। परिषद में पर्यवेक्षक के साथ बुवाई लक्ष्य 0238, प्रतिस्थापन के बारे में समीक्षा बैठक की तथा सरकारी स्टाफ के रजिस्टर में दैनिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात गोयली एवं स्याऊ गांव का दौरा किया। जहाँ उन्होंने पौध संरक्षण उपाय के संबंध में फैक्ट्री के प्रयासों को देखा। फैक्ट्री चांदपुर द्वारा खेत में फेरोमोन ट्रैप एवं लाइट ट्रैप लगाया गया तथा एल.ई.डी. डिस्प्ले वाहन द्वारा गहन विस्तार कार्य किया गया। वाहन की कार्यप्रणाली देखी गई, यह पौध संरक्षण उपाय टॉप बोर, लाल सड़न नियंत्रण, आरएमडी संचालन आदि के बारे में अच्छी तरह से काम करता है।

डीवाईसीसी मुरादाबाद का चांदपुर गन्ना समिति पहुंचने पर सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक एवं समिति सचिव जितेंद्र कुमार ने स्वागत किया।

## पुष्टाहार में धांधाली की संभावना



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुलनगर (काजीजादगान) निवासी वीरेन्द्र राजपूत ने उपजिलाधिकारी के नाम लिखे अपने शिकायती पत्र में कहा है कि तहसील चांदपुर में दो ब्लॉक है जलीलपुर एवं ब्लाक नूरपुर जिसमें आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन माह जनवरी, फरवरी, मार्च 2025 का पुष्टाहार माह अप्रैल 2025 में दिया गया है जो कि कुपोषण के शिकार पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा वितरण किया जायेगा। पत्र में कहा गया है कि इस पुष्टाहार में प्रत्येक बच्चे को दलिया, चने की दाल तथा तेल सरकार द्वारा भेजे सामान का वितरण होगा। उपजिलाधिकारी के नाम लिखे शिकायती पत्र में वीरेन्द्र राजपूत ने कहा है कि ब्लाक जलीलपुर की बाल विकास अधिकारी चांदपुर निवासी होने के कारण अपना रौब दिखा कर राशन वितरण मे धांधली कराकर एक माह का राशन वितरण कराकर कराने का प्रयास कर रही है। राशन वितरण की धांधली रोकने के लिये सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को मिला राशन का सत्यापन कराकर तहसील स्तर का एक अधिकारी नियुक्त कर राशन वितरण कराये जाने की मांग की है। वीरेन्द्र राजपूत ने इस सम्बंध में जिलाधिकारी को भी स्थिति से अवगत करा दिया है।

## एमएससी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान विभाग के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी बिजनौर के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। रसायन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. पायल राठी ने बताया कि उदिता पाल ने 76% प्राप्त कर प्रथम, नौरीन परवीन ने प्राप्त कर 75.8% द्वितीय तथा श्रुति चौधरी ने 73% प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबन्धक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रूप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबंधक निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ साइन्स की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा व विभाग के अन्य प्रवक्ता श्वेता टोंक, सौम्या वर्मा, आकाश कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

**नजीबाबाद।** ब्राह्मण समाज की ओर से मोटाआम स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित घनश्याम वशिष्ठ, विकास द्विवेदी, अरूण शर्मा, पुष्पा पाठक व प्रमोद तिवारी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। भगवान परशुराम के जीवन पर विचार व्यक्त करते हुए ब्राह्मण बन्धुओं से संगठित होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ब्राह्मण मेधावी बच्चे दीप्ति कण्वाल व कार्तिक शर्मा को सावित्री-शेखर मेधावी सम्मान स्वरूप प्रत्येक को 5100 रुपए प्रदान किए गए। कार्यक्रम को रामनाथ शर्मा, अम्बरीष शर्मा, विनय कौशिक, सुनील शर्मा, अरूण शर्मा, राकेश शर्मा, रवि शंकर पाण्डेय, गजेन्द्र मिश्रा, विश्वास द्विवेदी, अनुज शर्मा, संदीप पांडेय, विपुल शर्मा आदि ने संबोधित किया।

# विधिक प्रतियोगिता में नगीना की बेटी ने बनाया मुकाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हुई कानूनी प्रतियोगिता में नगीना निवासी अन्म शहजादी ने तीसरा स्थान हासिल कर न केवल अपने नगीना का नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता और अपने रिश्तेदारों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।

आपको बता दें फरीदाबाद में स्थित डीजीआईएम लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में केवल उत्तर प्रदेश या दिल्ली से ही नहीं बल्कि देशभर के कई प्रदेशों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने प्रतियोगिता परिणाम घोषित करते हुए नगीना के मोहल्ला कलालान निवासी रॉयल चिकन कॉर्नर के स्वामी एवं समाजसेवी शहजाद अहमद की होनहार पुत्री अन्म शहजादी को तीसरे स्थान का मुकाम से नवाजा। अन्म शहजादी पिछले कई सालों से दिल्ली में रहकर बीएएलएलबी की शिक्षा ग्रहण कर रही है, उसका सपना जज बनकर देश सेवा और पीड़ितों को इंसाफ दिलाने का है। अपने इस सपने को पूरा करने के उद्देश्य से अन्म शहजादी अपना फोकस केवल अपनी एजुकेशन की तरफ बनाए हुए हैं, जिसका उदाहरण राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान आना इस बात की गवाही और सबूत के साथ साथ सभी को यह संदेश भी जाता है की अब अन्म शहजादी को उसके मुकाम तक पहुंचने पर कोई नहीं रोक सकता है।

# एजुकोल में वाद-विवाद प्रतियोगिता

## सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पोर्सिया हाउस रहा प्रथम स्थान पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जॉब स्टीलर या करियर मेकर' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पोर्सिया हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल, हाउस इंचार्ज पारुल गोयल, जागृति ठाकुर, साक्षी दुआ, उषा रानी एवं कक्षा एक से बारहवीं तक की सभी छात्राएं उपस्थित रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय के क्लियोपैटरा हाउस अदीबा सलीम, अदीबा परवीन, अवनी, लक्षिका चौहान कोर्डिल्या हाउस से इकरा परवीन, भूमि सैनी, काव्या कृतिका ओलिविया हाउस से ख्याति चौहान, अमरजीत कोर, खुशी, अवनी चौहान। पोर्सिया हाउस से अलीना इत्फाल, कृतिकाराज, शिफा, समीक्षा चौहान ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। उद्योगों में तकनीक का उपयोग हो, मानव जीवन को सरल बनाना हो, भविष्य में जीवन को समृद्ध बनाना हो, शिक्षा हो, अनुसंधान हो, समाज हित में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चाहे बड़ी से बड़ी बीमारी हो इसका इलाज अब संभव हो सकेगा। बदलाव से डरेंगे तो आगे कैसे बढ़ेगे? पक्ष में बोलते हुए वेद गोयल ने कहा कि किसी भी तकनीक का सही दिशा में उपयोग करने से लाभ होता है। बदलाव से यदि हम डरेंगे तो आगे कैसे बढ़ेगे? समय के साथ में चलने वाला ही आगे बढ़ पाया है। आज तक जितने भी आविष्कार एवं विकास हुए हैं उसमें नुकसान के बजाय इंसान को फायदा ज्यादा हुआ है। ओलिविया हाउस दवितीय, क्लियोपैटरा हाउस तृतीय तथा कोडिल्या हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। निर्णायक मंडल में पारुल चौहान, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वक्ता को अच्छे शब्दों के साथ अपनी बात को रखना चाहिए क्योंकि भाषा में उत्कृष्टता जरूरी है।

# पुलिस ने दो वांछित आरोपी किए गिरफ्तार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अपराधों की रोकथाम व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण को चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने दो वांछितों को धर दबौच लिया।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई व एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा एवं क्षेत्राधिकारी डा. प्रदीपकुमार के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ को अभियान तेज कर दिया गया है।अपराधों पर नियंत्रण बनाए रखने को चल रहे अभियान में धनारी पुलिस वांछितों की तलाश में जा रही थी। उपनिरीक्षकसुधीर कुमार भाटी व कां. राहुल तथा आदित्य की टीम ने वांछित चल रहे हेतराम पुत्र हरिदयाल व मोहरपाल पुत्र हेतराम निवासीगण कीरतपुर थाना धनारी को धर दबौचने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों का अदालत के लिए चालान कर दिया।

# मन्दिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर की लेखपाल कॉलोनी में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण पूर्ण होने के पश्चात मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में रेलवे रोड,चन्दौसी रोड, इंद्रा चौक, लेखपाल कॉलोनी आदि में भ्रमण किया। नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

बुधवार को मन्दिर में शिव परिवार, हनुमान जी, राम दरवार, श्रीबाँकेबिहारी जी की मूर्तियों की शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया। नगर में मूर्तियों का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मन्दिर में हवन व पूजन के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गयीं। उसके बाद प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पंडित मुनीश भारद्वाज, डा. सुरेन्द्र कुमार भारद्वाज, ख्यालीराम, सतेंद्र गौतम, खुशालीराम, मुकेश, प्रदीप, सुरेशचन्द्र, रोहित, उमेशचन्द्र, सुरेंद्र सूरजपाल, केतु, प्रशान्त, आकाश, गोपीचन्द व महिलाएं आदि मौजूद रहीं।

# नगर पंचायत में कृष्ण गोपाल ने सम्भाला पदभार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला में कर समाहर्ता के पद पर कृष्ण गोपाल यादव ने पदभार ग्रहण किया। नगर पंचायत बबराला ईओ अमरेश तिवारी ने बताया कि कृष्ण गोपाल यादव को कर समाहर्ता के पद पर नगर पंचायत बबराला में नियुक्ति मिली है। उनके पिता सत्यराम यादव की कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु हो गयी थी। उनके स्थान पर उनको नियुक्ति मिली है। उनके कार्यभार ग्रहण करने पर सभी कार्यालय कर्मचारी ने उनका स्वागत किया।



सम्भल। शिक्षा संगोष्ठी को सम्बोधित करती पुनरूत्थान विद्यापीठ की कुलपति इंदुमति काटदरे।

# घर के बाहर खड़े युवक की चाकू से गोदकर हत्या

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** घर के बाहर खड़े युवक के साथ गाली-गलौंच का विरोध जान देकर चुकाना पड़ा। ताबड़-तोड़ चाकुओं के वार से घायल ने मुरादाबाद में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम कराया। हत्या की रिपोर्ट दो के खिलाफ नामजद दर्ज की गयी है।

नखासा कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी माहिल पुत्र मौ.आकिल का पुत्र अमान घर के बाहर खड़ा हुआ था। उसी समय मौहल्ले का मौ. अफसान पुत्र अरकान व अरकान पुत्र नबीजान वहां आ गए और अमान के साथ गाली-गलोंच करने लगे। युवक ने गालियां देने को मना किया। तभी अरकान ने उसे पकड़ लिया और अफसान ने हाथ में लिए चाकू से वार करना शुरू कर दिया। ताबड़-तोड़ चाकू के वार से युवक घायल हो गया। युवक के चिल्लाने पर घायल का बड़ा भाई नौमान दौड़कर घर के बाहर आया और आरोपियों से अमान को बचाया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे मुरादाबाद रैफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत से परिवार में हड़कम्प मच गयां परिजनों ने रोना बिलखना शुरू हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया। पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।



बबराला। मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शोभायात्रा निकालते।

# गर्मी ने बाहर निकलना किया दूभर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गर्मी का प्रकोप दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक गर्मी ने जमकर पसीना बहाया। दोपहर को गर्मी की तपिश अधिक बढ़ जाने से मुख्य मार्ग सूने-सूने नजर आए। इसके अलावा प्रचंड होती जा रही गर्मी के कारण कार्यालयों में भी कम आवाजाही दिखायी दे रही है। कार्यालयों में लोगों के कम आने से कर्मचारी भी सुस्त दिखायी देते है। बाज़ार में भी सूरज ढलने के बाद ही कुछ अधिक चहल-पहल हो रही है। जिससे दुकानदार भी खाली नजर आते हैं।

## शिक्षा संगोष्ठी में शिक्षा के तीन सिद्वांतों की दी जानकारी और जैविक खेती पर दिया बल

# शिक्षा भारतीय और स्वायत व शिक्षकों पर आधारित हो: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शिक्षा संगोष्ठी में शिक्षा के तीन सिद्वांतों और जैविक खेती को अपनाने पर बल दिया।

नगर के बाल विद्या मंदिर में आयोजित संगोष्ठी की मुख्य अतिथि कुलपति पुनरुत्थान विद्यापीठ इन्दुमति काटदरे रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया रहे। जबकि शुभारंभ माँ सरस्वती की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गयी। मुख्य अतिथि पुनरूत्थान विद्यापीठ की कुलपति इन्दुमति काटदरे ने कहा कि जिस प्रकार की देश या राष्ट्र की शिक्षा व्यवस्था होती है, उसी प्रकार का देश या राष्ट्र होता है। व्यक्ति वैसा ही होता है जिस प्रकार की उसको विद्या प्राप्त होती है। भारत प्राचीन काल में विश्वगुरु था तो केवल यहाँ के आचार्यों के कारण। उन्होंने बताया कि हमारे प्राचीन उपनिषद तैत्तरीय उपनिषद में शिक्षक एवं विधार्थी का संबंध कैसा हो तथा अध्ययन के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि भारत का ज्ञान हमेशा विश्वव्यापी रहा है। सर्वप्रथम हमें भारत को जानना चाहिए (भारत को जानो) कि भारत देश प्राचीन काल से ही विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे रहा है। भारत प्राचीन काल से ही अच्छा इस्पात बनाना जानता था। कपड़ा बनाने की विद्या, प्राकृतिक रंग बनाने ,कागज बनाने की कला, प्राकृतिक स्याही आदि में दक्ष रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को मानों भारत एक प्राचीन संस्कृति है। भारत श्रेष्ठ है। छात्रों को भारत को मानना सिखाना चाहिए, भारतीय बनों। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी ने पुनरुत्थान विद्यापीठ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा पर पुनरुत्थान विद्यापीठ द्वारा ग्रंथों का लेखन का कार्य किया। 1051 ग्रंथों का प्रतिपादन किया गया। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रृषि शौनक द्वारा यहाँ तप किया तथा तप के बाद जो ज्ञान प्राप्त हुआ उस ज्ञान को आगे बढ़ाया। उन्होने कहा कि जैविक खेती की ओर हमको लौटना चाहिए। उन्होंने तीन सिद्वान्तों के विषय में बताया कि शिक्षा भारतीय और स्वायत्त होनी चाहिए तथा शिक्षकों पर आधारित होनी चाहिए तथा समाज द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। शिक्षा अर्थ कारी एवं अर्थ निरपेक्ष होनी चाहिए। शिक्षा निशुल्क होनी चाहिए तथा कोई भेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के दो नियमों शिक्षा सार्वभौमिक तथा आजीवन होनी चाहिए उन्होंने शिक्षा के दर्शन के अंतर्गत कहा कि शिक्षा एकात्मकता वाली हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा को मॉल नहीं बनना चाहिए तथा शिक्षक भी स्वाध्याय करें। शिक्षा के अंतर्गत आने वाली बाधाओं जैसे अज्ञान, अल्प ज्ञान, विपरीत ज्ञान ,हीनता बोध ,बुद्वि विभ्रम, अनुत्तरदायी भाव के विषय में भी बताया। विद्यालय के प्रबंधक अमिताभ गर्ग एवं प्रधानाचार्य मनीष पवांर द्वारा भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2024 में जनपद से चयनित हुए देव डुडेजा एवं प्रत्यक्ष वार्ष्णेय के माता पिता को कुलपति इन्दुमति काटदरे एवं डीएम ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।




सम्भल। आतंकवाद और उसके खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग को जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग।

# दो बहनों को गालियां देकर युवकों ने की मारपीट

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बिटोरो पर गोबर लगाने गई दो बहनों को मारपीटकर घायल कर दिया।घायल किशोरियों के पिता की और से तहरीर पुलिा को दे दी गई है।

हयात नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत दो सगी बहने गांव के पास में ही बिटोरे पर गोबर लगानग गयी थीं। इसी बीच गांव के ही चार युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौंच करने लगे। दोनो बहनों ने विरोध किया। आरोप है कि उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घर पहुंची दोनो बहनों ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पिता आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचा तो उसके साथ भी गाली-गलौंच की और भगा दिया।पीड़ित पिता बेटियों को साथ लेकर हयात नगर कोतवाली पहुंचा और पुनलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी। लेकिन पुलिस ने टाल-मटोल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अपनी शिकायत दी। हयात नपगर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पप्पू पुत्र हरिकिशन, जसवीर पुत्र रामनिवास, कौशल पुत्र हरिकिशन, रामनिवास पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम ओढ़ों की मढ़ैया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मनमोहक झांकियों संग निकली भगवान परशुराम शोभायात्रा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अक्षय तृतीया पर भव्य आध्यात्मिक यात्र का आयोजन, शोभायात्रा निकाली गई।

समस्त ब्राह्मण संगठन एवं सर्व हिन्दू समाज के सानिध्य में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव समिति द्वारा आयोजित भगवान परशुराम की शोभायात्रा पातालेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा का शुभारम्भ महोरा आश्रम से त्यागी जी महाराज, बाबा दीनानाथ जी महाराज, उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा एवं कमलकांत तिवारी ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। शोभायात्रा अपने परम्परागत मार्गों से होती हुई सूर्यकुंड स्थित परशुराम भवन पर समापन हुआ। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की सजीव झांकी, गुरुकुल प्रणाली के दर्शन, कलश-यात्रा, वैदिक मंत्रों की गूंज, परिक्रमा-दर्शन, संतों की दिव्य-उपस्थिति और भक्तों के जनसैलाब से आयोजन को ऐतिहासिक रूप मिला। चौबीस कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि भारी संख्या में श्रृद्वालुओं ने यात्रा में भाग लेकर, भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गणेश शर्मा, हरिओम शर्मा, मुकेश शर्मा, वीकेश शर्मा, के के मिश्रा, अतुल कुमार शर्मा, विशेष शर्मा, डीपी शर्मा, शोभित शास्त्री, विशाल शर्मा, भूकेन्द्र शर्मा, मुकेश शर्मा, शंकर शर्मा, राहुल शर्मा , संजीव शुक्ला, विनीत शर्मा, कपिल श्रोत्रिय, आयुष पूठिया, अनुराग शर्मा, अक्षय मोंटी ने सहयोग किया।

# तापमान बढ़ने पर लू से बचाव आवश्यक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** तापमान बढ़ने के साथ ही लू चलने से बचाव जरूरी है।इसमें कड़ी धूप में बाहर न निकलने और प्यास न लगने पर भी पानी पीने की सलाह दी गई है। सीएचसी प्रभारी गुन्नौर डा. राजकिशोर ने बताया कि अधिक गर्मी और लू के कारण लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आ सकते हैं।

**घर से बाहर निकलने व प्यास लगने पर पियें भरपेट पानी**

इससे बचाव के लिए लोगों को कड़ी धूप खासकर दोपहर 12 बजे से तीन बजे के बीच बाहर निकलने से बचना चाहिए। पानी ज्यादा से ज्यादा पीएं। हल्के रंग के ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, चश्मा, जूते का इस्तेमाल करें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घर में बने पेय पदार्थ लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ, आम का पना आदि का सेवन करें। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पिलाएं। घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें। रात में खिड़कियां खुली रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें। यह भी एहतियात बरते और धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें। नशीले पदार्थ शराब और अल्कोहल के सेवन से बचें। बासी भोजन न करें, संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते आदि से ढक कर रखें। दोपहर में जिन खिड़कियों व दरवाजों से गर्म हवाएं आती हों, वहां काले पर्दे लगाएं। जहां तक संभव हो घर में ही रहें, सूर्य के सीधो संपर्क में आने से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक सम्भव हो घर की निचली मंजिल पर रहें।

# अवलोकित के बाद अपलोड करें निस्तारण

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ड. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आईजीआरएस पोर्टल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने विभागों के संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक, आईजीआरएस तथा हैल्प लाइन में संतुष्ट एवं असंतुष्ट फीडबैक की जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की पोर्टल पर अपलोड करने वाली आख्या को प्राथमिकता के आधार पर गहनता से अवलोकित करें उसके उपरांत ही पोर्टल पर अपलोड करें। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त विभागों की शिकायतों को गहनता से देखा और उन्होंने कहा कि जो शिकायत अभी तक निस्तारण नहीं की गई है उनका स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए जिससे शिकायत असंतोष जनक श्रेणी में न जाए। इस अवसर पर समस्त संबंधित अधिकारी एवं समस्त आइजीआरएस पटल सहायक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गर्मी के साथ मच्छर कर रहे नींद हराम

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

मौसम में आए भारी परिवर्तन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है।

# आतंकवाद के खिलाफ मुस्लिम महिलाओं ने उठाईं आवाज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पहलगाम में आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत का विरोध बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तानी आतंकवाद के विरोध में पर्दानशीन महिलाओं ने जुलूस निकाला और पाक विरोधी नारेबाजी कर पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की।

**पाक विरोधी नारेबाज़ी कर निकाला जुलूस, भारत से कड़े कदम उठाने की मांग को सौंपा ज्ञापन**

नगर के हसन पैलेस नखासा से एक विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला गया। बाजार मौहल्ला ठेर, कोतवाली रोड, तहसील रोड होता हुआ शंकर कालिज चौराहे से एसडीएम कोर्ट पहुंचा। समाजिक कार्यकर्ता शाहीन अनवर एडवोकेट के नेतृत्व मे निकाले गए मार्च मे जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले मे मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख प्रकट किया गया और आतंकी घटना की कड़े शब्दो मे निन्दा की। आतंकवाद मुर्दाबाद पाकिस्तान हाय-हाय के गगनभेदी नारों संग निकाले गए आतंकवाद के खिलाफ जुलूस में पहलगाम में पर्यटकों की निमर्मता हत्या पर गहरा अफसोस जाहिर किया। हाथों मे तख्तियां लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंची महिलाओं व जुलूस में शामिल लोगों ने एसडीएम वन्दना मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर रिपब्लिकन पार्टी आफ इण्डिया अठावले के जिला अध्यक्ष समीर अहमद, जिला महामंत्री जुबैर अली अल्वी, आईएआईएम के नगर अध्यक्ष मेहरान तुर्की, समाज सेविका फरहत खलील, डा. नाजिम आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जी का जन्मदिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अक्ष्य तृतीया भगवान परशुराम का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया गया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में उपनगरी सराय तरीन के पक्का बाग स्थित मंदिर परिसर में स्थित भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यर्पण किया गया। जबकि भगवान की वंदना की। तत्पचयात भगवान के चरणों में पंचांग को समर्पित कर प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर के के मिश्रा, सतीश शर्मा, राजकुमार शर्मा, ज्ञान प्रकाश, राधेश्याम शर्मा, प्रवीन पाठक, सचिन शर्मा, रजनेश शर्मा, अंकित शर्मा, शिवांश शर्मा, देवांश शर्मा, विजय शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।इस दौरान श्रृद्वालुओं ने भजन कीर्तन भी किया।

# सरपट दौड़ रहे डग्गामार वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है।

शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है। इसे लेकर निजि बस संचालक कई बार विरोध कर चुके हैं,लेकिन डग्गामार संचालकों के हाथ इतने मज़बूत हो गईं हैं कि पुलिस हो या प्रशासन या फिर सम्भागीय परिवहन विभाग इन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। सम्भल-चन्दौसी व सम्भल बहजोई मार्ग पर अवैध तरीके से छोटे एवं बड़े डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। अरटीओ और पुलिस की निगाह के सामने वाहनों का संचालन हो रहा है,लेकिन इन्हे देखकर आंखे मूंदी जा रही हैं। जबकि यह डग्गामार वाहन जबरन सवारियों को अपने वाहन में बैठाकर राजस्व का नुकसान कर रहे है और अपना गोरख धंधा मजे में चला रहे है। यह खेल सम्भल में ही नहीं,बल्कि जनपद के दूसरे शहरों में भी फल-फूल रहा है,लेकिन दिल्ली तक चलने वाली बसें और अन्य वाहन सम्भल से ही होकर गुज़ारी जा रही हैं। थानों और पुलिस चौकियों के सामने से डग्गा मार वाहन दिन हो या रात आसानी से गुज़र जाते हैं।

**राजस्व को खुल्लम खुल्ला पहुंचा रहे हानि**

# बहन के रिश्ते से नाराज किशोर ने प्रेमी पर चाकू से किए कई वार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। समयपुर बादली इलाके मे लड़की से प्यार करने की एवज में लडकी के नाबालिग भाई ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर बहन के प्रेमी पर चाकू से कई वार किये। चाकू पेट में इतने गहरे लगे कि पेट से अतडियां भी बाहर आ गई।

वारदात के बाद तीनों मौके पर से फरार हो गए। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है और नाबालिग के परिजनों से पूछताछ भी कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि समयपुर बादली पुलिस को शाम चार बजे आरएफसी पिज्जा प्वाइंट वीर बाजार स्थित दुकान के बाहर एक युवक पर तीन से चार युवकों ने चाकू से कई वार किये हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। लविश(२४) नामक युवक दुकान के बाहर खून से लथपथ हालत में अधमरी हालत में पड़ा था। लविश को तुरंत नजदीक के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन के बाद लविश की हालत गंभीर बताई। फॉरेंसिक टीम की मदद से वारदात वाली जगह से सबूत इक्ट्ठा किये। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। जिसमें वारदात कैद हुई। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि एक किशोर अपने दो साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया और उस पर हमला कर दिया तथा चाकू से वार किया। घायल लविश का आरोपी की बहन से रिश्ता था जो शालीमार बाग, दिल्ली में लॉयन ब्लड सेंटर में काम करती है। उसके दो भाई हैं। दोनों भाई इस रिश्ते के खिलाफ थे। कुछ महीने पहले बड़े भाई ने लविश को अपनी बहन से दूरी बनाने के लिए कहा। कल उसके छोटे भाई जो १६ साल का है और एसकेवी, एफयू ब्लॉक, पीतमपुरा, दिल्ली में कक्षा १०वीं का छात्र है, ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसे चाकू मार दिया। परिजनों ने बताया कि लविश परिवार के साथ सी-४०, राणा पार्क,बदरपुर इलाके में रहता है। लविश और उसका परिवार रेस्टोरेंट चलाया करता है। जहां पर वारदात हुई,वह उसी दुकान में रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट देर तक चलने पर लविश वहीं पर रुक जाता है। सोमवार को लविश की बहन की शादी हुई थी। मेहमानों के सोने के बैठने के लिये आए गद्दों को टेंट हाउस वाले को भेजने थे।

# तस्कर लाखों रुपये की ड्रग्स के साथ पकड़ा

नई दिल्ली। अपराध शाखा ने दिल्ली और एनसीआर में हेरोइन की तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्जीय ड्रग्स तस्कर रोहित कुमार उर्फ बोंचा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से २००.३२ ग्राम हेरोइन और वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त की है। पुलिस आरोपी के सॉर्स के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा को आरोपी के बारे में जानकारी मिली थी कि वह आउटर रिंग रोड, वजीराबाद में किसी को हेरोइन सप्लाई करने आएगा। एसीपी अजय कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# एसीबी ने सिसोदिया व सत्येंद्र जैन के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, और शिक्षा व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ एंटी क्रप्शन शाखा ने अत्यधिक लागत पर कक्षाओं के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के आरोपों में एफआईआर दर्ज की है।

आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के शासनकाल में दिल्ली में १२,७४८ कक्षाओं/ भवनों के निर्माण में दो हजार करोड़ रुपये का भारी घोटाला हुआ था। निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ था। निर्माण कार्य के लिए कंसलटेंट और आर्किटेक्ट की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से की गई थी। इन्हीं के जरिए निर्माण की लागत बढ़ाई गई। इस मामले में बिना नए टेंडर के कुल ३२६.२५ करोड़ की लागत बढ़ाई गई, जिनमें २०५.४५ करोड़ सिर्फ रिचर स्पेसिफिकेशन के कारण खर्च हुए। आप नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायतें भाजपा प्रवक्ता हरीश खुराना, विधायक कपिल मिश्रा और नीलकंठ बक्शी ने दर्ज कराई थी। एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा ने कहा कि जांच में अज्ञात सरकारी अधिकारियों और ठेकेदारों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। बता दें कि सीवीसी की रिपोर्ट में कई अनियमितताएं सामने आईं, लेकिन इसे तीन साल तक दबाया गया। बताया गया कि १२,७४८ कक्षाओं/ भवनों के निर्माण का ठेका २४ ठेकेदारों को दिया गया था। जो पार्टी के ही कार्यकर्ता थे।

आरसीसी कक्षाओं (७५ साल की उम्र) के बराबर लागत पर अर्ध-स्थायी संरचना (एसपीएस) कक्षाओं (३० साल की उम्र) का निर्माण और एसपीएस को अपनाने से स्पष्ट रूप से कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ। एसीबी रिपोर्ट की मानें तो जिस क्लासरूम को पांच लाख रुपये में बनाया जा सकता था,उसको २४.८६ लाख रुपए में बनाया गया।

# अपहरण व पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत सात वर्ष का कठोर कारावास

## 10 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपहरण व रेप आदि के मामले में थाना गुन्नौर पुलिस द्वारा 413/2019 में एक अभियोग दर्ज किया गया था जिसमें अनिल कुमार पुत्र भीमसैन नि0 ग्राम सिरसा थाना रजपुरा जिला संभल अभियुक्त था तथा पीडिता की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर पॉक्सो एक्ट भी लगायी गयी।

यह केस न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के न्यायालय में सुना गया जिसमें अभियोजन पक्ष की ओर से शासकीय अधिवक्ता आदित्य कुमार सिंह द्वारा मजबूत साक्ष्यों के साथ पैरवी की गई। वहीं अभियुक्त पक्ष की ओर से राम. रहीश यादव द्वारा निर्दोष करार करने के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत किये लेकिन मजबूत साक्ष्यों के आधार पर विद्वान न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह द्वारा धारा 366 में 05 वर्ष का कारावास व 04 हजार रु0 का अर्थदंड, भारतीय दंड संहिता की धारा 494 के अंतर्गत 03 वर्ष का कारावास एवं 02 हजार रु0 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भोगेगा। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4(1) के तहत 07 वर्ष का कारावास व 10 हजार रु0 के अर्थदंड से दंडित किया गया। यदि जुर्माना अदा नहीं किया तो दो माह का कारावास भोगेगा। साथ ही अभियुक्त द्वारा इस प्रकरण में इससे पूर्व में बिताई गई जेल की अवधि सजा में समाहित की गई। यह आदेश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा दिया गया।

# टिमिट के छात्रों ने किया आईआईएमएल ईआईसी, नोएडा कैंपस का शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट- कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण नोएडा स्थित आईआईएमएल ईआईसी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ - एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनक्यूबेशन सेंटर) में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को इनक्यूबेशन, स्टार्टअप्स और नवाचार के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था, जिससे वे भविष्य में उद्यमिता के क्षेत्र में अपने कदम मजबूती से रख सकें। इस शैक्षिक भ्रमण में एमबीए, बी.कॉम और बीबीए प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों को आईआईएमएल ईआईसी की कार्यप्रणाली, स्टार्टअप सपोर्ट सिस्टम, नवाचार से जुड़े प्रोजेक्ट्स और उद्योगों के साथ चल रहे सहयोगों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रों ने विभिन्न स्टार्टअप्स की यात्रा, उनके संचालन के तरीके और चुनौतियों के समाधान के तौर-तरीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। आईआईएमएल ईआईसी की विशेषज्ञ टीम द्वारा उन्हें इनक्यूबेशन प्रक्रिया, फंडिंग के चरण और उत्पाद विकास की




रणनीतियों पर जानकारी दी गई, जिससे छात्रों के भीतर उद्यमशीलता की समझ और भी गहरी हुई। इस शैक्षिक भ्रमण का समन्वय टिमिट के शिक्षकों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। दोनों ही समन्वयकों ने छात्रों की भागीदारी, जिज्ञासा और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह भ्रमण छात्रों के करियर निर्माण में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की विजिट्स से छात्रों को क्लासरूम से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को समझने और नवाचार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलती है। टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने इस अवसर पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, आज के दौर में सिर्फ किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग की वास्तविकताओं से जोड़ना बेहद आवश्यक है। आईआईएमएल ईआईसी जैसे संस्थानों का भ्रमण छात्रों को नवाचार, नेतृत्व और उद्यमिता की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करता है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उन्होंने आयोजन टीम और भाग लेने वाले सभी छात्रों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। यह शैक्षिक भ्रमण टिमिट की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसके अंतर्गत वह छात्रों को केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने का निरंतर प्रयास करता रहा हैं

## एक नजर

### अटल आवासीय विद्यालय का विधायक मौ. फहीम ने किया औचक निरीक्षण

**बिलारी।** सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने ग्राम पीपली में बन रहे अटल आवासीय विद्यालय के अंतिम चरण के निर्माण प्रगति का जायजा लेने और नए शैक्षिक सत्र की पढ़ाई की जानकारी लेने पहुंचे। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने मौजूद प्रधानाचार्य कैलाश चंद और सिविल निर्माण जेई से बातचीत की। इस दौरान सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने जेई से कहा कि जो वाटर



सप्लाई और एक्सटरनल डवलमेंट का बकाया निर्माण रह गया है उसमें शीघ्रता लाते हुए अतिशीघ्र कार्य का निपटाने का कार्य करें। प्रधानाचार्य कैलाश चन्द से नए शैक्षिक सत्र को 15-20 दिन में आरम्भ करने की बात कही। इस दौरान नवनियुक्त प्रधानाचार्य कैलाश चन्द ने बताया कि उनके विद्यालय के 323 बच्चे बुलन्दरशहर के अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ रहे है, इसके अलावा 280 बच्चों का इस सत्र में नया प्रवेश हुए है उन सभी विद्यार्थियों को 15-20 दिन में बुलाकर शैक्षिक सत्र की शुरूआत करा दी जाएगी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान से बाहरी छात्रों की आने जाने की सुविधा को देखते हुए अटल आवासीय विद्यालय को रेलवे लाइन से जोड़े जाने, स्थानीय मजदूरों के बच्चों को प्रवेश हेतू ज्यादा से ज्यादा सीटे आरक्षित करने, एनएच 509 से जरगांव रेलवे स्टेशन होते हुए अटल आवासीय विद्यालय को पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग रखी। सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि मुरादाबाद मंडल के एकमात्र अटल आवसीय विद्यालय को बनवाये जाने को लेकर उन्होंने प्रयास किया, जल्द ही अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण पूरा होने के बाद शैक्षिक सत्र की शुरूआत कर बच्चों की पढ़ाई आरम्भ कर दी जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से हाजी मौहम्मद उस्मान एडवोकेट, रमेश चन्द्र, गोपाल, अर्जुन, राकेश, गफफार अली, एपी यादव आदि मौजूद रहे।

### दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को दिया तीन तलाक, केस दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव लालुवाला में दहेज में पांच लाख रुपए नही लाने और बच्चे पैदा नही होने पर पति ने पत्नी को तीन तालाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने पति,दो ननद और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,जान से मारने की धमकी और तीन तालाक देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव पूरनपुर निवासी हसरत अली की बेटी राबिया ने कहा है कि पिता ने दो वर्ष पूर्व उसका विवाह गांव लालुवाला निवासी बाबू के बेटे ताहिर के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से किया था। पिता ने उपहारों में बाईक के साथ 70हजार की नकदी भी दी थी। ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। पिता के घर से दहेज में पांच लाख रुपए लाने की मांग को लेकर पति ताहिर,देवर आमिर और ननदें आसमा व फात्मा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। 24 अप्रैल को पति ननदें और देवर ने एक राय होकर मारपीट की और कहा कि दो वर्ष में भी तेरे बच्चा पैदा नही हुआ है। तु हमारे घर से चली जा नही तो तुझे जान से मार देंगे। यह कहकर पति ने एक साथ तीन तालाक दे कर घर से बाहर निकाल दिया। उसके बाद से पिता के घर रह रही हूं। पुलिस ने पति,देवर और दो ननद के खिलाफ तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोवंशीय पशु का वध करने में पांच के खिलाफ केस दर्ज, एक को जेल

**भोजपुर।** पुलिस ने धर्मपुर आंगा रोड पर ढेला नदी के जंगल में गोवंशीय पशुओं का वध कर रहे एक मांस तस्कर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। उसके 4साथी पुलिस को चकमा देकर भाग गए। मौके से टाटा मैजिक, 4 बाइकें,दो एमरजेंसी लाइटें एवं मांस काटने में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर सील कर दिए। रात को एक बजे कस्बा चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह पुलिस दल के साथ धर्मपुर आंगा रोड पर गस्त कर रहे थे। मुखबिर ने ढेला नदी के किनारे प्रतिबंधित पशुओं का वध करने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो पांच युवक बैल के पैरों में रस्सी बांधकर वध कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया। उसके चार साथी अंधेरे का लाभ उठाकर पुलिस को चकमा देकर भाग गए। पुलिस ने मौके से दो जिंदा बैल, चार बाइकें,टाटा मैजिक,दो एमरजेंसी लाइटें, छुरी, कुल्हाड़ी,सुमी, लकड़ी का गुटका कब्जे में लेकर सील कर दिया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम आस मौहम्मद पुत्र कलुआ निवासी गुलाब बड़ी बताया। उसने अपने भागे हुए साथियों के नाम नसीम उर्फ नन्दू पुत्र बाबू,मोनिस पुत्र शफीक,अल्तमस पुत्र शहजादे, कमर पुत्र हफीजुल बताया। टाटा मैजिक जुनैद पुत्र भूरा का बताया। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ गोवंशीय पशु वध अधिनियम के आरोप में मुकदमा दर्ज कर आस मौहम्मद का चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

● अखिलेश यादव की तुलना भीमराव अंबेडकर से करने पर बवाल

# भाजपा ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आवाहन पर प्रदेश में सभी मुख्यालय एवं बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष भाजपा अनुसूचित मोर्चा के तत्वाधान में विरोध प्रदर्शन किया गया। सपाईयों ने जिस तरह संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डा.भीम राव अंबेडकर की तुलना सपा मुखिया अखिलेश यादव से करते हुए दर्शाए गए चित्र को बैनर में दिखाया गया है उसके विरोध में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मूर्ति के तत्वाधान में पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया गया इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी महानगर अनुसूचित मोर्चा के तत्वाधान सिविल लाइन के अंबेडकर पार्क में हाथों में तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य किशन लाल जाटव ने कहा कि संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर जी के चित्र को आधा काट कर और आधा चित्र सपा मुखिया अखिलेश यादव का साथ में जोड़ कर प्रदर्शित किया गया जिसका हम सभी भाजपाई घोर विरोध करते है भारत माता की जय,बाबा साहब अमर रहें बाबा साहब का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान बाबा साहब का अपमान बंद करो जैसे नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। किशन लाल जाटव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार बाबा साहब का अपमान करती रही है।

दलित उत्पीड़न का इनका पुराना इतिहास रहा है। महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल ने कहा कि सपाई हमारे आराध्य संविधान रचयिता भारत बाबा साहब डा.भीम राव अंबेडकर जी की तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की तस्वीर जोड़ कर क्या प्रदर्शित करना चाहते है क्या सपाई यह प्रदर्शित करना चाहते है कि बाबा साहब के बराबर कद है उनका बाबा साहब ने संविधान लिखा है पूरे देश में उनके बराबर शिक्षित कोई नहीं है ना ही कभी होगा। महानगर मंत्री शशि



किरण ने कहा कि सपाई उनके नाम का राजनीति इस्तेमाल कर रहे हैं बाबा साहब सर्व समाज के थे वह किसी भी जाति विशेष के नहीं थे। मोनिका गौतम ने कहा कि बाबा साहब का इस तरह से अपमान करना दलित समाज का ही नहीं बल्कि सर्व समाज का अपमान है। विरोध प्रदर्शन में किशन लाल जाटव,दिनेश शीर्षवाल शशि किरण,विनय राजोरिया,संजीव बाल्मीकि,,मिथुन शर्मा,सोमपाल सिंह प्रजापति,विशाल रस्तोगी, दिलीप दिवाकर,मोनिका गौतम, संजीव चौधरी बाल्मिकी,नीरज कुमार, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जयसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता,महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा,हेमराज सैनी,सर्वेश पटेल निगम उपसभापति गौरव श्रीवास्तव,निगम उपनेता सुरेंद्र बिश्नोई,राजेश गुप्ता,तुषार कुमार,दिनेश गोला फुरकान हुसैन,योगेन्द्र रस्तौगी, रमाकांत दिवाकर, सौरभ सक्सैना सुमित कुमार, हरिओम सैनी,बंटी सैनी आदि शामिल रहे।

# अक्षय तृतीया पर किया गया सत्कर्म दान-पुण्य होता है अक्षय फलदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** यूं तो हमारा देश पर्वों से परिपूर्ण है । उन्हीं पर्व में एक पर्व है अक्षय तृतीया। इसी तिथि को महाभारत और द्वापर युग का समापन हुआ तथा महर्षि परशुराम जी का भी जन्म हुआ था। इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इसलिए हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का बहुत ही महत्व बताया गया है। उक्त विचार गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने अक्षय तृतीया पूजा के समय व्यक्त किए। बुधवार को प्रेम शांति सदन में दीप यज्ञ के माध्यम से अक्षय तृतीया पर्व पर भगवान विष्णु मां लक्ष्मी और गणेश जी की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर उनसे प्राप्त फल के विषय में बताते हुए आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि अक्षय तृतीया पर शांत चित्त होकर नैवेद्य, गेहूं का सत्तू, चने की दाल से विधि विधान से भगवान विष्णु मां लक्ष्मी की पूजा करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इसीलिए अक्षय तृतीया के दिन जल से भरे घड़े, छाता, चावल, नमक, चीनी आदि वस्तुओं का दान-पुण्य करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर अपने अच्छे आचरण और सद्गुणों से दूसरों का आशीर्वाद लेना अक्षय रहता है। भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा से इस दिन किया गया आचरण और सत्कर्म अक्षय फलदाई देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदित्य राघव,दीपक सिंह , दीपू, नैतिक, श्रीमती रुचि राघव, निधि सिंह, मीनाक्षी देवी, दीपा राघव आदि सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे

# एक साथ 21 युवक-युवतियों का पढ़ाया निकाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** बुधवार को शाह सकलैन एकेडमी की ओर से सामूहिक निकाह का आयोजन किया गया. इसमें 21 मुस्लिम युवक-युवतियों का निकाह हुआ, हजरत गाजी मियां ने निकाह पढ़ाने के बाद दूल्हा-दुल्हन (पति-पत्नी) के लिए दुआ की, इसके साथ ही दुल्हन को दूल्हा की इज्जत करने की सलाह दी, मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र के जुम्मा मस्जिद रोड साबिरी शादी मैरिज हॉल में बुधवार को निकाह समारोह में पहुंचे हजरत गाजी मियां के नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम की शुरुआत कुरान शरीफ की तिलावत से हुई,उलमा ने कार्यक्रम को संबोधित कर गैर शरीयत काम और फिजूलखर्ची से बचने की सलाह दी,उन्होंने कहा कि, गैर शरई और फिजूलखर्ची की वजह से हालात बद से बदतर हो चुके हैं,इसके साथ ही गरीब अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, बच्चियों की शादियां इस्लामिक तौर तरीकों से करने की सलाह दी, एक ही समय पर 21 युवक-युवतियों का निकाह हुआ,शाह सकलैन एकेडमी की तरफ से दूल्हा-दुल्हन को घर के जरूरी सामान दिए गए।



सामूहिक शादी समारोह में बरेली के साथ-साथ मुंबई से भी तमाम प्रमुख लोग शामिल हुए,दरगाह शाह हजरत गाजी मियां ने भी दुआएं की ,शाह सकलैन एकडेमी हर साल सामूहिक निकाह का आयोजन करती है,आगे भी ऐसे आयोजन करने की बात कही,इस दौरान मुराद अली सकलैनी, मंडल अध्यक्ष,इन्दाज हुसैन सकलैनी, जिलाध्यक्ष,हाजी रहीस सकलैनी जिला सचिव, सज्जाद अली सकलैनी मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति ने मनाया अक्षय तृतीया उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अक्षय तृतीया के महान पर्व पर जैन धर्म के अनुसार प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान को 13 महीने 8 दिन पश्चात राजा श्रेयांश द्वारा कठिन व्रत के उपरांत इक्षु रस आहार हुआ था। जैन मतानुसार दानों में सर्वश्रेष्ठ दान आहारदान है, इसीलिए अक्षय तृतीया का दिन बहुत ही पावन माना जाता है। इस दिन सभी जैन श्रावक बहुत ही हर्षोल्लास के साथ शहर में जगह-जगह निशुल्क इक्षुरस का वितरण करवा कर पुण्य अर्जित करते हैं और खुशियां मनाते हैं। जैन धर्म के आदि प्रवर्तक सभी ने शीश झुकाते हैं ऋषभ प्रभु के पारण दिन को अक्षय तृतीया मानते हैं। अक्षय तृतीया के इस महान दिन पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति मुरादाबाद द्वारा जेना गेस्ट हाउस बुध बाजार चौराहा पर इक्षुरस (गन्ने का




रस) वितरण करके धर्म प्रभावना की गई। जिसमें शिखा जैन (प्रांतीय अध्यक्ष), विधि जैन (प्रांतीय उपमंत्री), एकता जैन (प्रांतीय सांस्कृतिक मंत्री), ममता जैन (मंडल अध्यक्ष), अर्चना जैन (अध्यक्ष), अलका जैन (उपाध्यक्ष), मृदुला जैन (उपमंत्री) ,अंजू जैन, शिवानी जैन, मेघा जैन, शिखा जैन (मंत्री महिला जैन समाज), ऋतु जैन, शिप्रा जैन, सरिता जैन, रुचि जैन, दीप्ति जैन आदि समिति की सभी बहनों का पूर्ण सहयोग रहा

# परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बुधवार को नगर में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई और नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ बड़ा महादेव स्थित मंदिर से किया गया और नगर भ्रमण के पश्चात् वापिस मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने भगवान परशुराम की झांकी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मल्यार्पण तथा पूजन तिलक भोग लगाकर किया। साथ ही आरती ब्राह्मण शक्ति संघ के संस्थापक पण्डित हरद्वारी लाल मिश्रा ने की। शोभायात्रा में डीजे साउंड तथा बैंड भगवान परशुराम का गुणगान करते चल रहे थे।

बता दें कि वैदिक पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान परशुराम की आराधना करने से व्यक्ति सभी प्रकार के दु:खों से मुक्ति पा सकता है। भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका व ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था। परशुराम की तेज बुद्धि और निष्ठा से प्रसन्न होकर ऋषि जमदग्नि ने उन्हें समस्त शास्त्रों और शस्त्रों का ज्ञाता होने का आशीर्वाद भी दिया। हालांकि अपनी मां का वध करने के कारण परशुराम को मातृहत्या का पाप लगा। इस पाप से मुक्ति पाने के लिए उन्होंने भगवान शिव की घोर तपस्या की। भगवान शिव ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें पाप से मुक्त किया और परशु नाम दिव्य अस्त्र प्रदान किया। इसी कारण वे परशुराम कहलाए। इसलिएस आज भी भगवान परशुराम का जीवन आज्ञापालन, तपस्या व धर्म रक्षा के प्रतीक के रुप में किया जाता है।



# नगर पंचायत पाकबड़ा सहित तीन ईओ का हुआ तबादला

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा की ईओ पवित्रा त्रिपाठी का हुआ तबादला नगर मे सरकारी जमीन बिना जांच किए ही प्रधानमंत्री आवास बनबा दिए गए प्रधानमंत्री आवास से ही पवित्रा त्रिपाठी सुर्खियों में चल रही थी इस के साथ ही नगर पंचायत पाकबड़ा की ईओ का तबादला हो गया है। पाकबड़ा के अलावा नगर पालिका ठाकुरद्वारा और नगर पंचायत उमरी कला के ईओ को भी तबादला किया गया है। तीनों नगर पंचायत में अभी कोई नए ईओ की तैनाती नहीं हुई है ठाकुरद्वारा व उमरी कला नगर पंचायत के ईओ को भी तबादले की सूची जारी की गई। इसमें नगर पंचायत पाकबड़ा की ईओ पवित्रा त्रिपाठी का भी नाम शामिल है।जिनके तबादले को प्रधानमंत्री आवास प्रकरण से जोड़कर देखा जा रहा है। पाकबड़ा के बार्ड पांच मोहल्ला सराय में कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर प्लॉटिंग कर के लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनबा दिए गए है जब यह मामला सामने आयातो नगर पंचायत पाकबड़ा मे चर्चाओं का विषय बन गया। सरकारी जमीन पर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराने वालों को नगर पंचायत की ओर से कई बार नोटिस भी भेजा गया है। हालांकि प्रशासन ने इससे इंकार किया है। एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र ने बताया कि तीन नगर पंचायत के ईओ का तबादला हुआ है। इसमें ठाकुरद्वारा नगर पालिका, पाकबड़ा नगर पंचायत, और नगर पंचायत उमरी कलां के ईओ भी शामिल रहे हैं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र किशनलाल को गलत आचरण को देखते हुए चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **राम मोहन पुत्र बाबू निवासी धर्मपुर कला तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने सगे भाई बीनू कश्यप पुत्र रामसेवक व ( माता ) श्रीमती रामवती पत्नी रामसेवक व (चाचा) हरनंदन निवासीगण अंबेडकर नगर निकट शिवपुरी थाना कटघर मुरादाबाद को गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **सुनील व अर्जुन पुत्रगण रामसेवक निवासी लंका बाग गोविंद नगर थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र विक्की सैनी व पुत्रवधू श्रीमती सोनम सैनी को गलत आचरण, दुर्व्यवहार,विवाद व कलह करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर अपने समस्त संबंधो से विच्छेद कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **अमर सिंह पुत्र लटूरी सिंह निवासी: मीरपुर ,मिलन विहार ,थाना मझोला, मुरादाबाद**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र धर्मेंद्र व पुत्रवधू श्रीमती अंजू को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य मे इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **दिनेश कुमार पुत्र हरदेव सिंह निवासी ग्राम गुरैठा थाना पाकबडा, जिला मुरादाबाद**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र शाहनवाज एवं पुत्रवधू श्रीमती फरजाना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती नाजमीन पत्नी शब्बू निवासी ततारपुर अगवानपुर थाना सिविल लाइन, जिला मुरादाबाद।

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरने को लेकर कपिल सिरोही ने किया क्षेत्र में जनसंपर्क

**कांठ( शाह टाइम्स )**उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने आज विभिन्न गांव का दौरा कर शिक्षकों से संपर्क किया और 14 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर गुरुवार को प्रस्तावित धरने - प्रदर्शन में भाग लेकर इसे सफल बनाने का आह्वान कियास संघ के प्रांतीय आह्वान पर 1 मई 2025 को उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं एवं निराकरण के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबंधित ज्ञापन दिया जाएगा। इसी के संबंध में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद पर धरना देकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम प्राथमिक शिक्षक संघ मुख्यमंत्री को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें संघ ने मांग की है कि 1 अप्रैल 2005 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित करने, भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का समय प्रात: 7:00 से दोपहर 12:00 बजे तक करने, चयन वेतनमान पर 12 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद प्रोन्नत वेतनमान देने के संबंध में तथा समान वेतन के पद का समान वेतन से स्थानांतरण करने के संबंध में ज्ञापन दिया जाएगा।

ज्ञापन के माध्यम से संघ मांग रखेगा कि मानव संपदा पोर्टल को आसान बनाया जाए। जिन बच्चों का प्रवेश बेसिक विद्यालय में बिना आधार कार्ड के होता है उनके आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था प्रधानाध्यापक की संस्तुति पर की जाए तथा 1 अप्रैल 2014 के बाद शिक्षकों को मिलने वाली सामूहिक बीमा की राशि भी दी जाए तथा दिव्यांग वाहन भत्ते में भी बढ़ोतरी की जाए। ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने बताया कि 1 मई को अधिक से अधिक शिक्षक मुरादाबाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरने को सफल बनाएं स जनसंपर्क के दौरान उनके साथ मौहम्मद रिजवान (कोषाध्यक्ष), दुष्यंत यादव (तहसील प्रभारी) कृष्ण गोपाल ( उपाध्यक्ष) मेघराज सिंह( मंत्री) आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## जनपद में पशु चिकित्सकों का टोटा, गोवंश को भी नहीं मिल पा रहा समुचित इलाज

**कांठ( शाह टाइम्स )**। लाखों गोवंश और अन्य पशुओं के इलाज के लिए 21 अस्पताल हैं, लेकिन नौ अस्पताल में एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं हैं। चकफेरी अस्पताल की महिला डॉक्टर 11 माह से अवकाश पर हैं। इसी कारण किसानों के कॉल करने पर चिकित्सक तत्काल नहीं पहुंच पाते हैं।मुरादाबाद सदर ब्लॉक के सदर अस्पताल में डिप्टी सीवीओ मौजूद हैं, लेकिन ताजपुर अस्पताल में एक भी डॉक्टर नहीं हैं। मूंढापांडे ब्लॉक में भी तीन अस्पताल में जो डॉक्टर मौजूद है स लेकिन डिलारी में एक भी नहीं हैस कुंदरकी और डींगरपुर में पशु चिकित्सालय में कोई डॉक्टर नहीं हैस छजलैट ब्लॉक में दो अस्पताल है इनमें कांठ के अस्पताल में एक भी डॉक्टर नहीं हैसपशु पालन विभाग के अनुसार जिले में 2019 की गणना के अनुसार पांच लाख 85 हजार 654 पशु मौजूद हैं, जो 2025 में बढ़कर छह लाख से अधिक हो गए हैं। इसमें 176934 गोवंश और 408790 भैंस मौजूद हैं। इसके साथ ही जिले में 35 गोशालाओं में 7643 गोवंश रखे गए हैं। जिले में 45 पशु सेवा केंद्र हैं। पशु सेवा केंद्र 36 पशु प्रसार अधिकारियों के माध्यम से संचालित हैं। ठाकुरद्वारा ब्लॉक में भी तीन अस्पताल हैं। लेकिन शरीफ नगर में डॉक्टर नहीं हैं।सूरजन नगर में डॉ. धर्मेंद्र सिंह हैं, लेकिन उनका तबादला हो गया है। डीएम के निर्देश पर धर्मेंद्र सिंह को रोका गया है। डिलारी ब्लॉक में तीन अस्पताल हैं लेकिन डिलारी और चकफेरी में कोई डॉक्टर नहीं है। चकफेरी अस्पताल की डॉक्टर महीनों से अस्पताल नहीं आई। विभाग के लोगों ने बताया कि डॉ. अमिता शर्मा अवैतनिक दीर्घ कालिक अवकाश पर हैं।

## ग्राम प्रधान को गिरफ्तार करने के मामले में भड़का प्रधान संगठन



**बिलारी।** ब्लॉक बिलारी की ग्राम पंचायत बनियाठेर के ग्राम प्रधान को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने पर पुलिस ने बुला लिया और बिना जांच कर ही प्रधान को गिरोह का सदस्य बनाकर जेल भेज दिया। इस मामले को लेकर प्रधान संगठन भड़क गया। तहसील पहुंचने पर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया। बुधवार को भारी तादात में ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि बनियाठेर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान अशोक कुमार को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने पर पुलिस द्वारा बिना जांच करें गिरोह में शामिल करके जेल भेज दिया। इस मामले की उच्च अधिकारियों से जांचकर कर ग्राम प्रधान को न्याय दिलाने की मांग उठाई अन्यथा धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी। एसडीएम बिलारी ने मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों को भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बहादुरपुर माजिद हुसैन, सिहाली माला हदीसा उमरारा शर्मिला, जगवती, अनीता देवी, शीतल देवी, लौग श्री, संजीव चौधरी, कुलदीप सिंह, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद आरिफ आदि के अलावा भारी तादाद में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## भावाधस ने कैंडल मार्च निकाल कर आंतकियों के लिए फाँसी की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगर में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भावाधस के नेतृत्व में भारी संख्या लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। नगर में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कैंडल मार्च निकालते हुए बताया कि पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा 26 व्यक्तियों की निर्मम हत्या कर दी गयी है. जिसमे



धर्म पूछकर गोली मारने की घटना सामने आयी है। जिसकी वजह से पूरे भारत देश में शोक की लहर है। इस संबंध में कैंडिल मार्च वाल्मीकि बस्ती से होकर मछली बाजार मेन मार्केट से एस०डी०एम० कोर्ट होते हुए ब्लॉक पर संपन्न हुआ। भावाधस इसकी कड़ी निंदा करता है और आतंकवादी हमले में मारे गये परिवार वालों के साथ न्याय की मांग करता है एवं जिन आतंकवादियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी, उन्हें भारत में लाकर फांसी देने की मांग की है। इस दौरान कैडिल मार्च में नगर उपाध्यक्ष भावाधस अक्षय वाल्मीकिन , व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गौरव चौहान, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुभाष चौधरी, ओमकार, अंकित, आकाश कुमार, विपिन कुमार, सोनू, मोनू सम्राट मुन्नू मानव देव सिंह. सुरेन्द्र, आदित्य, लब, विशाल, लक्की, राजीव राय शिवकुमार अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प दे कर किया जोरदार से स्वागत

**सुरजननगर ।** सहारनपुर कार्यक्रम से होकर वीरूवाला जा रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता हेमंत कुमार हैप्पी व ग्राम प्रधान वीर सिंह ने सुरजन नगर के मुख्य बस स्टैंड पर स्वागत किया। सुर. जननगर पहुंचने पर कार्यकर्ताओ ने प्रदेश अध्यक्ष को पुष्प देकर स्वागत किया बता दें कि प्राप्त उक्त सूचना द्वारा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहारनपुर के जसवंत सिंह सैनी की पुत्री के विवाह समारोह में गए थे जहां से लौटते समय वीरूवाला के भाजपा कार्यकर्ता गजेंद्र सिंह प्रधनाचार्य के पोत्री के जन्मोत्सव में सम्मिलित के लिए जा रहे थे। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कार्यकर्ता हेमंत कुमार हैप्पी ग्राम प्रधान वीर सिंह सुबोध बिश्नोई व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान , उमेश त्यागी विमल बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में तीन की मौत, तीन घायल

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** विवाह समारोह से लौट रहे लोगों की ऑल्टो कार बुधवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा परम मार्ग पर सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना में छह लोग गंभीर घायल हो गए। जिनमें दंपति सहित मासूम की मौत हो गई। वही तीन लोग चिंताजनक हालत में हायर सेंटर रैफर कर दिया है। जनपद बिजनौर के फिना रामपुर थाना शिवाला कला निवासी सोविन्द सिंह पुत्र रघुनन्दन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई कविराज पुत्र रघुनन्दन सिंह परिवार के साथ गांव खाई खेड़ा में विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए आया था। बुधवार की सुबह लगभग 3.00 बजे यह परिवार अल्टो कार से घर के लिए वापस चल पड़ा। कार कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा परम के सामने पहुंची तो सड़क के किनारे खड़ी लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना में रामपुर फिना निवासी कविराज पुत्र रघुनंदन सिंह 36 वर्ष, उनकी पत्नी मंजू 34 ,पुत्री आराध्या 11 वर्ष की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में तासु पुत्री सतीश 18 वर्ष, लक्ष पुत्र कविराज 12 वर्ष और जानू पुत्र नामालूम 35 वर्ष गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुँची कोतवाली पुलिस द्वारा मृतकों और घायलों के परिवार वालों को सूचना भिजवा दी गई हैं। जिससे परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही कोतवाली पहुँच गए वही कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा



भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी जीसपर कोतवाली पुलिस भाई की तहरीर के आधार पर सरोज 855 टैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर टैक्टर कब्जे में के लिया है। वही टैक्टर चालक मौके से फरार हो गया है।

## अंगूठी उड़ाने वाला आरोपी व सुनार गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा ठग विवेक शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। जिसने दर्जनों लोगों को मामा मोसा नमस्ते के जाल में फंसा कर उनके सोने के आ भुषण ठग लिए। पुलिस ने सुनार दिनेश राजपूत निवासी थाना बहजोई को भी पकड़ा है। जो ठगी किया गया सामान खरीदा करता था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रामगंगा विहार निवासी रिटायर्ड कोर्टकर्मी के साथ हुई ठगी का खुलासा किया है। सिविल लाइन पुलिस ने रामगंगा बिहार फेज 2 निवासी गिरराज स्वरूप भटनागर जिला न्यायालय में पेशकार के पद से रिटायर्ड हैं। वर्तमान में वह वकालत करते हैं। बीते 3 अप्रैल को उन्होंने ठगी का केस दर्ज कराया जिसमें बताया कि 18 अप्रैल को सुबह के समय वह शांति साड़ी निकेतन के पास फूल तोड़ने गया था। वहीं बाइक सवार युवक आया और नमस्ते किया बाइक सवार ने अपनीं बातों में फंसा कर गिरराज स्वरूप के सोने की पुखराज लगी अंगूठी उतर वाली और लेकर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई। मंगलवार को एस एच ओ मनीष सक्सेना एस आई कुलदीप राणा व अनुज सिंह व पुलिस टीम ने इस मामले में बिलारी थाने के सहसपुर में रहने वाले निवासी बरेली ठग विवेक शर्मा व सुनार दिनेश राजपूत को गिरफ्तार कर लिया और थाने में लाकर जेल भेज दिया।

## प्रतिभा खोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम "अभिव्यक्ति 3.0" का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की संयोजि. का डॉ. तृप्ति पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे कि कॉमेडी, मेहंदी, हेयर स्टाइल ,नृत्य कला, पेंटिंग आदि आयोजित हुईं।

कार्यक्रम के प्रथम दिन विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने डांसिंग, सिंगिंग, स्टैंड अप, कॉमेडी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा दूसरे दिन मेंहदी, नेल्स आर्ट, पेंटिंग बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, फ्लेमलेस कुकिंग, सलाद सजाना, हेयर स्टाइल, फैशन शो आदि कार्यकर्मों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति पांडे ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में




आयोजन सचिव डॉ. अशोक कुमार, सह संयोजिका डॉ. स्मिता ज्योति समेत डॉ. अतानु नाग, डॉ. ऋद्धि गर्ग, डॉ. पूजा नारंग, डॉ, निधि तिवारी, कु. मीनू, डॉ. शिव प्रताप सिंह एवं श्री दीपक शर्मा आदि शिक्षकों का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विभिन्न विभागों के 120 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

## छत पर लकड़ी रखने को लेकर मारपीट, तीन घायल

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव सरकडा बिश्नोई में मकान की छत पर लकड़ी रखने को लेकर दो पक्षों में मारपीट महिलाओं समेत तीन घायल हो गए,गांव निवासी विशाल ,दीपांशु. सरिता, अपने मकान की छत पर लकडियां रख रही थी, तभी गांव निवासी विद्या देवी, कमलेश, दिनेश ,ने विरोध किया। जिस पर दोनों पक्षों में गली-गलौच होते हुए मारपीट होने लगी। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें महिलाओं सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, चीख पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने घटना स्थल पर पहुंचकर बीच बचाया किया, पीड़ितों ने थाना डिलारी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कर प्राथमिकी की दर्ज कर ली है।

## आईएफटीएम में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सेमिनार' का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ की ओर से भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान न केवल हमारे अधिकारों का संरक्षक है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक भी है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संविधान हमारी परम्पराओं और आस्थाओं का केंद्र बिंदु है, जिसकी धुरी से सभी नागरिक बंधे हुए हैं। सेमिनार के मुख्य वक्ता व स्कूल ऑफ लॉ के निदेशक डॉ. श्याम बिहारी मिश्रा ने कहा कि भारतीय संविधान को एक जीवंत दस्तावेज बनाने में डॉ. भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस दस्तावेज में ऐसे प्रावधान सम्मिलित किये हैं जो हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू को प्रभावित करते हैं और इसके मौलिक सिद्धांतों को हमें आत्मसात करना चाहिए, ताकि अपने व्यक्तित्व एवं देश को सतत विकास की ओर बढ़ाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में संविधान का अध्ययन मार्गदर्शक के रूप में किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान संविधान के विभिन्न बिंदुओं पर शिक्षकों एवं विद्यार्थिओं द्वारा शोध पत्र प्रस्तु किये गये। शोध पत्रें के माध्यम से संविधान के अति महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी और विभिन्न टेक्निकल सेशन में प्रश्न-उत्तर भी किये गए तथा संविधान के नए आयामों पर भी चर्चा की गयी। सेमिनार के संयोजक व विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र सिंह ने सेमिनार की आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय संविधान असीम आशाओं एवं आयामों का एक संग्रह है, जिसको



सहेजने में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की महत्वपुर्ण भूमिका रही। अंत में डॉ. सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सेमिनार का संचालन स्कूल ऑफ लॉ की शिक्षिका सुश्री ऊर्जा अरिवान द्वारा किया गया। सेमिनार में स्कूल ऑफ लॉ के सभी शिक्षकों समेत 60 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जायंट्स ग्रुप ने किया अधिष्ठापन समारोह

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी का अधिष्ठापन समारोह स्टेशन रोड स्थित एक सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में फेडरेशन-5 के अध्यक्ष डॉ उमेश अग्रवाल उपस्थित रहे। स्पेशल कमेटी मेंबर डॉक्टर सुधा चौधरी एवं बीएमजी डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ अलका अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। फेडरेशन-5 के अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों का ग्रुप के सदस्यों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील सक्सैना एवं डीओए मनोज कुमार सिंघल ने अपना चार्ज 2025 के डीओए वीरेंद्रपाल गुप्ता को सौंपा। समारोह को रोचक बनाने के लिए महिलाओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आशा बिसा. रिया ने संभल जिले का गुणगान करते हुए गीत सुनाया। कार्यक्रम में मनोज कुमार सिंघल, क्षमा अग्रवाल, चंद्रक. ांता सिंघल, विजय प्रकाश अग्रवाल, दिनेश सरण अग्रवाल, रश्मि गुप्ता, ललित भारतीय, अनिल महावर, अनिल कुमार शर्मा, पदमा भार्गव, राजीव गुप्ता, सरस्वती प्रसाद रूस्तगी, विनोद सब्बरवाल, संजीव कुमार गुप्ता, ऋषभ कुमार, मधु गुप्ता, कविता, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## अंजली सिंह बनी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कांठ शाखा की चीफ मैनेजर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** प्रदेश में एक मई से अस्तित्व में आए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा का चीफ मैनेजर के रूप में बुधवार को अंजली सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है स इस पद पर कार्य कर रहे गुरप्रीत सिंह को समारोह पूर्वक विदाई दी गई और उनके व्यवहार की सराहना की गई स उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, जो तीन ग्रामीण बैंकों के विलय से बना है इनमें आयावर्त बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक और बड़ौदा यूपी बैंक हैं। अस्तित्व में आने के साथ ही उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रदेश का सबसे बड़ा बैंक बन गया है। इसकी प्रदेश के 75 जिलों में 4317 शाखाएं होंगी। इसका मुख्यालय लखनऊ में होगा और इसका प्रायोजक बैंक ऑफ बड़ौदा होगा। केंद्र ने यूपी सहित 11 राज्यों में ग्रामीण बैंकों के राज्य स्तरीय विलय की अधिसूचना जारी कर दी है। एक राज्य-एक ग्रामीण बैंक लागू करने के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित विलय राजपत्र अधिसूचना में 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 11 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। आरआरबी के एकीकरण का यह चौथा चरण होगा। इसके पूरा होते ही ऐसे बैंकों की संख्या



43 से घटकर 28 रह जाएगी। दरअसल, केंद्र ने वित्त वर्ष 2004-05 में आरआरबी के संरचनात्मक एकीकरण की पहल की थी। इसके तहत अब तक तीन चरणों में आर आरबी की संख्या 2020-21 तक 196 से घटकर 43 रह गई थीस वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम-1976 की धारा 23ए (1) के तहत 11 राज्यों उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, - गुजरात, जम्मू- कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान में मौजूद आरआरबी का एक इकाई में विलय होगा। इस तरह एक राज्य-एक आरआरबी के लक्ष्य को साकार किया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा में आज आयोजित कार्यक्रम में वर्तमान शाखा प्रबंधक गुरप्रीत सिंह चावला को विदाई दी गईस उनके स्थान पर आई मुख्य मैनेजर अंजली सिंह ने आज स्टाफ के लोगों से परिचय प्राप्त किया और अपनी प्राथमिकता बताईस विदाई समारोह में शाखा के सहायक प्रबंधक अजय सिंह, राहुल चौहान, अरुण कुमार, दीक्षा रानी, सत्यपाल सिंह, साबिर हुसैन आदि मौजूद थे स उल्लेखनीय है कि अंजली सिंह इससे पहले शेरवा धर्मपुर शाखा में शाखा प्रबंधक थी।

## एक नजर

### झाड़ वाले मंदिर पर वार्षिक भंडारे का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्तियारपुर नवादा स्थित प्राचीन झाड़ वाले मंदिर पर आज वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में महिला और पुरुषों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया इससे पहले मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय कथा का आयोजन किया गया 29 को कथा के समापन के उपरांत 30 को प्रात: हवन आयोजित हुआ जिसमें ग्रामीणों ने आहुति देकर देश की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके उपरांत स्वामी विजय आनंद महाराज ने भंडारे का शुभारंभ कराया जिसमें अमरोहा मुरादाबाद ठाकुरद्वारा बिजनौर आदि दूरदराज से हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर डॉक्टर विकास शर्मा बंटी बिश्नोई नीरज बिश्रोई दीपक बिश्नोई राजेंद्र सिंह साहित बड़ी संख्या में गांव के युवा बुजुर्ग और महिला मौजूद रहे।

### लूट का आरोपी भेजा जेल

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव विलाबाला में हुई लूट का खुलासा करते हुये एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव बिलावाला निवासी सुबोध कुमार पुत्र शीशपाल के घर लगभग छ: महा पूर्व रात्रि में गन पॉइंट पर परिजनों को बंधक बनाकर घर से नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात लूट कर ले गये थे जिसमें भगतपुर पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए लूट में शामिल एक अभियुक्त सैनी कुमार उर्फ सन्नू पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम मनोहर पुर कालोनी थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### 15 मई तक कर सकते है ऑनलाइन आवेदन: मनोज कुमार गुप्ता

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्ष 2025-26 में जनपद मुरादाबाद में 10 दोना मेकिंग मशीन के वितरण किये जाने का मुख्यालय से लक्ष्य प्राप्त हुआ है। दोना मेकिंग मशीन के वितरण हेतु दोना मेकिंग कार्य में लगे परम्परागत एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य कारीगरों को चयन उपरान्त दोना मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरित की जायेगी। लाभार्थियो के पंजीकरण की प्रकिया ऑनलाइन कर दी गयी है। इसे बोर्ड के वेबसाइट पर upkvib.gov.in की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत "ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आबंटन" के नाम से अपलोड किया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15.05.2025 है। प्राप्त आवेदन पत्रों का चयन निर्धारित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा तद्पश्चात् मुख्यालय स्तर से मशीनों की आपूर्ति प्राप्त होने पर चयनित लाभार्थियों को नि:शुल्क मशीन उपलब्ध करायी जाएगी।

### हाजी शरीफउद्दीन पाशा से प्रदेश अध्यक्ष आसपा ने जाना हाल

**कुंदरकी।** क्षेत्र के समाजसेवी शिक्षाविद हाजी शरीफउद्दीन पाशा लंबे समय से बीमार चल रहे हैं आज आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ उनके आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और सुनील कुमार चित्तौड़ लंबे समय बसपा में एक साथ काम कर चुके हैं।

### बहन का तलाक कराकर लौट रहे भाई पर चढ़ा दी कार

**बिलारी ( शाह टइम्स संवाददाता )।** बहन का तलाक करा कर लौटने के दौरान उस पर कार चढ़ा दी। जिससे उसके चोटें आई। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिला संभल के थाना असमोली के गांव गुमसानी निवासी सरफराज पुत्र जरीफ हुसैन ने मुकदमा दर्ज कराया कि 29 अप्रैल को 5:55 बजे वह अपनी बहन का तलाक कराकर लौट रहा था। विपक्षी शाने आलम पुत्र इंतजार, गुल्लू पुत्र इंतजार ग्राम दबका जिला रामपुर भी आ रहे थे। अमरपुर काशी गत्ता फैक्टरी के पास पहुंचने पर उन्होंने कार रोक ली। जब अपनी कार से उतरकर पूछने के लिए वहां गए कि रास्ते में कार क्यों रोकी है। जिस पर उन्होंने कार चलाकर पैर पर चढ़ा दी। जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आई, बाद में वह कार लेकर भाग गए। तहरीर के बाद पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### मजदूरी के पैसे मांगने पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से पीटा

**बिलारी ( शाह टइम्स संवाददाता )।** नगर के मोहल्ला अंसारियान में सिलाई के पैसे मांगने को लेकर जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। इस मामले में तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बिलारी के मोहल्ला अंसारियान के रहने वाले अब्दुल सलाम ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसका बेटा मोहम्मद यासीन अब से 2 साल पहले मोहल्ले के ही नदीम पुत्र सलीम के यहां सिलाई का काम करता था। उसके बेटे यासीन के पैसे नदीम ने नहीं दिए। जिसके कारण सिलाई का काम नदीम के यहां से छोड़ दिया। 23 अप्रैल को शाम 6 बजे नदीम आया। उनके साथ मोहम्मद यामीन, सलीम, नदीम, फहीम आदि थे। सभी के हाथों में लाठी डंडे धारदार हथियार थे। जिन्होंने मारपीट करके बुरी तरह से सभी को घायल कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने सभी पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### बेटी का अपहरण करने के मामले में दो पर मुकदमा

**बिलारी ( शाह टइम्स संवाददाता )।** क्षेत्र के गांव अमरपुरकाशी से बैंक से पैसा निकालने को लेकर आए युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

बिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी नाबालिग बेटी को जिला बदायूं के थाना बिसौली के हरदासपुर का रहने वाला सौरभ पुत्र छत्रपाल सिंह 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे उसकी अनुपस्थिति में बहला फुसलाकर अमरपुर काशी प्रथमा बैंक से पैसा निकलवाने के बहाने झांसा देकर बहला फुसला कर ले गया। वह कई बार थाने गई। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।इस घटना में उसका चाचा कृष्णपाल भी साथ में मौजूद था, मामले में तहरीर दी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। अब एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का किया स्वागत

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो ) ।** मुरादाबाद जागरूक समाज के तत्वाधान में घास मण्डी गंज के पास भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा पहुंचने पर शीतल जल एवं पुष्पवर्षा करके भव्य स्वागत करते हुए भगवान परशुराम जी की जय का जयकारा लगाते हुए ब्राहम्ण परिवारों को गले मिलकर बधाई दी। स्वागत करने वालों में अतुल जौहरी, अभय गुप्ता, शिवम गुप्ता, सतेन्द्र शर्मा, गौरव गुप्ता, शालू मल्होत्रा, महेन्द्र गुप्ता आदि मुख्य रूप से मौजू दहरे।

**उच्च प्राथमिक विद्यालय कुडेसरा, वि.खं. ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**नीलामी सूचना**

उच्च प्राथमिक विद्यालय कुडेसरा विकास खण्ड ठाकुरद्वारा जनपद (मुरादाबाद) के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 02.05.2025 को प्रात: 11 बजे की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहुंचकर नीलामी प्रतिक्रिया में नियुमानुसार प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी की शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

**( सचिव )** **( अध्यक्ष )वि० प्रबंध समिति**

**प्रधानाध्यापक-उच्च प्राथमिक विद्यालय कुडेसरा, वि.खं. ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )**

**उच्च प्राथमिक विद्यालय कालेवाला, वि.खं. ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**नीलामी सूचना**

उच्च प्राथमिक विद्यालय कालेवाला विकास खण्ड ठाकुरद्वारा जनपद (मुरादाबाद) के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन/कक्ष की नीलामी 07 मई 2025 को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। इच्छुक बोलीदाता को अनुमानित मूल्य की दस प्रतिशत धनराशि अनिवार्य रूप से एसएमसी के पास अग्रिम जमा करनी होगी। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

**( सचिव )** **( अध्यक्ष ) मेघराज सिंह वि० प्रबंध समिति**

**प्रधानाध्यापक-उच्च प्राथमिक विद्यालय कालेवाला, वि.खं. ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )**

# IPL के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया

## चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस प्रकाशन ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली, वार्ता।** बच्चों की पत्रिका चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस पत्र प्रकाशन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दौरान पेश किए गए रोबोटिक स्वान का नाम 'चंपक' रखने को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दायर किया है।

आईपीएल की प्रचार गति. विधियों के तहत पेश किए गए एआई संचालित रोबोट स्वान को प्रशंसकों की वोटिंग के बाद 23 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर चंपक नाम दिया गया, जिसको लेकर बच्चों की पत्रिका 'चंपक' के प्रकाशक ने आपत्ति जताई और दावा किया कि यह नाम उसके पंजीकृत और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क का उल्लंघन है। बुधवार को मामले की सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने बीसीसीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को निर्धारित की। न्यायालय ने हालांकि नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए एकपक्षीय अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। वादी की ओर से पेश अधिवक्ता अमित गुप्ता ने दलील दी कि चंपक पत्रिका, जो अपनी पशु-आधारित कहानियों और पात्रों के लिए जानी जाती है, सभी पीढ़ियों के बच्चों के बीच एक घरेलू नाम रही है और बीसीसीआई द्वारा एक व्यावसायिक क्रिकेट आयोजन के दौरान रोबोट इकाई के लिए इस नाम का उपयोग करना स्पष्ट रूप से अनधिकृत उपयोग का मामला बनता है।

# क्षेत्ररक्षण के दौरान रहाणे-अक्षर हुए चोटिल

**■ केकेआर के कप्तान रहाणे को डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान लगी चोट**



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार रात खेले गए मैच में दोनों टीमों के कप्तान अक्षर पटेल और अजिंक्य रहाणे क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए।

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 18वें ओवर में रोवमन पॉवेल के शॉट को रोकने के लिए प्रयास में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका हाथ अभ्यास पिच पर रगड़ गया। इसके बाद फिजियो पैट्रिक फारहाट मैदान पर आए और अक्षर उनके साथ ही मैदान से बाहर चले गए। दूसरी पारी में हालांकि अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए और 23 गेंदों में 43 रन बनाए, लेकिन इस दौरान उनके हाथ में दर्द था। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मेरी हथेली छलांग लगाने के दौरान अभ्यास पिच पर रगड़ने से छील गई। जब भी मैं शॉट मार रहा था तो मुझे दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन अच्छा है कि एसआरएच के साथ होने वाले अगले मैच से पहले हमारे पास 3-4 दिन का ब्रेक है, तब तक उम्मीद है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा। वहीं केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को फाफ डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान चोट लगी। इसके बाद रहाणे तुरंत मैदान से बाहर चले गए और वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आए और उनके हाथ में पट्टी लगी हुई दिखी। शेष बचे नौ ओवरों में सुनील नारायण ने कप्तानी की। मैच के बाद रहाणे ने कहा कि यह चोट उतनी गंभीर नहीं है और मैं जल्दी ही ठीक हो जाऊंगा। केकेआर के एक प्रतिनिधि ने बताया कि शुरुआती आकलन में यह चोट अधिक गंभीर नहीं लग रही है, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो प्रशांत पंचदा बुधवार सुबह इसकी जांच करेंगे। केकेआर का अगला मैच चार मई को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ कोलकाता होना है।

**खेल विशेष**

## जापान में एशियाई खेल 2026 में खेला जाएगा क्रिकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट को बनाए रखा है। ओसीए ने कहा कि खेल कार्यक्रम के बारे में फैसला 28 अप्रैल को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी बोर्ड की 41वीं बैठक में लिया गया। इसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच ऐची प्रीफेक्चर में खेले जाएंगे, लेकिन अभी तक मैच स्थल का चयन नहीं हुआ है। यह चौथी बार है जब क्रिकेट को एशियाई खेलों में शामिल किया गया। इससे पहले 2010 के ग्वांगझू और 2014 के इंचियोन में इन खेलों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया था, लेकिन 2023 के एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया, तो मैचों को टी-20 प्रारूप का दर्जा दिया गया था। वर्ष 2023 में पुरुषों की श्रेणी में भारत ने स्वर्ण, अफगानिस्तान ने रजत और बंगलादेश ने कांस्य पदक जीता था।

## छत्तीसगढ़ ने जीत से की विजय अभियान की शुरुआत

**नारायणपुर, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद अंडर-20 नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप में मेजबान छत्तीसगढ़ ने जीत के साथ अपने विजय अभियान की शुरुआत की। यहां रामकृष्ण मिशन-आश्रम मैदान (आरकेएम) में सुबह खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ ने अंडमान निक. ोबार को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराया। मैच के हीरो स्थानीय खिलाड़ी शशिकांत कुमेटी रहे। शशिकांत ने दो शानदार गोल कर अच्छे फार्म में होने का संकेत दे दिया है। उन्हें प्लेयर आफ दि मैच घोषित किया गया। तुषाल यादव ने भी दो गोल किए। छत्तीसगढ़ मैच में पूरे समय अंडमान निकोबार पर हावी रहा। मैच का पहला गोल खेल के 13वें मिनट में तुषाल यादव ने किया। इसके 12 मिनट बाद शशिकांत कुमेटी ने गोल किया। मध्यांतर के कुछ समय पहले तुषाल यादव ने अपना दूसरा व टीम के लिए तीसरा गोल किया।

## एनआरएआई ने किया सनी थॉमस के निधन पर शोक व्यक्त

**नई दिल्ली, वार्ता।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने बुधवार को महान निशानेबाजी कोच प्रो- सनी थॉमस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। केरल के कोट्टायम जिले के उझवूर में श्री सिंह देव ने कहा कि यह एक ऐसा खालीपन है जिसे भारतीय निशानेबाजी शायद ही कभी भर पाए। प्रोफेसर थॉमस निशानेबाजी में एक संस्था समान थे और भारत आज निशानेबाजी में जो शक्ति बना है, वह उनके निस्वार्थ योगदान के बिना संभव नहीं हो पाता।

# फ्रांसिस्को ने किया उलटफेर ज्वेरेव हुए मैड्रिड ओपन से बाहर

**■ जैकब अलेक्जेंडर को 6-2, 6-3 से हराकर अगले दौर पहुंचे**

**मैड्रिड, वार्ता।** जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरिव को राउंड ऑफ 16 मुक. ाबले में उलटफेर का सामना करना पड़ा है वह अर्जेंटीना फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से हारकर मैड्रिड ओपन से बाहर हो गए है। स्पेन में बिजली संकट के कारण सोमवार को मुक. ाबले नहीं हो पाये थे। पुरुष वर्ग में मंगलवार को खेले राउंड ऑफ 16 के एकल मुकाबले में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरिव अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 5-7, 3-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। जबकि एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य के जैकब मेन्सिक ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। राउंड ऑफ 32 में 11वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने रूस के करेन खाचानोव पर 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की, जबकि पॉल के साथी अमेरिकी फ्रांसेस टियाफो ने फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में कनाडा के गेब्रियल डायलो ने पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए ब्रिटेन के कैमरून नोरी को ढाई घंटे में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। यूनान के स्टेफानोस त्सित्सिपास ने 17वीं वरीयता प्राप्त इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी पर 7-5, 7-6 (3) से जीत हासिल सभी को चौका दिया। जबकि ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-2, 7-6 (3) से हराया। महिला वर्ग की स्पर्धा में, पोलैंड की इगा को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

# बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को टेस्ट मैच में हराया

## मेहदी ने 104 रन बनाकर पांच विकेट भी चटकाए



**चटगांव, वार्ता।** मेहदी हसन मिराज (104 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 111 रन पर समेट कर मुकाबला 106 रनों से जीत लिया। इसी के साथ बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज एक-एक से बराबर कर ली है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर अपने दो विकेट गवां दिए। ब्रायन बेनेट (छह) और निक वेल्च (शून्य) पर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज ने शॉन विलियम्स (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन करन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 30 ओवर में मिराज ने क्रेग एर्विन (25) को आउटकर बांग्लादेश को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर में उन्होंने वेस्ली मधेवेरे (शून्य) को भी अपना शिकार बनाया। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

टी त्सिगा (शून्य), वेलिंग्टन मसाकाट्जा (10) और रिचर्ड एन्गारावा (पांच) रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे के लिए बेन कर्रन ने सर्वाधिक (46) रनों की पारी खेली। जिम्बाब्वे की पूरी टीम दूसरी पारी में 46.2 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। इसी के साथ बांग्लादेश ने वापसी करते हुए दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 21 ओवर में 32 रन देकर पांच विकेट लिए। तैजुल इस्लाम ने 16-2 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट झटके। नईम हसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के सात विकेट पर 291 से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में विन्सेंट मसेकेसा ने तैजुल इस्लाम (20) को आउट जिम्बाब्वे को आठवीं सफलता दिलाई इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तनजीम हसन साकिब ने मेहदी हसन मिराज के साथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर बांग्लादेश को बड़ी बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान मेहदी हसन मिराज ने अपना शतक पूरा किया। वेस्ली मधेवेरे ने साकिब (41) को आउटकर इस साझेदारी का अंत कर दिया। बांग्लादेश का आखिरी विकेट मेहदी हसन मिराज के रूप में गिरा। मेहदी हसन मिराज ने 162 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 104 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश की पूरी टीम ने 129-2 ओवर में 444 रन पर समिट गई। इसी के साथ बांग्लादेश को जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाए गए स्कोर के आधार पर 217 रनों की बढ़त मिल गई है।

# हॉकी इंडिया ने कोहली, भोरे और लालरिनफेला को दी बधाई

**■ नीतिन कोहली, मनोज के उपाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली और मनोज भोरे को उपाध्यक्ष तथा लालरिनफेला को संयुक्त सचिव बनाए जाने पर बधाई दी है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि हमें नितिन कोहली, मनोज भोरे का उपाध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिकाओं और लालरिनफेला का संयुक्त सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति पर स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

भारतीय हॉकी के विकास के लिए उनका विशाल अनुभव और प्रतिबद्धता सभी स्तरों पर खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में सहायक होगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान की गई नियुक्तियाँ प्रशासनिक उत्कृष्टता और दीर्घकालिक दृष्टि पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि कोहली, भोरे और लालरिनफेला भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देंगे, और हम कमांडर आरके श्रीवास्तव को उनकी उचित पदोन्नति के लिए बधाई देते हैं।

उल्लेखनीय है कि केरल में मंगलवार को आयोजित कार्यकारी बोर्ड की 112वीं बैठक में हॉकी इंडिया के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव भी किए गए।

## आजमगढ़ 16 स्वर्ण पदकों के साथ बना ओवरऑल चैंपियन

**लखनऊ, वार्ता।** आजमगढ़ ने 7वीं यूपी स्टेट प्री-टीन, सब जूनियर, जूनियर व 8वीं सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वहीं सुल्तानपुर उपविजेता रही जबकि जौनपुर को तीसरा स्थान मिला। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देशीय हॉल में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के कार्यकारी अध्यक्ष जसपाल सिंह व महासचिव सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने पदक प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंतिम दिन जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय व भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री सोनू सिंह ने भी पदक विजेताओं की हौसला-अफजाई की।

## जुबा संघा, सुदेवा और नोएडा सिटी की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** कविता, सलोनी, गायत्री, खुशबु और कोमल के दर्शनीय गोलों से जुबा संघा फुटबाल क्लब ने नेहरू स्टेडियम परिसर में खेली जा रही वूमेंस प्रीमियर लीग में रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को 5-0 से पीट कर एक और बघी जीत दर्ज की। यहां दिन के पहले मुकाबले में सुदेवा फुटबाल क्लब ने कीर्ति सिंह और देविका तांती के गोलों से सिटी फुटबाल क्लब को 2-0 से हराया। जुबा संघा की पूनम और सुदेवा की कीर्ति को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। अन्य मैचों में हॉप्स और सिग्नेचर फुटबाल क्लब ने क्रमश हंस कैपिटल और ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को 5-0 और 1-0 से हराया। हॉप्स की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच संतोष के दो शानदार गोल रहे। हिमांशु, पूजा और शैलजा ने एक एक गोल किए। सिग्नेचर की प्लेयर ऑफ द मैच लक्ष्मी ने इकलौता गोल दागा।

**● कुलदीप-रिंकु थप्पड़ विवाद ●**

# केकेआर ने किया खारिज

**■ सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हुआ, जिसमें कुलदीप यादव ने रिंकु सिंह को दो बार थप्पड जड़े**



**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और रिंकू सिंह के बीच थप्पड़ विवाद पर अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चुप्पी तोड़ी है और ऐसी किसी घटना को खारिज किया है। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच मंगलवार को खेले गए मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिख रहा था कि कुलदीप ने रिंकू को दो बार थप्पड़ जड़े। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस हैरत में पड़ गए थे कि आखिर किस कारण कुलदीप ने रिंकू को थप्पड़ लगाए। वीडियो देखकर लग रहा था कि कुलदीप ने मजाकिया अंदाज में रिंकू के चेहरे पर दो बार थप्पड़ मारे, जिससे केकेआर का यह बल्लेबाज असमंजस में पड़ गया। भारतीय टीम के लिए साथ खेलने वाले कुलदीप और रिंकू के बीच अच्छी दोस्ती है और यह दोनों खिलाड़ी अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के दौरान खुश नजर आ रहे थे। वीडियो में भी दिखा था कि रिंकू हंस-हंस कर बातें कर रहे हैं, लेकिन तभी किसी बात पर कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मार देते हैं। इसके बाद रिंकू हैरानी भरी नजर से कुलदीप को देखते हैं और फिर से कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मारते हैं। विवाद उठने के बाद केकेआर ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कुलदीप और रिंकू का याराना दिख रहा है। इस वीडियो में दोनों श्लवश का साइन बनाते दिख रहे हैं और एक दूसरे के कंधे पर हाथ डालकर खड़े हैं। वीडियो में आगे दोनों के बीच कितनी गहरी दोस्ती है उसे दर्शाया गया है। मैच की बात करें तो केकेआर ने दिल्ली को 14 रनों से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी है। गत विजेता केकेआर ने अंगक्ष्रष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला हार गई। दिल्ली ने इस सत्र में अब तक कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते।

# चेन्नई ने पंजाब को 191 रन का टारगेट दिया

## युजवेंद्र चहल ने ली आईपीएल 2025 में दूसरी हैट्रिक, सैम करन ने 88 रन बनाए



**चेन्नई, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने आईपीएल के 49वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 190 रन पर ऑलआउट कर दिया है। इस तरह पंजाब को 191 रन का टारगेट मिला है। चेपाक के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

चेन्नई ने 19.2 ओवर में 190 रन पर ऑलआउट कर दिया। युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। चहल के अलावा, अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन को 2-2 विकेट मिले। सैम करन (88 रन) को मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। डेवाल्ड ब्रेविस (32 रन), रवींद्र जडेजा 17 रन बनाए। एमएस धोनी ने 4 बाल पर 11 रन बनाए।

इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने दूसरी बाल पर शिवम दुबे को शशांक सिंह के हाथों कैच कराया। 19वां ओवर डाल रहे युजवेंद्र चहल ने एक ओवर में 4 विकेट झटके। उन्होंने हैट्रिक भी पूरी की। चहल ने नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया।

यहां सैम करन 88 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। सैम करन ने आईपीएल करियर की सबसे बड़ी पारी खेली है। सैम करन ने सूर्यांश शेडगे के ओवर में 26 रन बटोरे। चेन्नई की पारी के 16वें ओवर में करन ने 2 चौका और 2 सिक्स लगाया। उन्होंने पहली बाल पर लान्ग आफ के ऊपर से छक्के के लिए मार दिया।

## नरेंद्र कुमार ने माउंट अन्नपूर्णा पर फहराया तिरंगा

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के हिसार जिले के लमगनी खेड़ा गांव के निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा जिसकी ऊंचाई 8,091 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी माउंटेनियरिंग की यात्रा 2019 में अटल बिहारी इंस्टीट्यूट, मनाली से बेसिक कोर्स से शुरू की थी, और इसे 2021 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग में एडवांस कोर्स से आगे बढ़ाया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के पिता, सुभाष चंद्र, जो एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर के पद से रिटायर हैं, ने हमेशा उनका समर्थन किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा पर तिरंगा झंडा फहराने के साहसी अभियान की शुरुआत 25 मार्च 2025 को की थी और अपनी इस माउंटेनियरिंग को सात अप्रैल को सुबह 10:30 बजे तिरंगा फहराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपने इस अभियान को 12 दिन में पूरा किया, जिसमें उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अन्नपूर्णा पर्वत नेपाल में स्थित है और जो हिमालय पर्वत श्रेणी का हिस्सा है। माउंट अन्नपूर्णा पर हर 1-2 घंटे में हिमस्खलन का खतरा बना रहता है, जो पर्वतारोहियों के लिए जानलेवा भी हो सकता है।

# जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, एक की मौत

## मंगलवार को एसडीएम ने मौके पर जाकर राजस्व कर्मियों से करायी थी नपत

### खेतों में मिले बारह बोर एवं 315 के कारतूस खोखे

**चन्दौसी।** ब्लॉक बनियाखेडा क्षेत्र के अन्तर्गत भीकनुपर गांव में खूनी संघर्ष के दौरान लगभग 15 से अधिक फायर हुये। अधिकांश चले हुए कारतूसों के खोखे जुते हुए खेत में मिले। कारतूसों को फोरेसिंक टीम ने आस-पास तलाशी ली। तो फोरेसिंक टीम को खेतों में लाइसेंसी हथियार से छोडे गये 315 बोर एवं 12 बोर के खोखे मिले।

फोरेसिंक टीम ने खेत में पडे सभी खोखों को कब्जे में ले लिया। कुछ दूरी पर मृतक की चप्पलें भी पडी मिली। वहीं ए0एस0पी0 संभल द्वारा घटना स्थल का पूरा जायजा लिया गया। एक ही परिवार के दो पक्षों के मध्य जमीन चकरोड को लेकर झगडा हुआ है। जिसमें साहब सिंह गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौत हो गयी। वहीं उनका लडका व दो भतीजे भी घायल हो गये। जिनको संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इधर हत्या में प्रयुक्त हुये लाईसेंसी हथियारों को कब्जे में ले लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद विधिक कार्यवाही की जा रही है।





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते खूनी संर्घष में भीकनपुर गांव में चली लाइसेंसी बदूंक व राइफल से एक की मौत एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मामला भीकनपुर रकवा मौहम्मद गंज कस्बे को लेकर था। ग्रामीणों के अनुसार दो परिवारों के मध्य विवाद काफी समय से चल रहा था। दोनों पक्षों की ओर से थाना समाधान दिवस, तहसील दिवस में शिकायतें की गयी थीं। उसी समस्या को लेकर नपत भी की गयी। पर मामला नहीं सुलझ पाया आखिर बुधवार को सुबह साढे सात बजे के करीब जब मनरेगा के मजदूरों द्वारा मिट्टी खोदकर चक रोड डालने का कार्य किया जा रहा था। तभी दूसरा पक्ष भी आ गया। साहब सिंह यादव मौके पर मौजूद थे। सबसे पहले हमलावरों ने झगडे के दौरान अवैध असलाह एवं लाइसेंसी राइफल व तमंचे से फायरिंग की। वहीं फायरिंग के दौरान गोली लगने से साहब सिंह मौके पर ही ढेर हो गये। जब साहब सिंह के परिजन उन्हें बचाने पहुंचे तो उन पर भी फायरिंग की गयी। जिसमें उनका बेटा और दो भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दूसरी ओर अभियुक्त पक्ष की ओर से एक व्यक्ति घायल हुआ है क्यूंकि साहब सिंह के परिवार वाले पहले उसे मार रहे थे जब उसे नहीं छोडा तब दूसरा पक्ष अपने घर से लाइसेंसी हथियार निकालकर लाया और फायरिंग कर दी। यहां बताते चले पहले साहब सिंह के परिवार वाले अजय को मार रहे थे। उसी को लेकर फिर लाईसेंस हथियार निकाले गये। अजय के परिवार वालों का कहना था कि वह अपने खेत में चक रोड न डलवाये क्यूंकि बाद में उसके खेत में भी चक रोड निकलेगा जिससे उसे नुकसान होगा। ग्रामीणों का कहना है कि

मृतक साहब सिंह सीधे स्वभाव का व्यक्ति था। हाथ में लाईसेंसी असलहा देखकर मनरेगा के मजदूर काम छोडकर भाग खडे हुये। ग्रामीणों के अनुसार लगभग लाइसेंसी एवं बदूंक से 20 से अधिक गोलियां चली। जिससे पूरे गांव में भय का माहौल बन गया। खेतों पर काम कर रहे लोग इधर उधर दौड़ने लगे। वहीं कुद ही समय बाद गोली चलाने वाले अपने हथियार लेकर भागने लगे। इधर ग्रमीणों द्वारा थाना कुढ फतेहगढ को सूचना दी गयी। मौके पर एसओ थाना बनियाठेर राधेश्याम शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। वहीं बहजोई से फोरेसिंक टीम मौके पर पहुंच गयी। ग्रामीणों के अनुसार यह जमीनी विवाद काफी समय से चल रहा था क्योंकि कुछ लोगों ने जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था।

उपजिलाधिकारी निधि पटेल ने राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और जमीन की नपत करायी गयी और चक रोड डालने के निर्देश भी दिये थे। बुधवार को मनरेगा मजूदरों द्वारा चक रोड डाला जा रहा था उसी समय इतनी बडी घटना घटित हो गयी चारों ओर खून ही खून दिखाई दे रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मौत के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है मौके पर पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किये हैं। मौके पर एस0ओ0 थाना बनियाठेर राधेश्याम शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। ग्रामीणों के अनुसार यह जमीनी विवाद काफी पहले से चल रहा था। मेढ पर पेड भी लगा रखे थे। उनको लेकर भी विवाद था। संभवत यदि बुधवार को सडक नहीं पडती तो इतनी बडी घटना घटित नहीं होती। प्रात: 8 बजे के लगभग खेत के कई कोनों पर खून पडा हुआ था।

## हाईस्कूल की टॉपर छात्रा का वैश्य एकता मंच ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर क्षेत्र चंदौसी के मौहल्ला राज निवासी सुनील कुमार की बेटी आराध्या वार्ष्णेय द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉप करने के उपलक्ष्य में वैश्य एकता मंच, चंदौसी सम्भल द्वारा कपड़ा व्यवसायी सुनील कुमार के आवास पहुंचकर आराध्या को मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की साथ ही दीपेश वार्ष्णेय (ज्योति स्वीट्स) द्वारा आराध्या के माता पिता को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर लवित वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि हम आशा करते है कि निकट भविष्य में आराध्या अपने नगर चंदौसी का नाम रोशन करे।

आकाश वार्ष्णेय द्वारा कहा गया कि वैश्य एकता मंच द्वारा वैश्य समाज के मेधावी छात्र छात्राओं का समय समय पर इसी प्रकार हौसला अफजाई किया जाएगा। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सागर गुप्ता, बृजेश वार्ष्णेय, तुषार वार्ष्णेय क्रिस्टल कैफे, रितिक वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, इशांक गोयल, लक्की वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, प्रखर रघु वार्ष्णेय, अमर वार्ष्णेय, अनुराग वार्ष्णेय, कृष्ण मोहन वार्ष्णेय, प्रियांशु वार्ष्णेय, हर्ष, गर्पित व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री का चन्दौसी में हुआ भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा का सुभाष रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री गुलाब देवी के आवास पर ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने तिलक,पटका एवम राधाकृष्ण की मूर्ति भेंटकर किया अभिनंदन। तदुपरांत पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा एवम भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने रायसती मंदिर परिसर में आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवम पुष्प अर्पित करके किया।

पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा श्रीराम,श्रीकृष्णा और कल्कि भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार है जिनके रूप में भगवान बहुत से कार्य लेकर चलते हैं। इसलिए इन अवतारों में भी बाकायदा जन्म लेते हैं, कई वर्षो तक पृथ्वी पर रहते हैं,पृथ्वी लोक पर कई जन्मों से अपनी प्रतिक्षा कर रहे भक्तों को दर्शन देते हैं,उनके अपने-अपने कर्म अनुसार उनके साथ रहते हैं। और तरह-तरह की लीलाएं करते हैं वही भगवान परशुराम श्रीहरि के छठे अवतार है।शस्त्र और शास्त्रों के दिव्य ज्ञान के लिए पूजनीय भगवान परशुराम की कृपा से हर किसी का जीवन साहस और सामर्थ्य से परिपूर्ण रहे।

बनियाखेड़ा ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने कहा भगवान परशुराम के जीवन से साहस, आक्रामकता, युद्ध कौशल, शांति, धैर्य, विवेक जैसे गुणों से भरपूर व्यक्तित्व की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श जीवन को अपनाने के लिए हमें मिलकर युवा पीढ़ी को प्रेरित करना होगा, तभी समाज मे न्याय व समता की स्थापना होगी। इस दौरान राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह,पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह,रामौतार शर्मा,सतीश अरोरा,डॉ टीएस पाल,मनोज कठेरिया,नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल,रोहित दिवाकर,देवेंद्र मोनु, अंकित जैन, सुधीर मल्होत्रा, विकास वार्ष्णेय, अभिनव शर्मा,संजय बंसल, राजकुमार यादव, संजय सांख्यधर,सभासद तरुण नीरज, उर्मिला कनोजिया आदि मौजूद रहे।

## कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि: पूर्व डिप्टी सीएम



**चन्दौसी।** भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में चन्दौसी पधारे पूर्व उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 डा0 दिनेश शर्मा मीडिया से मुखातिब हुए। पूर्व डिप्टी सीएम ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले का कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों को किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जायेगा। इसके लिए भारत सरकार ने मोर्चाबंदी शुरु कर दी है। आज का भारत नया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी कभी अपने शब्द नहीं भूलते, वह हमेशा याद रखते हैं कि उन्होंने जनता से क्या वायदा किया है। पीएम मोदी के कार्यकाल में राममंदिर निर्माण, तीन तलाक कानून का लागू होना, कश्मीर से धारा 370 हटना जैसे बड़े निर्णय शामिल हैं। डा0 शर्मा ने कहा कि संभल में भगवान विष्णु का कल्कि अवतार होना है। यह सौभाग्य संभल को प्राप्त हुआ है। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा में स्थानीय कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है। कोई भी कार्यकर्ता संगठन में स्वयं को छोटा-बड़ा न समझें, भाजपा में सभी कार्यकर्ता एकसमान हैं।

## आजाद समाज पार्टी की मंडलीय स्तर की हुई समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नगर में आजाद समाज पार्टी की मंडलीय स्तर की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप सुनील कुमार चित्तौड़ पूर्व विधायक प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी काशीराम मौजूद रहे प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने मंडल की समीक्षा कर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को आगामी होने वाले त्रिस्तरीय चुनाव में मंडल में मजबूती से लड़ने के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता पंचायत स्तर के चुनाव में जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत में अपनी मजबूती दिखाएंगे यही से आपके संगठन में मजबूती आएगी उन्होंने कहा कि आने वाला समय आजाद समाज पार्टी का है भाई चंद्रशेखर आजाद के साथ सभी वर्गों के लोग जुड़ रहे हैं वह शोषित वंचित अपेक्षित मजदूर कमजोर वर्गों की आवाज सड़क से लेकर लोकसभा में मजबूती के साथ उठा रहे समीक्षा बैठक का संचालन मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर सुमित कुमार ने किया। समीक्षा बैठक में मंडल प्रभारी रमेश कुमार गंधर्व, पुष्पेंद्र राणा बाबू शराफत अली, एडवोकेट सचिन चौधरी राजकुमार यादव हाजी चांद बाबू मालिक , वाहन सिंह यादव, एडवोकेट देवेंद्र बैंसला रविंद्र कुमार टिंकू मनोज सागर सत्येंद्र कुमार चंद्रपाल सिंह भीमसेन हल्दिया आसिफ इकबाल एडवोकेट आरिफ मलिक जितेंद्र सिंह प्रदीप सिंह हसमत खान हाजी मेहंदी शुभम कुमार के अलावा मुरादाबाद मंडल के अमरोहा बिजनौर मुरादाबाद रामपुर और सम्भल जिलों के 250 कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में मौजूद रहे।

## भीकनपुर हत्याकांड में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्रांतर्गत चकरोड को लेकर एक ही परिवार के लोगों में जमकर खून खराबा हुआ। लाइसेंसी हथियार से सुभाष यादव के परिवार द्वारा गोलियां चलाई गई। हालांकि सुभाष यादव ने अपने बेटे को बचाने के लिए गोली चलाने की बात कही। मौके पर खोकों से साफ जाहिर होता है कि कम से कम 12-13 फायर हुए हैं। पुलिस टीम को मौके पर जिंदा व चले हुए कारतूस के खोके मिले हैं। हालांकि एक व्यक्ति दूसरे पक्ष का भी घायल हुआ है। मृतक साहबसिंह यादव के परिवार से उसकी पत्नी शीला देवी, बेटा सेलेन्द्र, बेटा जसवीर, बेटी नीलम, खुशबू, पूनम, मंजू, भाई राजवीर व महेश आदि घायल हुए हैं। इनकी ओर से चार लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

## एक नजर

### जरा सी लापरवाही ने आधा दर्जन लोगों का जीवन संकट में डाला, बाल-बाल बची जान

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कार चालक की जरा सी लापरवाही ने आधा दर्जन लोगों का जीवन संकट में डाल दिया गनीमत रही की कार सवार लोगों को ज्यादा चोट नहीं आई प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उनके घर वापस भेज दिया गया। घटना मंगलवार दोपहर 11:30 बजे के आसपास की है अमरोहा से आकिल रजा का परिवार उनके माता पिता पत्नी भाई और बच्चे कांठ से आगे किसी शादी समारोह में जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी



मुख्तियारपुर नवादा की पुलिया पर पहुंची रसूलपुर की ओर से आ रही काले रंग की स्कार्पियो ने उसे टक्कर मार दी जिससे गाड़ी तीन चार पलटे खाती हुई साइड में चली गई आसपास खड़े लोगों ने गाड़ी को सीधा कराकर घायलों को बाहर निकाला। उस वक्त इत्तेफाक से पुलिस भी वहां मौजूद थी बताया गया कि पुलिस वाले भी गाड़ी की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। टक्कर मारने वाला कार सवार पेली बिश्नोई की ओर मौका देखकर भाग गया। जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी अमरोहा से पहुंचे और सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार करा रहे लोगों को अपने साथ अमरोहा ले गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ी को थाने ले जाकर खड़ा कर दिया। दुर्घटना स्थल पर पुलिस ने ग्राम प्रधान की मदद से स्पीड ब्रेकर बनवाएं। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष कर रहे मंडलीय मंत्री डॉ शिव शंकर यादव ने बताया कि घायलों की हालत में सुधार होने पर थाने जाकर लापरवाह गाड़ी चालक के खिलाफ तहरीर दी जाएगी। आकिल रजा पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के अमरोहा जिला अध्यक्ष बताए गए हैं।

### 13 दिन बाद भी पटरी पर नहीं लौटी बिजली

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तेरह दिन बीत जाने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र की बिजली पटरी पर नहीं लौटी है जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बतादे की 18 अप्रैल की रात को आई आंधी तूफान के कारण बिजली की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी जिसके कारण कांठ सलेमपुर और रसूलपुर आदि बिजली घरों की बिजली गुल हो गई विभाग ने दो-तीन दिन की मस्कत के बाद सलेमपुर और कांठ बिजली घर को चालू कर दिया लेकिन रसूलपुर बिजली घर को चालू करने में एक हफ्ते का समय लग गया इसके बाद गांव की बिजली बहाल करने की कयावद शुरू हो गई लेकिन तूफान के 13 दिन बाद भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विद्युत सप्लाई पूरी तरह से नहीं मिल पा रही है जिससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और किसानों के सामने भी सिंचाई का संकट पैदा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने विद्युत व्यवस्था सुचारू कराए जाने की मांग की है।

### दो दिवसीय योगासन खेल प्रतियोगिता का पुलिस अधीक्षक नगर ने कराया शुभारंभ

**कांठ( शाह टाइम्स )** दो दिवसीय जिला स्तरीय चतुर्थ प्रतियोगिता का शुभारंभ आज क्रिप्टन पब्लिक स्कूल में पुलिस अधीक्षक नगर रणविजय सिंह और प्रधानाचार्य डॉक्टर सी वी जदली द्वारा दीप प्रज्वलित करके कराया गया। जिला योगासन स्पोर्ट्स संगठन मुरादाबाद के सचिव



योगाचार्य महेंद्र सिंह बिश्नोई व अध्यक्ष खिलेंद्र सिंह ने बताया कि योग को योगासन स्पोर्ट्स के रूप में प्रोत्साहित करने हेतु जिला योगासन स्पोर्ट्स संगठन द्वारा दो दिवसीय चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 30 अप्रैल से किया गया है। जिसका गुरुवार को समापन होना है इसमें जिले के लगभग 15 से 20 विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किए जाने की उन्होंने संभावना जताई। बताया कि सब जूनियर गर्ल्स व बॉयज एज ग्रुप के जूनियर व सीनियर एज ग्रुप के खिलाड़ी इसमें प्रतिभाग करेंगे जिसमें ट्रेडिशनल योगासन आर्टिस्टिक योगासन रिदमिक योगासन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होनी है। उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिताओं का मकसद खिलाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा को जगाना बताया।

### धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल के प्राचीन शिव मंदिर पर बुधवार को धूमधाम से समस्त क्षेत्र के ब्राह्मणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर ,भगवान परशुराम की जयंती मनाई।

धूप दीप प्रज्वलित कर, विधिवत तरीके से पंडित पीयूष कुमार शर्मा द्वारा हवन पूजन कर भगवान परशुराम जयंती का शुभ आरंभ किया, जिसमें आनेको ब्राह्मणों ने अपने-अपने विचार रखते हुए ,सभी ब्राह्मणों से एकजुट रहने का आह्वान , एवं दुख ,सुख में शामिल होने पर विशेष बल दिया, प्राचीन शिव मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशांत शर्मा, चंचल शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, लालमणि शर्मा, नरेश शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, विशाल शर्मा, कमलेश शर्मा, अमित शर्मा, जतिन गॉड, विवेक शर्मा, आलोक शर्मा, रिशु शर्मा, सीताराम शर्मा, गगनदीप शर्मा आदि ब्राह्मण उपस्थित रहे।



# लाइब्रेरीज सिर्फ पुस्तकों के संग्रहण स्थल नहीं, बल्कि नवाचार के केंद्र: डॉ. पाटिल

## टीएमयू के केंद्रीय पुस्तकालय व नॉलेज रिसोर्स सेंटर की ओर से आधुनिक पुस्तकालयों के लिए सशक्तिकरण कौशल पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुंबई एजुकेशनल ट्रस्ट के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नासिक के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संभाजी जी. पाटिल ने कहा, वर्तमान युग के पुस्तकालय केवल पुस्तकों के संग्रहण स्थल नहीं हैं, बल्कि वे ज्ञान, नवाचार, सतत अधिगम, समाज-निर्माण और सामुदायिक विकास के जीवंत केंद्र बन चुके हैं। हम सभी पुस्तकालयकर्मी इस केन्द्र की धुरी हैं। उन्होंने अपने सारगर्भित व्याख्यान में आधुनिक पुस्तकालयों में हो रहे डिजिटल परिवर्तन, डेटा प्रबंधन, उपयोगकर्ता अनुभव और सूचना साक्षरता जैसे समसामयिक विषयों पर भी गहन प्रकाश डाला। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को डिजिटल संसाधन प्रबंधन यूजर इंगेजमेंट, ई-लाइब्रेरी टूल्स के संग-संग अन्य नवीनतम तकनीकी प्लेटफॉर्म्स के प्रयोग और क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। दूसरी ओर डॉ. पाटिल ने टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन से उनके कार्यक्रम में शिष्टाचार भेंट की। डीन ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. संभाजी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के केंद्रीय पुस्तकालय एवम् नॉलेज रिसोर्स सेंटर की ओर से आधुनिक पुस्तकालयों के लिए सशक्तिकरण कौशल पर आयोजित हैंड्स ऑन ट्रेनिंग सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रशिक्षण के दौरान सवाल-जवाब का दौर भी चला। अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डॉ. संभाजी जी. पाटिल ने पुस्तकालय पेशे को लाइफ लॉन्ग लर्निंग प्रोफेशन बताते हुए स्पष्ट किया कि जब तक पुस्तकालय स्टाफ स्वयं सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रहेंगे, तभी वे उपयोगकर्ताओं को प्रभावी रूप से ज्ञान उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित किया कि वे केवल सूचना के संरक्षक ही नहीं, बल्कि संवाद के माध्यम, नवाचार के वाहक और टीम नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाएं। डॉ. पाटिल बोले, भविष्य के पुस्तकालयों को वर्चुअल असिस्टेंट, इंटरफेस डिजाइन, ऑटोमेशन और ब्लॉकचेन जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर न केवल परिवर्तन को स्वीकारना होगा, बल्कि उसमें नेतृत्व भी करना होगा। टीएमयू की पुस्तकालयाध्यक्षा डॉ. विनीता जैन ने कहा, इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम अपने ज्ञान को अद्यतन करें। अपने कौशल को सशक्त करें और अपने पुस्तकालयों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करें। इस सत्र का प्रमुख उद्देश्य पुस्तकालय कर्मचारियों को डिजिटल युग की बदलती मांगों के अनुरूप आधुनिक तकनीकी दक्षताओं, सूचना प्रबंधन कौशलों और व्यावसायिक क्षमताओं में दक्षता प्रदान करना था, ताकि वे उपयोगकर्ताओं को अधिक प्रभावी, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर सकें।





## उदारवाद की वापसी

कनाडा में उदारवाद की बयार बहने के पुख्ता संकेत मिले हैं। तय हो चुका है कि लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी पीएम बन रहेंगे। चुनाव में बड़ी जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और ये बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमे. रिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है। हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा। और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा याद रहे कि जनवरी में जब जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के पीएम पद से इस्तीफा दिया, तो ऐसा लगा कि उनकी लिबरल पार्टी चुनावी हार की ओर बढ़ रही है। उस समय लिबरल्स जनमत सर्वेक्षणों में कंजर्वेटिव्स से 25 अंकों के अंतर से पीछे चल रहे थे। लगभग एक दशक से सत्ता में कायम ट्रूडो आर्थिक मुश्किलों के बीच काफी अलोकप्रिय हो गए थे। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलीवर ने अपना प्रचार अभियान बदलाव के आह्वान पर खड़ा किया। उन्होंने लिबरल पार्टी के लगातार तीन कार्यकालों को कनाडा के लिए गंवा दिया गया दशक करार दिया। फिर भी, चौंकाने वाला उलट-फेर हुआ और लिबरल पार्टी ने 28 अप्रैल के राष्ट्रीय चुनाव में कंजर्वेटिव्स को चित कर दिया। ट्रूडो के इस्तीफे और चुनावों के बीच दो अहम घटनाक्रमों ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। पहला, अर्थशास्त्री और पूर्व बैंकर मार्क कार्नी को ट्रूडो का उत्तराधिकारी चुना गया। कार्नी ने खुद को ट्रूडो की विरासत से अलग किया और चुनाव को कनाडा की अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़ी करने के अवसर के रूप में पेश किया। दूसरा, कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ट्रम्प की बयानबाजी ने कनाडाई राष्ट्रवाद को जगा दिया और कार्नी की चुनावी लड़ाई को एक नया मकसद और परिप्रेक्ष्य प्रदान किया। कार्नी ने ट्रम्प की धमकियों और सीमा शुल्क के सामने डटकर खड़े होने के लिए खुद को सबसे लायक उम्मीदवार के रूप में पेश किया। एक सफल केंद्रीय बैंकर, जिन्होंने 2008-09 की मंदी के दौरान कनाडा और ब्रेक्सिट के उथल-पुथल भरे वर्षों के दौरान ब्रिटेन का नेतृत्व किया, के रूप में उनके रिकॉर्ड ने भी उनके मकसद में सहयोग किया। नतीजे कंजर्वेटिव्स के लिए पूरी तरह निराशाजनक नहीं हैं। प्राथमिक आंकड़ों के मुताबिक, पार्टी ने 41.4 फीसदी वोट हासिल किए, जो 2011 में 39.6 फीसदी वोट के साथ उन्हें मिले बहुमत से ज्यादा है, लेकिन इस बार यह हुआ कि प्रगतिशील और उदारवादी वोट लिबरल्स के पक्ष में ज्यादा एकीकृत ढंग से एकजुट हुए।

## यह एकता और एकजुटता का समय



यह एकता और एकजुटता का समय है, यह वह समय है, जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है, जिसे वह कभी न भूल पाए, पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी, यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए, फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है, हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए, देश इंतज़ार कर रहा है।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# नफरत की ये आग कब बुझेगी?







**आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया, परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिस तरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया**

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छह सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई जिसमें 27 लोगों की जानें चली गईं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेज़िस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम, जम्मू, वाराणसी, अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिए।

निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मक़सद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फ़ौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्ख़ियों में रहा वह था पहलगाम के नज़ाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नज़ाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नज़ाकत अली उर्फ़ नज़ाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यत: छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नज़ाकत अली के साथ अपनी फ़ोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ़ करते हुए लिखा कि आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नज़ाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि 'जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था'।

इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसाई नज़ाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नज़ाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नज़ाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। ग़ौरतलब है कि कश्मीर के नज़ाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नज़ाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की ज़िम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नज़ाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई।

बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाए गए पर्यटकों की जान बचाने के मक़सद से एक हमलावर की बंदूक़ के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गए। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौक़े पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाक़ों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी ज़रूरी चीज़ें मुफ्त मुहैय्या कराईं। और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफ़ी हद तक पुन: पटरी पर आ सका।

आतंकवादियों ने अपनी तरफ़ से भारतीय समाज में नफ़रत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर घाटी में जगह जगह आतंकवाद विरोधी प्रदर्शन हुए। पूरे देश की मस्जिदों में पहलगाम हमले पर अफ़सोस जताया गया तथा इस अमानवीय कृत्य को शैतानी व राक्षसी कृत्य बताया गया। हर तरफ़ से एक स्वर में हमले में मारे गए लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर हज़ारों ऐसी पोस्ट डाली गईं जिससे देश में भाईचारे क़ायम रह सके। विपक्ष ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के भी कई ज़िम्मेदार नेताओं ने इस संकटकालीन घड़ी में देश में एकजुटता बनाए रखने की अपील की। परन्तु इन सब के बावजूद देश में कई स्थानों पर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुईं जो नि:संदेह आतंकियों के घिनौने मक़सद को पूरा करने वाली थीं। कई जगह उपद्रवियों द्वारा कहीं अल्पसंख्यक समाज के किसी व्यक्ति पर हमला किया गया तो कहीं उनके व्यवसायिक ठिकाने को आग लगा दी गई। कहीं बाज़ारों में रेहड़ी पटरी दुक. ानदारों को उनका धर्म देखकर दुकान नहीं लगाने दी गई तो कहीं ऐसी ठिकानों की पहचान कर वहां तोड़ फोड़ की गई। हद तो यह है कई जगह छात्रावास में रह रहे कश्मीरी छात्रों को मारा पीटा गया व उन्हें अपमा. नित किया गया। ऐसी शर्मनाक घटनाओं की भी जितनी निंदा की जाये वह कम है। यह देश के अमन पसंद लोगों को सुनिश्चित करना होगा कि आख़िर नफ़रत की ये आग कब बुझेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# कुरान और गीता के तुलनात्मक अध्यनन से हिंदुओं और मुसलमानों को करीब लाने की पहल

**एम. हसन**

**दोनों धर्मों के लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है कुरान और भगवद् गीता के तुलनात्मक अध्यनन से पता चलता है कि दोनों में महत्वपूर्ण समानताएं हैं**

एम हसन लिखते हैं कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय एक दूसरे से उलझे हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दोनों पवित्र ग्रंथों में समानताओं को प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। दोनों ग्रंथों में बहुत सी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से पढ़ाए जाने की जरूरत है

पूर्वी यूपी के अंबेडकर नगर (अकबरपुर) जिले से ताल्लुक रखने वाले कोम स्थित प्रमुख शिया विद्वान डॉ. सैयद अब्बास मेहदी हसनी ने पवित्रा ग्रंथों कुरान और भगवद गीता के तुलनात्मक अध्ययन में दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर पर कापफी जोर दिया है।

डॉ. मेहदी ने इस मुद्दे पर अपनी डॉक्टरेट थीसिस की है जिसका शीर्षक है: सामाजिक और तर्कसंगत पहलुओं पर जोर देते हुए कुरान और गीता की पोषणकारी शिक्षा का विकास। कघेम के शिया इस्लामी विद्वता में प्रचलित अनूठी व्याख्याओं और दृष्टिकोणों पर विचार करते हुए, डॉ. मेहदी ने एकेश्वरवाद, नैतिक आचरण, ईश्वर की अवधारणा, कर्म की भूमिका और आत्मा की प्रकृति जैसे विषयों पर चर्चा की है और दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर दोनों को उजागर किया है। अल-मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट शोध डॉ. हिम्मत बनारी के मार्गदर्शन में अलीगढ़ स्थित डॉ. अली मोहम्मद नकवी और दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. बलराम शुक्ला के सलाहकार के रूप में पूरा किया गया है। डॉ. मेहदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय आपस में भिड़े हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दो पवित्र ग्रंथों में समानता को प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों ग्रंथों में काफी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है। कुरान और भगवद्गीता के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि दोनों में अहिंसा, करुणा और एक ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण समानताएं हैं, साथ ही ईश्वर की प्रकृति, पैगम्बरों की भूमिका और पुनर्जन्म की अवधारणा पर उनके दृष्टिकोणों में प्रमुख अंतर भी उजागर होते हैं, कुरान सख्त एकेश्वरवाद पर जोर देता है और गीता हिंदू ढांचे के भीतर ईश्वर की अधिक बहुमुखी समझ की अनुमति देती है। अपने पीएचडी थीसिस के सारांश में डॉ. मेहदी कहते हैं, पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयाम में कुरान की आयतों और गीता के बिंदुओं के दिशा-निर्देशों का उपयोग करके और दोनों के बीच तुलना का प्रश्न एक ऐसा विषय है जिसका अभी तक अध्ययन नहीं किया गया है। डॉ. मेहदी आगे लिखते हैं कि इस अध्ययन में पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयामों में वर्णनात्मक-विश्लेषणात्मक और तुलनात्मक पद्धति से व्यक्त करने के बाद इन दोनों पुस्तकों की शिक्षाओं की तुलना की गई है और फिर उनके समान और भिन्न बिंदुओं का वर्णन किया गया है। विद्वान ने संस्कृत में गीता की एक चौपाई ली है और उसे फारसी भाषा में समझाने के बाद कुरान की उपलब्ध आयतों से उसकी तुलना की है। डॉ. मेहदी लिखते हैं, समानताएं और अंतर स्वाभाविक हैं क्योंकि गीता की कई शिक्षाएं दिव्य ग्रंथों की तरह हैं। कई हिंदू विद्वान दावा करते हैं कि गीता एक ईश्वरीय रहस्योद्घाटन है। सामाजिक आयामों में, रिश्तेदारों के प्रति विनम्रता जैसे सम्मानजनक व्यवहार और शिक्षक और संरक्षक के संबंध में विनम्रता और शासकों के संबंध में न्याय और सामान्य जनता के संबंध में समानता और अहिंसा आदि के प्रति सम्मान। बौद्धिक आयाम में तर्कसंगत शिक्षा के कारक जैसे विचार का सिद्धांत और अंतर्दृष्टि का सिद्धांत। उनका कहना है कि इनमें से कई सामग्रियों में मात्रात्मक और गुणात्मक लाभ हैं, जिन्हें इस चर्चा में बताया गया है। उनका कहना है कि इन शिक्षा प्रथाओं को चुनने और उनका अभ्यास करने से व्यक्तियों के सामाजिक और बौद्धिक आयामों का विकास हो सकता है। यह फारसी भाषा में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एकेश्वरवाद पर दोनों ग्रंथ मूल रूप से एक सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास को बनाए रखते हैं, हालांकि प्रत्येक परंपरा में इसकी अलग-अलग व्याख्या की गई है। इसी तरह नैतिक शिक्षाओं में दोनों ईमानदारी, न्याय, दान और आत्म-नियंत्रण जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कर्म के महत्व पर दोनों ग्रंथ कर्म की अवधारणा को स्वीकार करते हैं, जहां कर्मों के इस जीवन और उसके बाद के परिणाम होते हैं। इसी तरह दोनों समाज में अपने कर्तव्य या 'धर्म' का पालन करने की अवधारणा पर जोर देते हैं और दोनों आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए ध्यान, प्रार्थना और आत्म-चिंतन जैसी प्रथाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि हिल स्प्रिंग इंटरनेशनल स्कूल, मुंबई के प्रमित गोयल ने अपने शोधपत्र में लिखा है। 'भगवद् गीता और कुरान: एक ही सिक्के के दो पहलू उन्होंने लिखा है दोनों धर्मग्रंथ अपनी शिक्षाओं के संदर्भ में कई समानताएं साझा करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, कई बार व्यक्तियों और समूहों द्वारा अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए इनका दुरूपयोग किया गया है और इनका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया है। ऐसी दुनिया में जहां कठोर सांस्कृतिक दृष्टिकोण हमें विभाजित करते हैं, अन्य धार्मिक ग्रंथों को आंख मूंदकर नजर. अंदाज करने के बजाय उन्हें समावेशी और खुले दिमाग से देखना जरूरी है। गीता और कुरान से सहानुभूति, प्रेम और नैतिक जिम्मेदारी जैसी सर्वोत्तम शिक्षाओं को अपनाने से व्यक्ति एक खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है और एक अधिक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज में योगदान दे सकता है। यह पेपर इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च के मई-जून 2024 संस्करण में प्रकाशित हुआ था।

**( एम हसन हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ के पूर्व ब्यूरो प्रमुख हैं )**

# श्रमिक शक्ति ही है भारत की असली ताकत

## श्रमिकः देश की रीढ़, मगर हाशिये पर



**वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है, श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजबूरी पर काम करवाता है**




प्रतिवर्ष 1 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फैंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में 'मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुन: उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं लेकिन इनको क्रियान्वित करने की फुर्सत ही किसे है?

जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्राय: जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। जहां तक मजदूर संगठनों के नेताओं द्वारा मजदूरों के हित में आवाज उठाने की बात है तो आज के दौर में अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र का हिस्सा बने हैं, जो विभिन्न मंचों पर श्रमिकों के हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं लेकिन अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु कारखानों के मालिकों से सांठगांठ कर अपने ही साथियों के हितों पर कुल्हाड़ी चलाने में संकोच नहीं करते।

ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है 'श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा। विड़म्बना है कि देश की स्वाधीनता के सात दशक से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। हालांकि इस संबंध में एक सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं इससे नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए।

# रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है।

### पाचन तंत्र होगा मजबूत

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी।

### इम्युनिटी

आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं।

### वेट लॉस

अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है।

### डिटॉक्सिफिकेशन में लाभकारी

आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है।

### स्किन व बालों के लिए फायदेमंद

आंवला में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन को ग्लोइंग बनाता है और झुर्रियों को भी कम करता है। वहीं यह पिगमेंटेशन और मुंहासों को भी दूर करता है।

# पाक के लिए अगले 36 घंटे भारी

## सूचना मंत्री ने आधी रात प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा- हमारे पास है खुफिया जानकारी

**इस्लामाबाद।** पाक ने दावा किया है कि भारत उसके खिलाफ अगले 24-36 घंटों में सैन्य कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार देर रात को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया। तरार ने कहा कि उन्हें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि भारत पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में हमेशा इसकी निंदा की है। तरार ने कहा कि अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हम हर कीमत पर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे। तरार ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक भरोसेमंद, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की खुले तौर पर पेशकश की है, लेकिन भारत जांच से बचना चाहता है और टकराव का रास्ता अपनाना चाहता है। इसके पूरे क्षेत्र में विनाशकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इससे सतर्क रहना चाहिए। आगे होने वाले किसी भी खतरे और परिणाम की जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत की होगी। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी सोमवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत जल्द ही हमला करने वाला है। आसिफ ने कहा कि आने वाले दिन बेहद अहम होंगे। चीन और सऊदी अरब समेत कई खाड़ी मुल्क दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को रोकने की कोशिश में लगे हैं। अगर कुछ होगा तो 2-3 दिन में ही होगा। हालांकि अगले ही दिन आसिफ ने अपने बयान से पीछे हटते हुए कहा था कि उनकी बात को गलत तरीके से पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है।



"हमें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि पाक पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है, पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है। अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा

...अताउल्लाह तरार, सूचना एवं प्रसारण मंत्री पाकिस्तान

## हार्वर्ड में पाक कॉन्फ्रेंस पर गहराया विवाद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टिट्यूट में हाल ही में पाकिस्तान कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें पाकिस्तान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 27 अप्रैल को हुआ था, जिसका आयोजन पाकिस्तानी छात्रों ने किया था। इस इवेंट के 4 दिन पहले यानी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इस कॉन्फ्रेंस को लेकर भारतीय स्टूडेंट्स ने हार्वर्ड के सामने अपना विरोध और आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद हार्वर्ड ने खुद को इस मुद्दे से अलग कर लिया और अपनी वेबसाइट से कार्यक्रम की जानकारी हटा दी। दो भारतीय स्टूडेंट सुरभि तोमर और रश्मिनी कोपरकर ने हार्वर्ड एडमिनिस्ट्रेशन और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को लेटर लिखा।

## पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न स्थिति पर नजर रख रहा अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि वह पूरी स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमेरिका पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में और अधिक तनाव रोकने के लिए पाकिस्तान और भारत दोनों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में हैं और उनसे संघर्ष से बचने का आग्रह कर रहे हैं। अमेरिका घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है और जिम्मेदार कूटनीति को प्रोत्साहित करता है। सु ब्रूस ने दुनिया की नजरों के सामने शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए सहयोग की जरूरत पर जोर देते हुए पाकिस्तान के हालिया बयानों पर भी बात की।

## केन्या प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा

**नई दिल्ली।** केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीनियर डायरेक्टिग स्टाफ (सेना) ब्रिगेडियर रिचर्ड वम्बुआ म्वान्जिया ने किया। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा सेनाओं के बीच परस्पर सहयोग को बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत भी की।

# पाक ने यूएनएससी के बयान से रेजिस्टेंस फ्रंट का नाम हटाया

**विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में माना, इस आतंकी संगठन ने ली थी पहलगाम हमले की जिम्मेदारी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बयान से हटाने के लिए दबाव बनाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को सीनेट में दिए गए एक बयान में यह कबूल किया है। पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। सुरक्षा परिषद के निंदा बयान के लिए सभी सदस्यों की सहमति जरूरी है। इशाक डार ने बताया कि अमेरिका ने हमले की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि जब मुझे प्रस्ताव की कॉपी मिली तो उस पर केवल पहलगाम लिखा था और हमले के लिए द रेजिस्टेंस फोरम का नाम लिया गया था। डार ने आगे कहा कि हमने इस पर विरोध जताया और कहा कि पाकिस्तान तब तक इस पर हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक पहलगाम के साथ जम्मू और कश्मीर का भी जिक्र नहीं किया जाता और टीआरएफ का नाम हटाया नहीं जाता। डार ने कहा कि उन्होंने 2 दिन तक इस प्रस्ताव पर साइन नहीं किया। इस दौरान कई देशों से उन्हें फोन आते रहे। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल को पहलगाम हमले को लेकर निंदा प्रस्ताव जारी किया था। इशाक डार ने कहा कि उन्हें दुनियाभर के नेता यह कहते रहे कि निंदा प्रस्ताव न आने से पाकिस्तान के ऊपर आरोप आएगा। इसके बावजूद वे अपने दावे पर अड़े रहे। आखिरकार पाकिस्तान के दबाव में प्रस्ताव में बदलाव किया गया और फिर यूएनएससी ने 25 अप्रैल को बयान जारी किया। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। इसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें भारत और नेपाल के लिए संवेदना जताई गई थी। यूएनएससी ने कहा कि आतंकवाद हर रूप में अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है और हमले के दोषियों व उनके समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। हालांकि इस बयान में द रेसिस्टेंस फ्रंट, जिसने हमले की



जिम्मेदारी ली थी उसका जिक्र नहीं किया गया था। पहलगाम हमले का मकसद गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाकर सांप्रदायिक तनाव भड़काना था, लेकिन बयान में इसका भी जिक्र नहीं था।

## हाई अलर्ट के कारण कुछ देर बंद रही इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की पट्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात कारणों से हाई अलर्ट जारी होने के कारण इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईआईएपी) की हवाई पट्टी को मंगलवार देर रात कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। सूत्रों ने यहां बताया कि 29 अप्रैल को विमानन अधिकारियों द्वारा अज्ञात कारण से हाई अलर्ट जारी किए जाने के बाद हवाईपट्टी पर लगभग 33 मिनट के लिए आउटबाउंड फ्लाइट संचालन को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार मंगलवार रात 11:48 बजे से मध्यरात्रि के बाद 12:21 बजे तक रहे इस अलर्ट के दौरान तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों, दुबई जाने वाली पीके-233, दोहा जाने वाली पीके-287 और दुबई जाने वाली पीए-210 के लिए बोर्डिंग प्रक्रिया शुरू नही की गई। अधिकारियों ने अभी तक इस बाबत कोई भी विवरण जारी नही किया है कि यह हाई अलर्ट किस प्रकार का था। संक्षिप्त व्यवधान के बावजूद सभी आने वाली उड़ानें निर्धारित समय अनुसार संचालित हुई और अलर्ट हटने के तुरंत बाद हवाईपट्टी पर विमानों का संचालन फिर से शुरू हो गया। इस बीच अधिकारियों ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि इस दौरान सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस अस्थाई निलंबन के कारण यात्री चितित हो गए।

# चीन में जंगल की आग को लेकर ऑरेंज अलर्ट

**बीजिंग।** चीनी अधिकारियों ने बुधवार को 1 से 5 मई तक चीन के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए दूसरा सबसे उच्च-स्तर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय वन और चरागाह अग्नि-नियंत्रण कमान कार्यालय एवं आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने पांच दिवसीय छुट्टी के दौरान हेबेई, शांक्सी, हेनान और शांक्सी के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए अलर्ट जारी किया। आपातकालीन प्रबंधन विभागों को आग के खतरों में बदलावों की बारीकी से निगरानी करने, प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया उपायों को लागू करने, आग के स्रोत नियंत्रण को लगातार सुदृढ़ करने, आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने और जंगल की आग के जोखिम से प्रभावी ढंग से निपटने का निर्देश दिया गया है। जंगल और चरागाह की आग आठ प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। गौरतलब है कि एमईएम के एक अधिकारी यांग जुडोंग ने 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर कहा, आम तौर पर, हाल के वर्षों में चीन की जंगल की आग में कुल मिलाकर गिरावट देखी गई है। आंकड़े बताते हैं कि, 1950 से 1989 तक, चीन में सालाना औसतन लगभग 16,000 जंगल की आग की घटनाएं हुईं। वही, 1990 से 2020 के बीच यह संख्या घटकर लगभग 6,000 रह गई और 2021 से यह और भी कम होकर प्रति वर्ष 1,000 से भी कम रह गई है। यांग के अनुसार, जंगल और घास के मैदानों में आग लगने के कारणों को प्राकृतिक और मानवीय कारकों में वर्गीकृत किया जाता है, जिनमें से 90 प्रतिशत से अधिक आग लगने की घटनाओं के लिए मानवीय कारक जिम्मेदार होते हैं। चीन में जंगल की आग के लिए चार-स्तरीय चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे उच्च है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला है।



## कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, सैनिक की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया की नौसेना का एक हेलिकॉप्टर देश के उत्तरी क्षेत्र में आपूर्ति मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक सैनिक की मौत हो गई। नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि बेल 412 ईपी हेलिकॉप्टर मालागाना शहर के पास उड़ान भरने के तुरंत बाद पानी में गिर गया। चालक दल के तीन अन्य सदस्यों को बचा लिया गया है और उनका इलाज चल रहा है। कोलंबियाई रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स के सहयोग से दुर्घटना की जांच के लिए एक निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

## राहतः 12 दिन बाद खोला गया राष्ट्रीय राजमार्ग

**कराची।** पाकिस्तान ने खैरपुर में बाबरलोई बाईपास पर 12 दिनों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग खोल दिया गया है, जिससे लंबे समय से फंसे ट्रकों को गुजरने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले सिध में छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने सरकार के साथ सफल वार्ता के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार बाईपास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आमिर नवाज वरैच और सिध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अली मेटलो ने कहा कि संघीय सरकार से आश्वासन मिलने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया। ऑल सिंध लॉयर्स एक्शन कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों वकीलों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शहरों में धरना दिया और प्रस्तावित परियोजना को रोकने की मांग की। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रस्तावित छह नहर परियोजना बड़े विवाद का विषय बन गई थी, क्योंकि आलोचकों ने तर्क दिया था कि इस परियोजना से प्रांत की पहले से ही दुर्लभ जल आपूर्ति और भी कम हो जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस्लामाबाद ने किसी भी हित धारक की चिताओं को ध्यान में नहीं रखा और मनमाने ढंग से परियोजना शुरू करने का फैसला किया। विरोध तब से शुरू हुआ जब संघीय सरकार ने चोलिस्तान रेगिस्तान की सिंचाई के लिए सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण की योजना की घोषणा की-एक परियोजना जिसे इसके मुख्य सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और अन्य सिध राष्ट्रवादी दलों ने खारिज कर दिया है।

## बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत मिली

**ढाका।** बांग्लादेश के ढाका हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत दे दी। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने चिन्मय दास के वकील के हवाले से बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है तो चिन्मय को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मयपर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवम्बर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## नाइजीरियाः आतंकवादी हमले में 14 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के बोर्नो प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक समुदाय के कम से कम 14 लोग मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बोर्नो के चिबोक स्थानीय सरकारी क्षेत्र के प्रमुख मोडू मुस्तफा ने संवाददाताओं को बताया कि आतंकवादियों के प्रतिबंधित बोको हराम समूह के सदस्य होने का संदेह है।


उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सोमवार शाम दिवंगत नेता के लिए तीसरे दिन की प्रार्थना के दौरान चिबोक समुदाय पर हमला किया, अंधाधुंध गोलीबारी की और सात शोक संतप्त लोगों को मार डाला। स्थानीय स्वयंसेवकों ने हताहतों की तलाश में आसपास के इलाकों की तलाशी ली, जिसके बाद मंगलवार को सात और शव बरामद किए गए। मुस्तफा के अनुसार, हिसा के दौरान कई अन्य लोग गोली लगने के कारण अलग-अलग स्तर पर घायल हुए हैं। हमले के दौरान कई घरों में आग लगा दी गई। स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। गौरतलब है कि बोको हराम अपने सहयोगी समूह इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रांत के साथ मिलकर पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामी राज्य स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। आतंकी समूहों ने लेक चाड बेसिन के दूसरे देशों में भी अपने हमले बढ़ा दिए हैं।

# यूएस के साथ रिश्ते खत्म, विश्वासघात से चोट पहुंचीः कार्नी

**ओटावांकनाडा।** लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी प्रधानमंत्री बन रहेंगे। आम चुनाव में उनकी पार्टी ने 343 में से 169 सीटें जीती हैं। ये 172 सीटों के बहुमत के आंकड़े से सिर्फ 3 सीटें कम है। उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी सिर्फ 144 सीटें जीत सकी। पार्टी का नेतृत्व कर रहे पियरे पॉलिवर अपनी सीट भी नहीं बचा सके। वे लिबरल पार्टी के उम्मीदवार से हार गए। लिबरल पार्टी की जीत के बाद उसे चौथी बार सत्ता में बने रहने का मौका मिला है। ए पार्टी के लिए बहुत बड़ा जनादेश है, क्योंकि दो महीने पहले तक पार्टी के जीतने की उम्मीदें बहुत कम थीं। पॉपुलैरिटी रेटिंग में पार्टी को सिर्फ 25 प्रतिशत पॉइंट मिले थे। जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और यह बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमेरिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है।

हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा। जब मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा, तो यह दो स्वतंत्र देशों के आगे के संबंधों पर चर्चा करने के लिए होगा। हम एक नया रास्ता तय करेंगे, क्योंकि यह कनाडा है और यहां जो होगा, वह हम तय करेंगे। हमें बड़े सपने देखने होंगे और उससे भी बड़े काम करने होंगे। हमें वो काम करने होंगे जो पहले असंभव माने जाते थे, और ऐसी गति से करने होंगे, जो इसके पहले की पीढ़ियों ने नहीं देखी होगी। अमेरिका ने जो हमसे छीना है, उससे कहीं ज्यादा हम खुद को दे सकते हैं।

## मार्क कार्नी और ट्रम्प ने मुलाकात पर सहमति जताई



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने निकट भविष्य में व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे से मुलाकात करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कार्नी ने सोमवार को संसदीय चुनावों में जीत के एक दिन बाद मंगलवार को ट्रम्प से बात की, जिसमें अमेरिका की ओर से टैरिफ और विलय की धमकियों जैसे मुद्दे हावी रहे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों नेतओं ने कनाडा और अमेरिका के स्वतंत्र, संप्रभु राष्ट्रों के रूप में एक साथ काम करने के महत्व को लेकर सहमति जताई। कार्नी ने अपने विजय भाषण के दौरान कई बार कनाडा-अमेरिका संबंधों का उल्लेख किया, कनाडावासियों को अमेरिका के साथ चल रही शत्रुता से उत्पन्न चुनौतियों की याद दिलाई।